राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 190
लखनऊ, शनिवार 14 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी महिलाओं की समस्या 10

घोसी चीनी मिल को बंद करने की किसी में ताकत नहीं : शर्मा 03

# लखनऊ, वाकई मुस्कुराइए आप लखनऊ में हैं का प्रतीक : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में 1,519 करोड़ की लागत से निर्मित ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ वासियों को बधाई देते हुए कहा कि लखनऊ अब वाकई 'मुस्कुराइए कि आप लखनऊ में हैं' का प्रतीक बन चुका है। आज लखनऊ वास्तव में नए भारत के आधुनिक शहर की पहचान के रूप में तेजी से उभर रहा है। राज्य की राजधानी ऐसी होनी चाहिए, जहां नागरिकों का जीवन सुगम हो और वे आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंच सकें।

इसी उद्देश्य से लखनऊ में आधुनिक कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर को तेजी से विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जब लखनऊ की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने का विचार सामने आया, तब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसका विजन प्रस्तुत किया। उसी विजन को आगे बढ़ाते हुए लखनऊ डेवलपमेंट अथॉरिटी ने इस परियोजना को मूर्त रूप दिया। यह पहल लखनऊ में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुगम, व्यवस्थित एवं आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे शहरवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना के लिए राज्य सरकार ने अलग से बजट नहीं दिया। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शहर में सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कर उसका समुचित उपयोग किया और उसी से संसाधन जुटाकर करीब 1,519 करोड़ रुपये की लागत से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पूरा किया।

ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत आईआईएम रोड से पक्का पुल तथा पक्का पुल डालीगंज से समता मूलक चौराहा तक के दो चरणों का निर्माण पूरा हो चुका है, जिनका लोकार्पण किया गया। समता मूलक चौराहा से शहीद पथ और शहीद पथ से किसान पथ तक के तीसरे व चौथे चरण का शिलान्यास भी किया गया है। परियोजना 28 किलोमीटर लंबी है, जो राजधानी के विभिन्न हिस्सों को जोड़ते हुए यातायात को सुगम बनाएगी। ग्रीन कॉरिडोर के बनने से राजधानी में यातायात व्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा। पहले जिन मार्गों पर लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में 45 मिनट से एक घंटा लग जाता था, अब वही दूरी सिर्फ10 से 15 मिनट में तय हो सकेगी।



### बुलडोजर सिर्फ तोड़ने का ही नहीं बल्कि विकास की नयी जमीन भी तैयार करता है : राजनाथ

गोमती नदी के तट पर झूलेलाल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में लखनऊ के सांसद और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ का तेजी से विकास हो रहा है और डिफेंस सेक्टर में भी लखनऊ पीछे नहीं है। यहां ब्रह्मोस मिसाइल, एयरो स्पेस से संबंधित काम भी हो रहा है और यह शहर देश की सुरक्षा व्यवस्था से गहराई से जुड़ा हुआ है। पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल से पाकिस्तानी आतंकवादियों को ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया गया कि वे दोबारा ऐसी हरकत करने की सोच भी नहीं सकते हैं। अगर सोचा तो वे इस बार के हमले से कभी उबर भी नहीं पायेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ साजिश रचने वाले हर मंसूबे को करारा जवाब दिया जाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि लोग मुख्यमंत्री योगी को बुलडोजर बाबा के नाम से जानते हैं। इन्होंने माफियाओं को सही कर दिया, लेकिन बुलडोजर सिर्फ तोड़ने का ही नहीं बल्कि विकास की नयी जमीन भी तैयार करता है। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले कुछ ही दिनों में लखनऊ से कानपुर की यात्रा महज 35 से 45 मिनट में पूरी हो सकेगी।

**रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री ने लखनऊ को दी बड़ी सौगात**

### लखनऊ को मिला ग्रीन कॉरिडोर का बड़ा तोहफा

लखनऊ के नागरिकों के लिए यातायात को आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। डालीगंज पक्का पुल से समतामूलक चौराहे तक लगभग 7 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 299 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है, जो ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के दूसरे चरण का हिस्सा है। इस सड़क के शुरू होने से शहर के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी और ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा। इसके साथ ही ग्रीन कॉरिडोर के तीसरे और चौथे चरण की लगभग 1,220 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया गया है। आने वाले समय में आईआईएम रोड से पक्का पुल व समतामूलक चौराहा होते हुए पिपराघाट, शहीद पथ और आगे किसान पथ तक करीब 28 किलोमीटर लंबा ग्रीन कॉरिडोर तैयार होगा, जो लखनऊ की लाइफलाइन बनकर शहरवासियों के लंबे समय से देखे जा रहे सपने को साकार करेगा।

# भारतीय जहाजों को होर्मुज से सुरक्षित निकलने का जल्द मिलेगा रास्ता : ईरानी राजदूत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



पश्चिम एशिया संकट के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य में फंसे भारतीय जहाजों को जल्द ही ईरान की ओर से सुरक्षित निकलने का रास्ता मिलने के संकेत मिले हैं। भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने शुक्रवार को संवाददाताओं के इस सवाल पर कि क्या ईरान भारतीय जहाजों के होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित निकलने का रास्ता देगा, उन्होंने कहा कि इस बारे में जल्द ही अच्छी खबर मिलेगी। उन्होंने कहा कि हां , क्योंकि भारत हमारा मित्र देश है। आपको दो तीन घंटे में ही पता चल जायेगा। हमारा मानना है कि ईरान और भारत के इस क्षेत्र में समान हित हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार रात को ईरान के राष्ट्रपति के साथ पश्चिम एशिया की स्थिति और चिंताओं के बारे में बात की थी। प्रधानमंत्री ने बातचीत के दौरान ईरान सहित इस क्षेत्र में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में भारत की प्राथमिकता पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने ऊर्जा और सामान के निर्बाध आवागमन के महत्व पर भी ज़ोर दिया। विदेश मंत्री डा एस जयशंकर ने भी अपने ईरानी समकक्ष के साथ विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की थी। ईरानी राजदूत ने दोहराया कि ईरान युद्ध नहीं चाहता, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर अपनी रक्षा के लिए तैयार है। श्री फतहाली ने यहां कहा कि हम कई बार घोषणा कर चुके हैं कि हम युद्ध नहीं चाहते, लेकिन यदि जरूरत पड़ी तो हम उसके लिए तैयार हैं। हमने अमेरिका के साथ वार्ता फिर से शुरू की थी, लेकिन उन वार्ताओं को बातचीत को मेज पर ही बाधित कर दिया गया और नष्ट कर दिया गया।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,60,840/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,47,450/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,20,670/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,80,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### वाराणसी स्टेशन पर 3.54 करोड़ का सोना बरामद

**वाराणसी।** वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर राजधानी एक्सप्रेस से जीआरपी थाना के पुलिसकर्मियों ने दो किलो से अधिक सोना बरामद किया है। यह सोना अफ्रीका से बांग्लादेश होते हुए भारत पहुंचा था। इस मामले में जीआरपी ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जीआरपी कैंट थाना के निरीक्षक राजोल नागर ने बताया कि महाराष्ट्र के सातार के निवासी बालासो व पूना निवासी तेजस को कैंट रेलवे स्टेशन से जीआरपी पुलिस ने राजधानी एक्सप्रेस से पकड़ा है। यह दोनों शातिर किस्म के हैं और अक्सर इस तरह की घटनाओं में लिप्त पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि दोनों युवकों के पास से दो किलो से अधिक सोने के बिस्किट बरामद किये गए। बरामद सोने की कीमत करीब 3.54 करोड़ के करीब बताई जा रही है। इनके पास से बरामद सोना विशेष रूप से अफ्रीकी सोना है। पूछताछ में पता चला कि दोनों अफ्रीका से बांग्लादेश के रास्ते सोना लेकर भारत पहुंचे थे। जीआरपी पुलिस दोनों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

### ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने को लेकर विपक्ष की तरफ से दोनों सदनों में दिया गया प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए तृणमूल कांग्रेस की अगुवाई में विपक्ष ने शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा में प्रस्ताव दिया गया है। यह प्रस्ताव 10 पन्नों का है जिसमें 7 कारण गिनाए गए हैं, जिनके आधार पर ज्ञानेश कुमार को हटाने का प्रस्ताव किया गया है। लोकसभा में दिए गए नोटिस में सदन के 130 सदस्यों और राज्यसभा में दिए गए नोटिस में 63 सदस्यों के हस्ताक्षर हैं। नियमों के कारण लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

### बीएसएफ ने बरामद किया संदिग्ध पैकेट

**जम्मू।** भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास शुक्रवार को जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक संदिग्ध पैकेट बरामद किया है। माना जा रहा है कि इस पैकेट को एक पाकिस्तानी ड्रोन से गिराया गया था। शुरुआती जानकारी के अनुसार यह पैकेट सीमावर्ती इलाके में मिला, जिसका वजन लगभग 1500 ग्राम था। बीएसएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीमों ने तुरंत इलाके को सुरक्षित कर लिया। बरामद किए गए पैकेट को अभी तक खोला नहीं गया है। एहतियाती कदम के तौर पर पैकेट को मेटल डिटेक्टर से उचित जांच के बाद ही खोला जाएगा, ताकि इसके अंदर किसी भी विस्फोटक सामग्री की संभावना को पूरी तरह से खत्म किया जा सके।

# पश्चिम एशिया युद्ध की स्थिति में भी अफवाह फैला रही कांग्रेस : मोदी

**एजेंसी, गुवाहाटी।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट और युद्ध की परिस्थितियों के बीच भी कांग्रेस देश में अफवाह फैलाने और गलत जानकारी देने में लगी हुई है, जबकि भाजपा-एनडीए सरकार किसानों के हित, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पूर्वोत्तर के विकास के लिए लगातार काम कर रही है।

प्रधानमंत्री ने यहां एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान असम के लिए 19,500 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह किसी भी स्थिति में देश के प्रति ईमानदार नहीं है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को सलाह देते हुए कहा कि वे 15 अगस्त को लाल किले से दिए गए भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के भाषण को सुनें। मोदी ने कहा कि पंडित नेहरू ने एक बार कहा था कि उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच चल रहे युद्ध की वजह से भारत में महंगाई बढ़ रही है। आज कांग्रेस के लोग भी उसी तरह देश को गुमराह करने में लगे हैं, जबकि वैश्विक संकटों का असर दुनिया के कई देशों पर पड़ता है।

पीएम ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले केंद्र में दस वर्षों तक कांग्रेस की सरकार रही और उस दौरान किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के रूप में लगभग 6.5 लाख करोड़ रुपये मिले थे। इसके विपरीत पिछले दस वर्षों में उनकी सरकार ने किसानों को एमएसपी के रूप में 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया है।

**पीएम ने 19,500 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण**

### किसान हित सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा-एनडीए सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए व्यापक काम किया है। आज भारत न केवल अपनी ऊर्जा जरूरतों का ध्यान रख रहा है, बल्कि वैश्विक ऊर्जा संतुलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। असम सहित पूरे पूर्वोत्तर में गैस पाइपलाइन और ऊर्जा बुनियादी ढांचे के विकास पर अभूतपूर्व निवेश किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों के लिए भी बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ ही समय पहले पूरे देश के करोड़ों किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे भेजी गई है। यह योजना देश के छोटे और सीमांत किसानों के लिए सामाजिक सुरक्षा का मजबूत माध्यम बन चुकी है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले ऐसे लाखों किसान थे जिनके पास न तो मोबाइल फोन था और न ही बैंक खाता, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में वित्तीय समावेशन के माध्यम से करोड़ों किसानों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है और अब तक उनके खातों में सवा चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि भेजी जा चुकी है। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि जब प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना शुरू की गई थी, तब कांग्रेस के लोगों ने इसके बारे में झूठ फैलाया था। कांग्रेस के नेता किसानों से कहते थे कि चुनाव के बाद उन्हें यह पैसा वापस करना पड़ेगा, लेकिन आज यह योजना किसानों के लिए एक मजबूत सहारा बन चुकी है। मोदी ने कहा कि भाजपा-एनडीए सरकार के लिए किसान हित सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# रसोई गैस की किल्लत को लेकर लोक सभा में हंगामा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



हंगामे के कारण लोक सभा की कार्यवाही शुक्रवार को निर्धारित समय से पहले ही स्थगित कर दी गयी। इजरायल-अमेरिका और ईरान युद्ध के कारण देश में रसोई गैस की हो रही किल्लत को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही पहली बार पूर्वाह्न 11 बजे स्थगित की गयी। सदन के दोपहर 12 बजे समवेत होते ही विपक्षी सदस्य फिर हंगामा करने लगे जिस पर कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

अपराह्न दो बजे कार्यवाही फिर शुरू होने पर विपक्षी सदस्यों ने इसी मुद्दे पर फिर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 की अतिरिक्त अनुदान मांगों पर हुई चर्चा का जवाब दिया। इसके बाद अतिरिक्त अनुदान मांगे पारित की गयीं और इससे जुड़ा विनियोग विधेयक 2026 भी पारित किया।

इसके बाद भी विपक्षी सदस्यों का हंगामा जारी रहा, जिस पर पीठासीन कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले पूर्वाह्न 11 बजे अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू किया, विपक्षी सदस्य अपने-अपने स्थानों पर खड़े होकर रसोई गैस की किल्लत को लेकर हंगामा करने लगे। श्री बिरला ने प्रश्न काल चलाने का प्रयास किया, लेकिन सदस्यों ने शोर शराबा तेज कर दिया। श्री बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा कि मैंने पहले भी आग्रह किया था और आज फिर आग्रह कर रहा हूं कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है। आज भी विपक्ष के आठ सदस्यों के प्रश्न सूचीबद्ध हैं। प्रश्नकाल में जहां देश के मुद्दे, क्षेत्र की समस्याएं उठायी जाती हैं, वहीं सरकार की जवाबदेही भी होती है, इसलिए मेरा आपसे आग्रह है कि सदस्यों को अपने प्रश्न रखने का मौका दें। यह संसदीय मर्यादा नहीं है। प्रश्नकाल के बाद आप जो मुद्दे उठाना चाहते हैं, उठा सकते हैं लेकिन प्रश्नकाल बाधित करना करना ठीक नहीं है। हंगामा कर रहे सदस्यों को कड़ी चेतावनी देते हुए श्री बिरला ने कहा कि सदन की मेजों पर चढ़ोगे तो कार्रवाई होगी। संसद परिसर में हो या सदन में हो, संसद की पवित्रता, मर्यादा और प्रतिष्ठा बनाये रखने की जिम्मेदारी सबकी है और जिस तरीके का आचरण आप कर रहे हैं, वह ठीक नहीं है। हंगामा कर रहे सदस्यों से उन्होंने कहा कि क्या वे सदन नहीं चलाना चाहते हैं। सदस्यों ने जब उनकी बात नहीं मानी और हंगामा जारी रखा, तो उन्होंने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**तीन बार कार्यवाही करनी पड़ी स्थगित**

# यूपी के 2.15 करोड़ किसानों को मिली किसान सम्मान निधि की सौगात

**अन्नदाताओं के खाते में पहुंचे 4335.11 करोड़ रुपये**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी से देश के करोड़ों किसानों के बैंक खातों में श्प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त डीबीटी के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की। उत्तर प्रदेश के 2.15 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हुए, जिनके खातों में 4335.11 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी गई।

कृषि भवन के सभागार में प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सैकड़ों किसानों की उपस्थिति में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और प्रधानमंत्री का प्रदेश के अन्नदाताओं की ओर से आभार व्यक्त किया।

किसानों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत उत्तर प्रदेश के किसानों को अब तक की सबसे बड़ी आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। 21वीं किस्त तक प्रदेश के किसानों को 94,668.58 करोड़ रुपये मिल चुके थे और आज की 22वीं किस्त के बाद यह कुल धनराशि बढ़कर 99,003.69 करोड़ रुपये हो गई है।

# लाल किला संग्रहालय से नेताजी की टोपी गायब

**एजेंसी, कोलकाता।**



**प्रपौत्र चंद्र कुमार बोस का आरोप**

स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रपौत्र चंद्र कुमार बोस ने आरोप लगाया है कि नई दिल्ली स्थित लाल किला परिसर में बने नेताजी संग्रहालय से नेताजी की ऐतिहासिक टोपी गायब है।

बोस ने गुरुवार रात एक्स पर दावा किया कि उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों के साथ नेताजी की टोपी स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सौंपी थी। प्रधानमंत्री ने 23 जनवरी 2019 को नेताजी की जयंती के अवसर पर इस टोपी को लाल किले के नेताजी संग्रहालय में प्रदर्शित किया था। उन्होंने बताया कि हाल ही में ओपन प्लेटफॉर्म फॉर नेताजी से जुड़े एक अधिवक्ता नवीन बामेल संग्रहालय गया। वहां जिस कांच के बॉक्स में टोपी रखी गई थी वह खाली मिला। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों से पूछने पर भी इसकी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी।

चंद्र कुमार बोस ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि नेताजी देश के सबसे बड़े नेताओं में से एक हैं और इस तरह किसी ऐतिहासिक धरोहर का गायब होना बेहद शर्मनाक है। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप कर जांच कराने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि यह ऐतिहासिक वस्तु वास्तव में खो गई है तो इसे एक तरह का अनादर माना जाएगा।

इसी बीच, उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पार्थिव अवशेष जापान से भारत लाने की मांग वाली एक याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिकाकर्ता आशीष राय की ओर से याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी।

# ईरानी सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई जीवित हैं लेकिन शायद घायल हैं : डोनाल्ड ट्रम्प

**एजेंसी, वाशिंगटन।**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि ईरान के नवनियुक्त सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई जीवित तो हैं, लेकिन अमेरिका-इजरायल गठबंधन के साथ युद्ध के शुरुआती दिनों में वे संभवतः घायल हो गए थे।

स्थानीय मीडिया फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में श्री ट्रम्प ने कहा कि वे किसी न किसी रूप में जीवित जरूर हैं, लेकिन उनकी स्थिति जख्मी होने की हो सकती है। श्री खामेनेई को पिछले रविवार को उनके पिता अली खामेनेई की मृत्यु के बाद नया सर्वोच्च नेता चुना गया था। श्रीअली खामेनेई युद्ध के शुरुआती हमलों में मारे गए थे। विशेष बात यह है कि श्री मोजतबा ने अभी तक कोई सार्वजनिक या वीडियो उपस्थिति दर्ज नहीं कराई है। गुरुवार को उनका पहला आधिकारिक संदेश भी एक टीवी एंकर द्वारा पढ़कर सुनाया गया था। अपने संदेश में उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखने की कसम खाई और अमेरिकी सैन्य अड्डों की मेजबानी करने वाले पड़ोसी देशों को हमले की चेतावनी दी।

# यूपी सरकार ने खरीदा नया अगस्ता वेस्टलैंड एडब्ल्यू 139 हेलीकॉप्टर

### क्रैश सेफ्टी सिस्टमयुक्त हेलीकॉप्टर खराब मौसम व रात में भी उड़ने में है सक्षम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सुरक्षित यात्रा के लिए अब प्रदेश सरकार के विमान बेड़े में इटली की लियोनार्डो कंपनी का सबसे एडवांस अगस्ता वेस्टलैंड एडब्ल्यू 139 हेलीकॉप्टर शामिल किया गया है। इसकी बेहतरीन उन्नत एवियोनिक्स, क्रैश सेफ्टी सिस्टम समेत अन्य खूबियों की वजह से राज्य सरकार ने इसे खरीदा है।

मुख्यमंत्री योगी इसी हेलीकॉप्टर से राम नगरी अयोध्या गए थे। तभी से यह हेलीकाप्टर चर्चा में आया।

विशेषज्ञों के अनुसार हेलीकाप्टर में वैसे तो कई खासियत हैं, जो अन्य हेलीकाप्टरों में से इसे विशेष बनाती हैं। अगर इसके उड़ाने की बात करें तो इसे सामान्य पायलट नहीं उड़ा सकता है बल्कि अगस्ता हेलीकॉप्टर के संचालन के लिए विशेष दक्षता वाले कैप्टन की जरूरत होती है। इसलिए राज्य सरकार ने तीन पायलट कैप्टन अमित कुमार भूटानी, कैप्टन अक्षय जायसवाल और कैप्टन राजेश कुमार शर्मा को इटली भेजकर अगस्ता वेस्टलैंड एडब्ल्यू 139 की टेक्निकल और इसके अन्य पहलुओं को समझने की लिए ट्रेनिंग दिलाई है। इसमें इंस्ट्रूमेंट ट्रेनिंग के साथ क्रिटिकल कंडिशन में इमरजेंसी लैंडिंग कराने का भी प्रशिक्षण शामिल है। सरकार ने इन तीनों पायलट के प्रशिक्षण पर 50.40 लाख रुपये खर्च किए हैं। अगर अगस्ता वेस्टलैंड एडब्ल्यू 139 हेलीकॉप्टर की रफ्तार की बात करें तो यह अन्य सामान्य हेलीकाप्टरों से काफी तेज गति से उडता है। इसकी अधिकतम रफ्तार लगभग 310 किमी प्रति घंटा है। यह हेलीकाप्टर खराब मौसम और रात में भी उड़ान भरने में सक्षम है, जिससे इमरजेंसी हालात में भी इसका उपयोग संभव है।

**सीएम योगी की अयोध्या यात्रा के बाद चर्चा में आया हेलीकॉप्टर**

**सहूलियत** — होटल मालिकों को बार-बार लाइसेंस रिन्यू कराने की नहीं होगी जरूरत

# एफएसएसएआई के पंजीकरण नियम में हुआ बदलाव

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और कारोबार को आसान बनाने के लिए कई नियमों में बदलाव को मंजूरी दी है। इन सुधारों का उद्देश्य खाद्य कारोबारियों के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाना और लोगों को सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराना है।

इसके तहत भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के पंजीकरण और लाइसेंस को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। अब पहले की तरह बार-बार लाइसेंस रिन्यू कराने की जरूरत नहीं होगी। नए नियम के तहत पंजीकरण और लाइसेंस की वैधता स्थायी कर दी गई है। इससे कारोबारियों का समय, पैसा और कागजी काम कम होगा।

एफएसएसएआई की विज्ञप्ति के अनुसार नए नियमों के अनुसार 1 अप्रैल 2026 से पंजीकरण की टर्नओवर सीमा भी बढ़ा दी गई है। पहले 12 लाख रुपये तक के कारोबार पर पंजीकरण होता था, जिसे बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वहीं, 50 करोड़ रुपये तक के कारोबार के लिए राज्य स्तर का लाइसेंस होगा और इससे ज्यादा कारोबार पर केंद्रीय लाइसेंस लेना होगा। इससे छोटे और मध्यम कारोबारियों को नियमों का पालन करना आसान होगा।

सरकार ने नियमों में स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को भी राहत दी है। जो रेहड़ी-पटरी वाले नगर निगम या टाउन वेंडिंग कमेटी में पंजीकृत हैं, उन्हें अब एफएसएसएआई में अलग से पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी। उन्हें स्वतः पंजीकृत माना जाएगा। इससे देश के 10 लाख से ज्यादा स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को फायदा मिलेगा।

इसके अलावा अब जोखिम के आधार पर निरीक्षण (रिस्क-बेस्ड इंस्पेक्शन) की नई व्यवस्था लागू की जाएगी यानी जिन कारोबारियों का रिकॉर्ड अच्छा होगा, उनके यहां बार-बार निरीक्षण नहीं होगा। निरीक्षण भोजन के प्रकार, पिछले रिकॉर्ड और ऑडिट के आधार पर किया जाएगा।

सरकार का कहना है कि इन सुधारों से खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी और कारोबारियों के लिए नियम आसान बनेंगे, जिससे देश में खाद्य उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा।

fssai
Food Safety and Standards Authority of India

**नए नियम के तहत पंजीकरण व लाइसेंस की वैधता की गई स्थायी**

# 199 जोड़ों ने थामा एक दूजे का हाथ

▸ विधायक, डीएम व भाजपा जिला अध्यक्ष ने नव दंपतियों को दिया आशीर्वाद

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत एम.डी.बी.सिंह इंटर कॉलेज तरबगंज के परिसर में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सफलतापूर्वक, सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद के विकासखण्ड व नगरपालिका परिषद/नगर पंचायतों को मिलाकर कुल 242 जोड़े पंजीकृत थे जिसमें से 199 जोड़ों का विवाह पूरी रीतिरिवाजों के साथ सम्पन्न कराया गया। इसमें 12 जोड़ों का इस्लामिक पद्धति से मौलवी साहिबे आलम द्वारा निकाह कराया गया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक तरबगंज प्रेम नरायन पाण्डेय, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, उपजिलाधिकारी तरबगंज विश्वामित्र, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, ने विवाह मण्डप पर बैठे जोडों को आर्शीवाद देते हुए वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएँ दी।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में किसी भी गरीब की बेटी के हाथ पीले होने से नहीं बचेंगे वो चाहे किसी जाति व धर्म की हों। सामूहिक विवाह हेतु हमारी सरकार रूपये 60000/- प्रति जोडे के दम्पतियों के खाते में दिया जाता है। शेष उपहार सामग्री दी जाती है जिसमें चांदी की पायल बिछिया, स्टील का डिनर सेट, पांच लीटर का प्रेशर कुकर, कन्या हेतु दो जोड़े कपड़े, वर हेतु एक जोड़ा कपड़ा, दीवाल घड़ी, सौन्दर्य प्रशासन किट आदि गृहस्थी का सम्मिलित होता है। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख तरबगंज, जिलाध्यक्ष भाजपा, खण्ड विकास अधिकारी तरबगंज, नवाबगंज, बेलसर तथा नगर पंचायत अध्यक्ष तरबगंज सहित सभी संबंधित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भू-माफिया से पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



मामला नगर पंचायत क्षेत्र थाना कटरा बाजार अर्जुन हाता जनपद गोंडा का है जहां के निवासी संजीव कुमार गुप्ता पुत्र सुरेंद्र कुमार ने एक प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक को देते हुए विपक्षी पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रार्थी के बैनामे की भूमि गाटा संख्या 1173 /0.097 पर अपने दबंगई के दम पर विपक्षी अजय कुमार व हनुमंत कुमार पुत्र गण सुरेंद्र कुमार कब्जा करने पर आमादा इतना ही नहीं विपक्षीगण द्वारा निर्माण कराए जा रहे मैरिज हॉल जो की पूरी तरह से अवैध है उसका गंदा पानी पीड़ित के गाटे की भूमि पर जा रहा है और पीड़ित के घाटे की भूमि से ही दबंग अपना रास्ता निकालने पर आमादा है। पीड़ित ने अपने प्रार्थना पत्र में यह भी कहा कि जब विपक्षी द्वारा अपने भूमि पर कब्जा करने से पीड़ित ने रोका तो विपक्षी मारपीट पर आमादा हो जाते और पूरे परिवार को जिंदा इसी जमीन में गाड देने की बात कहते इतना ही नहीं कई बार विपक्षी पीड़ित व पीड़ित के परिजनों पर जानलेवा हमला भी किये उसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई न्याय पीड़ित को नहीं मिल सका अब देखना यह होगा कि पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर नगर प्रशासन क्या कार्रवाई करता क्या भू माफिया के विरुद्ध होगी प्रशासनिक कार्रवाई और पीड़ित को मिल पाएगा न्याय।

# चोरी की घटनाओं का खुलासा, एक गिरफ्तार

▸ कब्जे-निशानदेही से चोरी की बोलेरो कार व तीन अदद मोटरसाइकिलें बरामद

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



वादी संतोष कुमार शाह पुत्र स्व0 राजेन्द्र शाह निवासी न्यू इन्दिरा आवास कॉलोनी, रनियाजोत, पोस्ट-बरगांव जनपद गोण्डा द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि वह अपने परिवार के साथ गायत्री पुरम बाबा शाह मजार के पास अपने मित्र के घर गये थे, जहाँ से लगभग 13:40 बजे उनकी मोटरसाइकिल हीरो पैशन प्रो, रंग काला अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई।

घटना के सम्बन्ध में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज भी प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार वादी नन्द किशोर मिश्र पुत्र स्व0 कृष्ण कुमार मिश्र निवासी 374 आवास विकास कॉलोनी, जनपद गोण्डा द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि दिनांक 06.03.2026 की रात्रि में उनके घर के सामने पार्क से उनकी सिल्वर रंग की बोलेरो गाड़ी संख्या अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई। प्राप्त तहरीरो के आधार पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किए गए थे। जिसमें आज दिनांक 13.03.2026 को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए शातिर चोर- देवीशंकर चौबे उर्फ पुतलू चौबे पुत्र गंगासागर चौबे निवासी ग्राम मोकलपुर थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा को माधवपुर चकता मुखानी घाट के पास नदी किनारे से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की बोलेरो कार व 03 अदद चोरी की मोटरसाईकिलों को बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## खबरें एक नजर में

### मारपीट में घायल वृद्ध की मौत

**मनकापुर-गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र मनकापुर के अंतर्गत चौकी मछलीबाजार के ग्रामसभा कलेनिया के मौजा पोखरभिटवा में विगत 03 मार्च को हुए जमीनी विवाद में 66 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। आपको बताते चले पूरा मामला थाना क्षेत्र मनकापुर के अंतर्गत ग्रामसभा कलेनिया के मजरा पोखरभिटवा के रहने वाले रामचरित्र पुत्र रामसुरेमन उम्र 66 वर्ष का नाली व रास्ता के विवाद को लेकर मारपीट हुआ जिससे मारपीट के 10 दिन बाद मौत हो गई। वहीं मृतक की पत्नी प्रेमा देवी का कहना है की दूसरे पक्ष की आरती पुत्री रामबहल ने नाली में मिट्टी डालकर पाट दिया था जिसको मेरी पुत्री ने देखा तो नाली साफ करने लगी वहीं से विवाद उत्पन्न हुआ तो दूसरे पक्ष के रामबहल पुत्र रामनाथ उम्र 50 वर्ष, गुड़िया पत्नी रामबहाल, उम्र 48 वर्ष, प्रदीप पुत्र रामबहाल उम्र 24 वर्ष, संदीप पुत्र रामबहाल उम्र 18 वर्ष, और आरती पुत्री रामबहाल उम्र 20 वर्ष ने मिलकर मेरे परिवार वालों पर हमला बोल दिया इस हमले में रामचरित्र, अनिल कुमार विनय कुमार सुशील कुमार सुनीता और अनीता को काफी चोटें आयी। तो दोनो पक्षो के लोगो ने तहरीर दिया तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर दिया। वहीं पर मृतक के बेटे अनिल कुमार ने बताया कि मेरे पिता रामचरित्र का मेडिकल नहीं कराया गया था लेकिन उनको अदरूणी चोटें लगी थी जिसके 10 दिन बाद मृत्यु हो गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बाइक सवार पर अचानक गिरा सूखा पेड़, मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मनकापुर कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 43 वर्षीय रामचंद्र पाल की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना आज बृहस्पतिवार देर शाम करीब 6:30 बजे गोंडा–सादुल्लाह नगर मार्ग पर अमघटी के पास हुई है। रामचंद्र पाल महेवा नानकार, मनकापुर के निवासी थे और अपने खेत तामापार बनकटवा जा रहे थे। रास्ते में सड़क किनारे लगा एक सूखा कटहल का पेड़ अचानक उनकी मोटरसाइकिल पर गिर गया। पेड़ के नीचे दबने से उनकी जान चली गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मनकापुर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने रामचंद्र पाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मनकापुर कोतवाली पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सड़क से गिरे पेड़ को हटवाया, जिससे आवागमन सामान्य हो सका। मृतक के परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई है, और वे मौके पर पहुंच रहे हैं। मनकापुर कोतवाल अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि रामचंद्र पाल अपने घर से खेत जा रहे थे, तभी सूखे कटहल के पेड़ के नीचे दबने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है पेड़ के गिरने के कारण गाड़ियां नहीं जा पा रही थी अब पूरी तरीके से गाड़ियां आ जा रही है।

### उप निरीक्षक मिनहाज सिद्दकी निलंबित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जनपद गोण्डा के थाना मोतीगंज क्षेत्रांतर्गत आवेदिका शान्ति देवी पत्नी भारत चौहान, निवासी ग्राम छाछपारा मतवल्ली द्वारा थाना मोतीगंज में तैनात उ0नि0 मिनहाज सिद्दकी के विरुद्ध एक प्रकरण में लाभ पहुँचाने के लिए रुपये की मांग किए जाने का आरोप लगाते हुए एक पुरानी वीडियो क्लिप उपलब्ध करायी गयी है। प्रारंभिक जांच में यह भी पाया गया कि विवेचक उ0नि0 मिनहाज सिद्दकी द्वारा आवेदिका पक्ष के लोगों से विवेचना में लाभ पहुँचाने के संबंध में वीडियो क्लिप में वार्ता करते हुए रुपये का इतंजाम किए जाने का कथन परिलक्षित होता है। उक्त आरोपों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा उ0नि0 मिनहाज सिद्दकी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही प्रारंभ करने के आदेश दिए गए हैं।

### युवक को अनियंत्रित वाहन ने कुचला, मौत

**जरवलरोड, बहराइच समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम मनेहरा अंतर्गत नया पुरवा गांव में गुरुवार की देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। घर के बाहर नित्य क्रिया के लिए निकले एक युवक को अनियंत्रित डीजे वाहन ने कुचल दिया। आनन–फानन में परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, मनेहरा निवासी मोहम्मद अहमद पुत्र मकसूद गुरुवार रात अपने घर के बाहर मौजूद थे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक डीजे लदे वाहन के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए अहमद को जोरदार टक्कर मार दी। वाहन की चपेट में आने से अहमद गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद ले जाया गया। हालांकि, चोट इतनी गंभीर थी कि अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख–पुकार मच गई और गांव में मातम पसर गया। घटना की सूचना मिलते ही जरवल रोड थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीणों में डीजे चालक की लापरवाही को लेकर भारी रोष है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और वाहन व चालक की तलाश जारी है।

### बिजलीकर्मी की करंट लगने से मौत



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** गुल्लावीर इलाके में आज दोपहर ट्रांसफार्मर ठीक करते समय करंट लगने से एक बिजली कर्मी की मौत हो गई। रामगांव थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी दीपचंद्र मौर्य (35) विद्युत विभाग में लाइनमैन के पद पर तैनात थे। उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सहकर्मियों ने बताया कि दीपचंद्र गुल्लावीर इलाके में एक ट्रांसफार्मर में आई खराबी को दूर कर रहे थे। इसी दौरान अचानक विद्युत सप्लाई चालू हो गई, जिससे वह करंट की चपेट में आ गए। दीपचंद्र के सहकर्मियों ने इस घटना पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने मांग की है कि जांच की जाए कि कार्य करते समय अचानक विद्युत सप्लाई कैसे चालू हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को जिला अस्पताल की मर्चरी में रखवा दिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

### खेत में पानी लगाते समय युवक को सांप ने डंसा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के पयागपुर इलाके में खेत में पानी लगाते समय एक युवक को जहरीले सांप ने डस लिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना करमोहना ग्राम में हुई। मृतक युवक की पहचान शिवेंद्र के रूप में हुई है। वह अपने खेत में पानी लगा रहा था, तभी एक जहरीले सांप ने उसके पैर में काट लिया। शिवेंद्र के साथ मौजूद लोगों ने तत्काल उसके परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे आनन–फानन में स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की जानकारी मिलने पर पयागपुर से भाजपा विधायक सुभाष त्रिपाठी के प्रतिनिधि निशंक मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर जानकारी ली। मृतक के चाचा धीरेन्द्र ने बताया कि खेत में काम करते समय ही सांप ने शिवेंद्र को काटा था। स्थानीय पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# आईटीआई संस्थानों के शुल्क निर्धारण को लेकर निरीक्षण

▸ गोंडा के पीडीयू आईटीआई का समिति ने किया दौरा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में छात्रों से लिए जाने वाले शुल्क के मानकीकरण एवं नियतांक निर्धारण के उद्देश्य से गठित समिति ने निरीक्षण अभियान प्रारंभ कर दिया है। इसी क्रम में जनपद गोंडा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (पीडीयू आईटीआई), सिविल लाइन विष्णुपुरी कॉलोनी का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

यह निरीक्षण राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, अलीगंज लखनऊ के निर्देश पर किया जा रहा है। दिनांक 11 फरवरी 2026 को प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन में राजेश राम संयुक्त निदेशक देवीपाटन मंडल गोंडा की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। समिति में सदस्य के रूप में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्नलगंज के प्रधानाचार्य प्रभु नाथ मिश्रा, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मनकापुर के प्रधानाचार्य तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बलरामपुर के प्रधानाचार्य गोविंद शामिल हैं।समिति द्वारा जनपद के पांच शहरी एवं पांच ग्रामीण निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की शुल्क व्यवस्था, प्रशिक्षण व्यवस्था तथा उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की जा रही है। निरीक्षण के दौरान संस्थान के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे तथा समिति को संस्थान की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी गई।अधिकारियों ने बताया कि इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को मानक के अनुरूप शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना है।

## अराजक तत्वों ने खंडित की दुर्गा प्रतिमा, गांव में तनाव



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव के बाहर अति प्राचीनतम बाबा कुट्टी नाम से विख्यात है। कुट्टी पर पीपल पेड़ के नीचे मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित है। इस मूर्ति को गांव के लोग पूजते हैं। वही गुरुवार की देर रात अज्ञात लोगों द्वारा मूर्ति का एक हाथ तोड़ दिया गया। लोगो को जानकारी होने पर मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। और सूचना पुलिस को दी दी गई सूचना के बाद मोतीपुर थाना प्रभारी आनंद चौरसिया अपनी टीम के साथ पहुंच गए। और मामले की जांच में जुट गए हैं। वही गांव के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। गांव में तनाव बना हुआ है। शांति व्यवस्था को देखते हुए पीएसी सहित भारी पुलिस बल मौजूद है।

# एसडीएम ने गैस एजेंसी का किया औचक निरीक्षण

▸ एजेंसियों में गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं : अश्विनी कुमार पांडेय



**विशेश्वरगंज-बहराइच समृद्धि न्यूज।** पयागपुर एसडीएम अश्विनी कुमार पांडेय एवं सप्लाई इंस्पेक्टर ललित कुमार पाठक ने शुक्रवार को विशेश्वरगंज बस स्टॉप स्थित आशुतोष इण्डेन गैस एजेंसी तथा पुरैना मोड़ पर स्थित कंछर इण्डेन ग्रामीण वितरक एजेंसी का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गोदाम में रखे खाली व भरे गैस सिलेंडरों का अभिलेखों के अनुसार मिलान कराया। जांच में एजेंसियों का स्टॉक सही पाया गया तथा किसी प्रकार की अनियमितता नहीं मिली।एसडीएम ने दोनों एजेंसियों के प्रोपराइटर क्रमश: दीपू पांडेय व नीरज कुमार श्रीवास्तव को उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उपभोक्ताओं से कहा कि एजेंसियों में गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं, लेकिन बीते दिनों सर्वर की तकनीकी समस्या के कारण कुछ दिक्कतों का सामना उपभोक्ताओं को करना पड़ा।उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में स्थिति पूरी तरह सामान्य है और गैस की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ताओं से अपील करते हुए एसडीएम ने कहा कि समय से ऑनलाइन गैस बुकिंग कराएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही गैस एजेंसी संचालकों को भी निर्देशित किया गया कि नियमानुसार सभी उपभोक्ताओं को सिलेंडर उपलब्ध कराएं, जिससे एजेंसी पर अनावश्यक भीड़ न लगे और वितरण व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित होती रहे। कोई समस्या आती है तो हमें उसके बारे में अवगत करावें।

# बाल श्रम उन्मूलन के लिए चलाया जन-जागरूकता अभियान

**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज।**



ब्लॉक पयागपुर के ग्राम पंचायत लालपुर के सुकईपुरवा चौराहा पर रोसा संस्थान एवं श्रम विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बाल श्रम उन्मूलन हेतु जन-जागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान टीम द्वारा क्षेत्र के सभी प्रतिष्ठानों, होटल व ढाबों पर जाकर लोगों को बाल श्रम के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान दुकानदारों व स्थानीय लोगों को बताया गया कि बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है और इससे बच्चों का भविष्य प्रभावित होता है। सभी से अपील की गई कि वे अपने प्रतिष्ठानों पर किसी भी बच्चे से काम न करवाएं। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि यदि कहीं बाल श्रम कराया जा रहा हो तो इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर तुरंत दें, ताकि संबंधित विभाग कार्रवाई कर सके। अभियान के दौरान लोगों को बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान, हेडमास्टर, पंचायत सहायक, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा बहू, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, श्रम विभाग के कर्मचारी सहित रोसा संस्थान से विकास जायसवाल, प्रतिमा सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से आयोजित हुआ होली मिलन कार्यक्रम

▸ सेवा, संस्कार व राष्ट्रभक्ति के भाव को जागृत करना है उद्देश्य : सुनीता

▸ महिलाएं कभी भी अबला नहीं रहीं : चोगले

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




राष्ट्र सेविका समिति बहराइच विभाग द्वारा नगर के सी के लॉन स्थित प्रांगण में होली मिलन के कार्यक्रम का हुआ आयोजन कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर तेजस्विनी चोगले ने की मंच पर जिला संचालिका छवि रायतानी एवं मुख्य वक्ता विभाग कार्यवाही का सुनीता रही उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र सेविका समिति का उद्देश्य है समाज में संस्कार सेवा संगठन और राष्ट्र भावना को मजबूत करना होली मिलन का यह कार्यक्रम हमें आपस में प्रेम सहयोग और आत्मयता के रंगों से जोड़ने का अवसर देता है इस पावन अवसर पर हम सब यह संकल्प लेकर अपने जीवन में सेवा संस्कार और राष्ट्रभक्ति के भाव को और अधिक मजबूत करेंगे तथा समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रही डॉक्टर तेजस्विनी ने कहा कि वैदिक काल से ही महिलाओं का राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है महिलाएं कभी भी अबला नहीं रही है हम सभी महिला दिवस मनाते हैं परंतु भारतीय संस्कृत में हर दिन महिलाएं सभी पर तो ध्यान दे देती है परंतु अपने ऊपर भी ध्यान नहीं दे पाती है उन्हें अपने ऊपर भी ध्यान देना चाहिए चाहिए उन्होंने मेडिटेशन के विषय में जागरूक किया। संचालिका छवि जी ने बताया कि होली रंगों का उत्सव है होली पर हम सभी एक दूसरे के गिले शिकवे भुला कर गले मिलते हैं मंच संचालन जिला कार्यवाहीका शीला जी ने किया इस अवसर पर नानपारा की जिला कार्यवाहीका प्रियंका यादव, विचार परिवार से एमएलसी डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी, श्रुति महेश्वरी, माधुरी सिंह,स्वाति तिवारी, शिखा त्रिपाठी, हेमा निगम, प्रियंका रावत,जिला बौद्धिक प्रमुख डॉ मनीष खन्ना ,तरूणी प्रमुख सुरभि, जिला शारीरिक प्रेरणा, सेवा प्रमुख नीलम, नगर कार्यवाहिका रीना ,सह नगर कार्यवाहीका साधना, श्वेता, रेखा, गरिमा, नगर शारीरिक प्रमुख तमन्ना, नगर संपर्क प्रमुख शांति पांडे सहित समिति की अन्य दायित्वधारी बहने एवं समाज प्रतिष्ठित हस्तियां भी उपस्थित रही।

## वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने बिखेरा जलवा



### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी है अनमोल रत्न जैसे कार्यक्रम किया प्रस्तुत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** परिषदीय प्राथमिक विद्यालय बेरिया विकासखंड चित्तौरा में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी अनुराग कुमार मिश्र तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व एबीआरसी राजेश कुमार मिश्र के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा विविध प्रकार के सामाजिक बुराइयों कों दूर करने, शिक्षा से संबंधित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बेटी है अनमोल रत्न जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत कर बालिका शिक्षा पर ध्यान देने हेतु अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुत किया। साथ ही देश राष्ट्र से संबंधित अनेक कार्यक्रम देश रंगीला आजादी की खुली हवा का भी प्रस्तुती करण किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका शशि लता सिंह ने किया।

कार्यक्रम में विकासखंड चित्तौरा के एआरपी कुमार अभय,सुरेश कुमार यादव , ओरव एआरपी राजेश कुमार मिश्र, ओंकार नाथ कौलिया, विद्यालय के सहायक अध्यापक शशि लता सिंह, सुनील कुमार कनौजिया, शिक्षामित्र रमा विश्वास, बेनज़ीर हैदर, कार्यकत्री बेबी सोनी, प्रधान रंजीत दास, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष अलोक वर्मा, व अन्य ग्रामीण अभिभावक उपस्थित रहे।

# सखी पहल के तहत 237 छात्राओं को 5000 रुपये की छात्रवृत्ति

▸ स्कूलों में पैड बैंक और वॉश सुविधाओं को भी बढ़ावा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जनपद बहराइच में बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बाल रक्षा भारत एवं केन्वयू के सहयोग से संचालित ÷सखी पहल - टू सिक्योर हर फ्यूचर÷ परियोजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति वितरण की शुरुआत की गई।

यह कार्यक्रम जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वा नन्द के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस पहल के तहत जनपद बहराइच के 16 हाईस्कूल एवं इंटर कॉलेजों की 237 छात्राओं को 5000 रुपये की सखी छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही परियोजना के अंतर्गत बाराबंकी, श्रावस्ती, बलरामपुर, गोंडा और बहराइच समेत पांच जिलों में कुल 1200 छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जा रही है। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वा नन्द ने सखी छात्रवृत्ति पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की छात्रवृत्तियाँ छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। इससे पढ़ाई से जुड़ी आर्थिक चुनौतियों को कम करने में मदद मिलती है और छात्राओं को अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि यह पहल छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सखी पहल परियोजना के अंतर्गत किशोरियों के लिए मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन, जीवन कौशल और लैंगिक संवेदनशीलता जैसे विषयों पर नियमित जागरूकता सत्र आयोजित किए जाते हैं। इसके साथ ही स्कूलों में वॉश (WASH) सुविधाओं को सुदृढ़ करने, पैड बैंकों की स्थापना, तथा मासिक धर्म अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों के नवीनीकरण जैसी पहलें भी की जा रही हैं, ताकि छात्राओं को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण में पढ़ाई जारी रखने में सुविधा मिल सके। परियोजना के अंतर्गत शिक्षकों के लिए लैंगिक-संवेदनशील शिक्षण पद्धति पर प्रशिक्षण, छात्राओं के लिए जीवन कौशल और आत्मरक्षा से जुड़े सत्र, तथा समुदाय स्तर पर बाल विवाह रोकथाम और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य किशोरियों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अधिकारों के प्रति जागरूक बनाते हुए उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करना है।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ, छात्राएँ तथा बाल रक्षा भारत की टीम के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अखिलेश शुक्ल प्रोजेक्ट अस्सिस्टेंट जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे छात्राओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# कानून व शान्ति व्यवस्था के लिए एसडीएम ने संभाली कमान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



▸ नानपारा में पुलिस बल के साथ किया पैदल गश्त

रमज़ान माह के अंतिम शुक्रवार अलविदा जुमे की नमाज को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए नानपारा प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। इस दौरान एसडीएम नानपारा मोनालिसा जौहरी ने स्वयं कमान संभालते हुए पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। अपने सक्रिय, संवेदनशील और सख्त प्रशासनिक कार्यशैली के लिए पहचानी जाने वाली एसडीएम मोनालिसा जौहरी पूरे समय क्षेत्र में मौजूद रहीं और हर एक व्यवस्था को स्वयं परखती नजर आईं। उन्होंने प्रमुख नमाज स्थलों, भीड़भाड़ वाले बाजारों तथा संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। फ्लैग मार्च के दौरान एसडीएम की सख्ती भी साफ दिखाई दी। नगर क्षेत्र में कई स्थानों पर दुकानदारों द्वारा सड़क के बाहर तक सामान रखे जाने से यातायात प्रभावित होता देख एसडीएम का पारा चढ़ गया और एसडीएम ने मौके पर ही दुकानदारों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सड़क पर रखा सामान तत्काल हटाकर दुकान के अंदर रखा जाए, क्योंकि ऐसे अतिक्रमण से जाम की स्थिति उत्पन्न होती है और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। एसडीएम ने कड़ी चेतावनी देते हुए दुकानदारों से कहा कि यदि अगली बार मुझे किसी भी दुकान का सामान बाहर सरकारी सड़क पर रखा मिल गया तो उसको जब्त कराकर थाने भिजवा दूंगी।एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि त्योहारों के दौरान प्रशासन की पहली प्राथमिकता शांति व्यवस्था, सुरक्षा और सुचारू यातायात बनाए रखना है। उन्होंने सभी नागरिकों से आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील भी की। एसडीएम की सख्त व सतर्क निगरानी एवं पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी के चलते नानपारा क्षेत्र में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन की सक्रियता से पूरे क्षेत्र में सुरक्षा और विश्वास का माहौल देखने को मिला।

# बाइक सवार तेंदुए के हमले से घायल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सड़क किनारे बैठे तेंदुए ने बाइक सवार युवक पर हमला कर दिया। युवक ने शोर मचाकर किसी तरह अपनी जान बचाई। ग्रामीणों के पहुंचने पर तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के ककरहा वन रेंज क्षेत्र की है।जानकारी के अनुसार मधवापुर ग्राम पंचायत के मजरा यमुनापार निवासी सत्येंद्र मौर्य (22) अपने घर से अमृतपुर कांटा जा रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे खेत में बैठे एक तेंदुए ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले से सत्येंद्र बाइक से गिर पड़े और घायल हो गए। तेंदुए के हमले के बाद उन्होंने जोर-जोर से शोर मचाया। उनकी आवाज सुनकर आसपास के राहगीर और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और हांका लगाना शुरू कर दिया। लोगों की भीड़ देखकर तेंदुआ सत्येंद्र को छोड़कर खेतों के रास्ते जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीणों ने तुरंत घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसका इलाज किया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने क्षेत्रीय वन अधिकारी को दे दी है। वन विभाग की टीम इलाके में सतर्कता बरत रही है।

# यूपी शिक्षा के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेगा : राजनाथ

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश आने वाले वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेगा क्योंकि राज्य का ध्यान ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने पर केंद्रित है जिसमें बच्चों का विकास सीखने के सकारात्मक माहौल में हो और वे आगे बढ़ सकें।

राजनाथ सिंह ने लखनऊ में स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल गोल्फ सिटी परिसर के मुख्य भवन के उद्घाटन के अवसर पर कहा, यहां के शिक्षण संस्थान न केवल राज्य के छात्रों के लिए, बल्कि पूरे देश के छात्रों के लिए भी आकर्षण के केंद्र बनकर उभरेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य का ध्यान केवल स्कूल और कॉलेज खोलने पर नहीं है बल्कि ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें बच्चे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ सीखने के सकारात्मक माहौल में आगे बढ़ सकें। सिंह ने कहा, मुझे विश्वास है कि इस प्रकार के समन्वित प्रयासों के कारण उत्तर प्रदेश आने वाले वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेगा। लखनऊ से सांसद सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक व्यापक नजरिए के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला जैसे महान विश्वविद्यालय फले-फूले, तब दुनिया के दूर-दराज के हिस्सों से छात्र इन प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में पढ़ने के लिए भारत आया करते थे। सिंह ने कहा, आपने संभवतः फाह्यान और ह्वेन सांग के नाम सुने होंगे। ये लोग भी भारत आए थे। उन्होंने यह यात्रा इसलिए की क्योंकि इस भूमि में शिक्षा में न केवल ज्ञान प्राप्त करना शामिल है, बल्कि जीवन मूल्यों का समावेश भी शामिल है।

### उत्तर प्रदेश ने हासिल की नयी गति

रक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि हम सभी ने राज्य को पिछले कुछ वर्षों में सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति करते देखा है। बुनियादी ढांचे, निवेश, उद्योग और शिक्षा के क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश ने नयी गति हासिल की है। उन्होंने सावित्रीबाई फुले और ज्योतिबा फुले का उल्लेख करते हुए कहा कि इन दूरदर्शी हस्तियों ने समाज के वंचित वर्गों यानी उन लोगों तक शिक्षा पहुंचाई, जो सामाजिक पायदान के सबसे निचले स्तर पर थे। उन्होंने कहा, उन्होंने यह दिखाया कि समाज में समानता और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा सबसे प्रभावी साधन है। मंत्री ने कहा, भारत, अपने नाम के अनुरूप हमेशा ज्ञान की खोज में लगा रहा है। यदि आप इसका इतिहास देखें, तो प्राचीन काल से लेकर आज तक भारत इस ज्ञान-यात्रा के प्रति दृढ़तापूर्वक समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की ज्ञान परंपराओं में शिक्षा को कभी केवल जानकारी हासिल करने का साधन नहीं माना गया, बल्कि इसे चरित्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण माध्यम समझा गया।

# पुस्तकें देती हैं सर्वांगीण ज्ञान व भारतीय संस्कृति से जोड़ने की शक्ति : योगेंद्र

**▸ साहित्य किसी भी भाषा और समाज के सम्मान का आधार**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने रवीन्द्रालय में आयोजित लखनऊ पुस्तक मेले में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने पुस्तक मेले में लगे विभिन्न प्रकाशकों के स्टॉलों का अवलोकन किया तथा विविध विषयों से संबंधित पुस्तकों को देखा। उन्होंने कहा कि पुस्तकें ज्ञान के संचित भंडार का प्रतिनिधित्व करती हैं और समाज को संस्कार, विचार और दिशा प्रदान करती हैं। साहित्य किसी भी भाषा और समाज के सम्मान का आधार होता है। विद्वानों और चिंतकों द्वारा लिखे गए विचार जब पुस्तकों के रूप में संकलित होते हैं तो वे आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान का अमूल्य स्रोत बन जाते हैं। विश्वविद्यालय और महाविद्यालय विषय विशेष की शिक्षा प्रदान करते हैं, किंतु सर्वांगीण ज्ञान का विस्तार पुस्तकों के अध्ययन से ही संभव है। पुस्तकों को मनुष्य का सबसे अच्छा मित्र, मार्गदर्शक और गुरु कहा गया है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं पुस्तक मेले में आकर विभिन्न विषयों की पुस्तकों का अध्ययन करें और अपने ज्ञान का विस्तार करें। आज के समय में तकनीक और मोबाइल का उपयोग बढ़ा है। पुस्तकों के अध्ययन की परंपरा जीवित रखना आवश्यक है। भारतीय संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत पर आधारित है और साहित्य इस विचार को समाज में जीवंत बनाए रखने का कार्य करता है। इस अवसर पर मुरलीधर अहुजा संरक्षक, मनोज सिंह चंदेल संयोजक, टीपी हवेलिया संरक्षक आर्कष चंदेल निदेशक, यूपी त्रिपाठी संस्थापक विश्रम फाउंडेशन उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### माधव कल्याण मंडप में आज से भागवत कथा का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के श्रीमद् भागवत कथा प्रेमियों के लिये बहुत ही खुशी की बात है कि श्री वृंदावन धाम के परम् पूज्य संत पं0 राम शरण शास्त्री जी महाराज अपने श्रीमुख से भागवत कथा की अमृत वर्षा से राजधानीवासियों को सराबोर करने आ चुके है। मोतीझील स्थित मालवीय नगर के माधव कल्याण मंडप में श्रीमद् भागवत कथा की अमृत वर्षा का आयोजन किया जा रहा है। 14 मार्च से 21 मार्च तक प्रतिदिन सॉय चार बजे से रात्रि आठ बजे तक इस अमृत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा की समाप्ति पर विशाल भण्डारे का भी आयोजन किया जा रहा है। ममता चैरिटेबल के कोषाध्यक्ष व अधिवक्ता गौरव पाण्डेय ने बताया कि इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में एक भव्य व दिव्य कलश यात्रा भी निकाली गयी। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, भाजपा अवध क्षेत्र के राजीव मिश्रा के सहयोग से किया जा रहा है। भागवत कथा के संयोजक प्रदीप शर्मा, रात्य विधि अधिकारी तथा सह-सेयोजक संतोष माहेश्वरी, अधिवक्ता तथा कार्यक्रम प्रमुख आशुतोष मिश्रा, अधिवक्ता है।

### अलविदा की नमाज के बाद इमामबाड़े में प्रदर्शन अमेरिका-इजराइल के खिलाफ लगे नारे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रमजान के आखिरी जुमे पर अलविदा की नमाज के बाद शुक्रवार को लखनऊ में अमेरिका और इजराइल के खिलाफ प्रदर्शन देखने को मिला। शहर के कई इलाकों में मस्जिदों के बाहर जमीन पर अमेरिका और इजराइल के झंडे लगाए गए, जिन पर नमाजी आते-जाते समय पैर रखकर गुजरते दिखाई दिए। वहीं शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद ने आज बड़े प्रदर्शन का ऐलान किया है। जिसको देखते हुए प्रशासन ने पुराने लखनऊ सहित संवेदनशील क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात किया हुआ है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई जगहों पर बैरिकेडिंग की गई है और यातायात को नियंत्रित करने के लिए पुराने शहर में रूट डायवर्जन भी लागू किया गया है। ऐशबाग ईदगाह स्थित जामा मस्जिद में मौलाना खालिद रशीद की इमामत में अलविदा की नमाज अदा की गई। वहीं टीले वाली मस्जिद में भी बड़ी संख्या में नमाजियों ने नमाज पढ़ी। इसके अलावा बड़ा इमामबाड़ा परिसर स्थित आसिफी मस्जिद में शिया समुदाय के लोगों ने अलविदा की नमाज अदा की। नमाज के बाद कुछ स्थानों पर फिलिस्तीन के समर्थन में नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन भी हुए।

### विकसित भारत के विजन को साकार करने में इंडिया पोस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंडिया पोस्ट नवीनतम तकनीकों को अपनाते हुए डिजिटल पहल और आधुनिक सेवाओं के माध्यम से नागरिकों के अनुभव को निरंतर बेहतर बना रहा है। जनसेवा को केंद्र में रखते हुए डाक विभाग पारंपरिक डाक सेवाओं से आगे बढ़कर आज वित्तीय समावेशन, लॉजिस्टिक्स, ई-कॉमर्स सहयोग और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्रों में एक विश्वसनीय संस्था के रूप में स्थापित हो चुका है। इस उन्नयन के साथ डाकघर काउंटरों तथा शाखा डाकघरों में होने वाले लेन-देन अब पहले की तुलना में कहीं अधिक तेज और कुशल हो गए हैं, जो संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया के संदेश डाक सेवा, जन सेवा को साकार करते हैं। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने सितंबर 2025 में शाखा डाकघर स्तर पर पोस्टल वॉरियर नामक एक अभिनव अभियान शुरू किया, जिसे फरवरी 2026 में उप डाकघर और प्रधान डाकघरों तक भी विस्तारित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को डाक नेटवर्क से जोड़ना तथा अंतिम छोर तक व्यावसायिक अवसरों का लाभ उठाकर वित्तीय समावेशन भी सुनिश्चित करना है। इस पहल का लक्ष्य उत्तर गुजरात परिक्षेत्र के सभी शाखा डाकघरों को सक्रिय करना और सेवाओं की पहुँच को व्यापक बनाना भी है, जिससे अंततः डाक विभाग के राजस्व में वृद्धि होती है। पीएमजी केके यादव ने कहा कि विकसित भारत के विजन को साकार करने में इंडिया पोस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका है। डाक चौपाल जैसी पहल का उद्देश्य समाज के अंतिम छोर तक आवश्यक सरकारी एवं नागरिक-केंद्रित सेवाओं को पहुंचाना है।

### अवकाश के दिन भी जमा होगा गृहकर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगर निगम लखनऊ ने वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व टैक्स कलेक्शन को गति देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। शनिवार एवं रविवार, 14 व 15 मार्च 2026 को नगर निगम के समस्त जोनल कार्यालय एवं टैक्स काउंटर सुबह 10.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक खुले रहेंगे।वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति में 18 दिन शेष रह गया है। इस अवधि में नागरिकों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान करते हुए गृहकर एवं जलकर की वसूली बढ़ाने तथा राजस्व लक्ष्य की पूर्ति के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सार्वजनिक अवकाश के दिन भी टैक्स संबंधी कार्य किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इन दोनों दिनों में नगर निगम के सभी जोनल कार्यालयों में भवनस्वामियों का कर निर्धारण, फीडिंग, संशोधन, आपत्तियों का निस्तारण तथा कर जमा कराने से संबंधित समस्त कार्य किए जाएंगे। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे करदाताओं से संपर्क कर उन्हें बकाया गृहकर व जलकर जमा कराने के लिए प्रेरित करें, जिससे अधिक से अधिक राजस्व संग्रह सुनिश्चित किया जा सके।इसके अतिरिक्त, नगर निगम प्रशासन द्वारा यह भी निर्देश दिए गए हैं कि सभी वार्डों में कैंपों का आयोजन किया जाए और उनका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि नागरिकों को अपने ही क्षेत्र में कर निर्धारण एवं कर भुगतान की सुविधा मिल सके। इन कैंपों के माध्यम से कर निर्धारण, कर वसूली और संबंधित समस्याओं के समाधान का कार्य भी किया जाएगा।

# जैन धर्म आपसी प्रेम, सद्भाव व सेवा की भावना के लिए प्रेरित करता है : केशव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज एक दिवसीय दौरे पर वीरांगना नगरी झांसी पहुंचे, पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्रद्धालुओं एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने जैन समाज के आचार्यों, मुनियों एवं संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागी होकर प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

श्री मौर्य ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा विश्व में अद्वितीय है। जैन धर्म द्वारा प्रतिपादित अहिंसा, सत्य, त्याग और करुणा के सिद्धांत आज भी समाज को सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं तथा लोगों को आपसी प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना के लिए प्रेरित करते हैं। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की और स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आम जनता से संवाद किया। उप मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान झांसी मंडल में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्मार्ट सिटी परियोजना और हर घर जल योजना के कार्यों में तेजी लाई जाए और गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की मंशा अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने की है। आज झांसी की पावन भूमि पर विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई है। हमारी सरकार बुंदेलखंड के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विपक्ष के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं है, वे केवल नकारात्मक राजनीति कर रहे हैं।

### जनता की किसी भी समस्या की अनदेखी बर्दाश्त नहीं

प्रशासनिक बैठक के पश्चात, श्री मौर्य ने जिले के विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष चर्चा की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं और विकास की आवश्यकताओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के विकास में विधायकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सरकार उनके सुझावों पर गंभीरता से कार्य कर रही है। सर्किट हाउस में बड़ी संख्या में पहुंचे स्थानीय नागरिकों से मिलकर उप मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से किया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनता की किसी भी समस्या की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अगर नेहरु जीवित होते तो कांशीराम यूपी के मुख्यमंत्री होते : राहुल गांधी



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि केवल राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाने से कोई फायदा नहीं होता। बदलाव तब आता है जब व्यक्ति यह ठान ले कि जो गलत हो रहा है उसे वह स्वीकार नहीं करेगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित पार्टी के कार्यक्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाषण देने से पहले वह सोच रहे थे कि बी आर अंबेडकर शिक्षा और संगठन की बात करते थे। आज लोग कांशी राम को याद करते हैं, लेकिन समाज को 15 और 85 में बांट दिया गया है। उन्होने आरोप लगाया कि इसका फायदा केवल 15 प्रतिशत लोगों को मिल रहा है, जबकि बाकी 50 प्रतिशत समाज को अलग-अलग कर दिया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि अगर जवाहरलाल नेहरु आज जीवित होते तो कांशीराम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होते। उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में बताया जा रहा है और उनकी बेटी की कंपनी में जॉर्ज सोरोस की फंडिंग का भी उल्लेख किया गया है। राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि जब कांग्रेस का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन हुआ था, तब उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सीटें घटकर 36 रह गई थीं, जबकि महागठबंधन ने 43 सीटों पर जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा कि यही सफलता महागठबंधन 2027 के विधानसभा चुनाव में भी दोहराना चाहता है।

# अयोध्या में धरना दूंगा : अवधेश

**▸ आजादी के बाद पहली बार बंद हुई राम रसोई**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



एलपीजी की किल्लत को लेकर समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने सरकार पर निशाना साधते हुए अयोध्या में राम रसोई बंद होने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में वर्षों से राम के नाम पर रसोई चलाई जाती थी, जहां जरूरतमंद लोगों को भोजन मिलता था, लेकिन गैस की कमी के कारण अब यह रसोई बंद हो गई है। आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि राम रसोई बंद करनी पड़ी है। उन्होंने कहा कि जिस राम के नाम पर भाजपा राजनीति करती रही है, उसी अयोध्या में राम रसोई बंद होना सरकार की नाकामी को दर्शाता है।

उन्होंने इस मुद्दे को संसद में उठाया है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। राम रसोई जल्द से जल्द फिर से शुरू की जानी चाहिए ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों को भोजन मिल सके। अगर सरकार ने इस दिशा में जल्द कदम नहीं उठाया तो वह आंदोलन करेंगे।

अवधेश प्रसाद ने घोषणा की कि वह 15 तारीख से अयोध्या में धरना देकर राम रसोई दोबारा शुरू कराने की मांग करेंगे।ईरान-इजरायल और अमेरिका के युद्ध के बीच देश में एलपीजी का संकट गहरा गया है। यूपी में भी सिलेंडर के लिए एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं। अयोध्या में राम मंदिर के पास अमावा मंदिर मैनेजमेंट राम रसोई चलाता है। इसके बाहर नोटिस लगाया गया था, जिसमें कहा गया था कि गैस की किल्लत के कारण आज खाना नहीं बना।राम रसोई के बाहर चस्पा नोटिस में लिखा था, श्अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध तनावपूर्ण के कारण देश में रसोई गैस की किल्लत से आपातकालीन स्थिति में आज की राम रसोई स्थगित की जाती है। राम मंदिर आने वाले भक्तों के लिए यह झटके से कम नहीं है। रसोई प्रबंधन का कहना है कि सिलेंडरों की सप्लाई न होने के कारण उनके पास खाना बनाने का कोई साधन नहीं बचा। सिर्फ अयोध्या ही नहीं बल्कि यूपी, दिल्ली, महाराष्ट्र और राजस्थान जैसे राज्यों में कमर्शियल सिलेंडरों की सप्लाई रुकने से हजारों होटल और रेस्टोरेंट्स में चूल्हे ठंडे पड़ गए हैं।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी एलपीजी किल्लत पर भाजपा को घेरा है। उन्होने कहा कि अगर भाजपा के नेता यह दावा कर रहे हैं कि देश में गैस की कोई कमी नहीं है, तो फिर जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान क्यों नहीं कर रहे हैं।

# घोसी चीनी मिल को बंद करने की किसी में ताकत नहीं : शर्मा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने मऊ जनपद के कुशमौर स्थित राष्ट्रीय बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित निस्ट किसान मेला 2026 का उद्घाटन किया उन्होंने किसानों, कृषि वैज्ञानिकों और कृषि क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों को संबोधित करते हुए आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया। ऐसे मेले किसानों को नई तकनीक, बेहतर बीज और आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी देने के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करते हैं।

श्री शर्मा ने कहा कि देश के किसानों के अथक परिश्रम, समर्पण और पुरुषार्थ के कारण भारत आज खाद्यान्न उत्पादन के क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भर बना है बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। आज भारत कई कृषि उत्पादों का निर्यात कर रहा है, जो किसानों की मेहनत और कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों का परिणाम है। किसानों से अपील की कि वे उत्पादकता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिकों और कृषि संस्थानों के मार्गदर्शन का लाभ लें तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाएं।उन्होंने किसानों को समन्वित खेती इंटीग्रेटेड फार्मिंग अपनाने की भी सलाह दी। उन्होंने कहा कि खेती के साथ पशुपालन, बागवानी, मत्स्य पालन और अन्य सहायक गतिविधियों को जोड़कर किसान अपनी आय को कई गुना बढ़ा सकते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि किसानों को अक्सर अपने उत्पादों को सुरक्षित रखने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जिससे उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पाता। इस समस्या को दूर करने के लिए सरकार द्वारा कोल्ड स्टोरेज स्थापित करने के लिए सब्सिडी युक्त कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। श्री शर्मा ने कहा कि कुछ लोग राजनीतिक लाभ के लिए मिल को लेकर भ्रामक बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने उपस्थित किसानों और लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसी में इतनी ताकत नहीं है कि घोसी चीनी मिल को बंद कर सके। मेले में लगाए गए विभिन्न कृषि स्टालों का अवलोकन किया और वहां प्रदर्शित नवीन तकनीकों, उन्नत बीजों तथा कृषि उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों द्वारा किए जा रहे नवाचारों और प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास कृषि क्षेत्र को और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



**▸ ऊर्जा मंत्री ने मऊ में किया निस्ट किसान मेला का उद्घाटन**

### जयंत चौधरी 15 को जायेंगे देवरिया




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जयंत चौधरी कल15 मार्च को देवरिया में जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.रामाशीष राय के संयोजकत्व में आयोजित की जा रही है है।

# सरयू नहर परियोजना का विस्तार, पूर्वी यूपी में बढ़ेगा सिंचित क्षेत्र

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

यूपी का सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन 'हर खेत को जल' के मुताबिक पूरे प्रदेश में सिंचाई व्यवस्था का विस्तार कर रहा है। सिंचाई विभाग सरयू नहर परियोजना का विस्तार कर रहा है, जिससे पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा-निर्देश में प्रदेश का सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग इस राष्ट्रीय परियोजना के तहत 14.04 लाख हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र विकसित करने का लक्ष्य तय किया है। इस दिशा में वर्ष 2026-27 में नए कुलाबों का निर्माण और गैप्स को पूरा करने के साथ प्रेशर सिंचाई प्रणाली विकसित कर सरयू नहर परियोजना की सिंचाई क्षमता में लगातार वृद्धि की जा रही है। इससे न केवल पूर्वी यूपी में सिंचाई कमांड एरिया में वृद्धि हो रही है, बल्कि क्षेत्र के किसानों के उत्पादन और आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। सरयू नहर परियोजना के तहत पूर्वी यूपी के नौ जिलों में 9000 कुलाबों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से लगभग 7345 कुलाबों का निर्माण पूरा हो चुका है। शेष 1655 कुलाबों का निर्माण सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग वित्तीय वर्ष 2026-27 में पूरा कर रहा है। इससे क्षेत्र में लगभग 66,200 हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई क्षेत्र का विकास होगा, जिसका लाभ क्षेत्र के किसानों को रबी और खरीफ दोनों फसलों में मिलेगा। नहरों में 14 गैप्स के कारण बड़े क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था प्रभावित होती है। इनमें से 14 नहर गैप्स में निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। इस कार्य के पूरा होने से लगभग 27,863 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। सरयू नहर परियोजना के तहत कम जल उपलब्धता वाले क्षेत्रों में सिंचाई व्यवस्था का विस्तार करने के उद्देश्य से यूपी सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से प्रेशर सिंचाई परियोजना का चरणबद्ध विकास कर रहा है।

# लूम सोलर ने सोलर एशिया एक्सपो में इंटीग्रेटेड सोलर व स्टोरेज टेक्नोलॉजी का किया प्रदर्शन

लखनऊ/कानपुर, समृद्धि न्यूज।




भारत की सबसे तेजी से बढ़ती सौर निर्माण और अक्षय ऊर्जा समाधान मुहैया करने वाली कंपनियों में से एक, लूम सोलर, यूपी के कानपुर में आयोजित सोलर एशिया एक्सपो 2026 के तीसरे संस्करण में भाग ले रही है। कंपनी स्टॉल ए18-19 में अपने नवीनतम सौर और भंडारण इनोवेशन का प्रदर्शन कर रही है, जिसमें आवासीय, कमर्शियल, संस्थागत और स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल इस्तेमाल के लिए डिज़ाइन की गई इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजीज़ को प्रदर्शित किया गया है।

लूम सोलर के सह-संस्थापक और निदेशक, अमोद आनंद का कहना है कि भारत का अक्षय ऊर्जा परिवर्तन सौर उत्पादन से आगे बढ़कर इंटीग्रेटेड एनर्जी इकोसिस्टम की ओर बढ़ रहा है। यहां भंडारण, इंटेलीजेंट बिजली प्रबंधन और उच्च दक्षता वाले मॉड्यूल विश्वसनीय बिजली देने के लिए मिलकर काम करते हैं। सोलर एशिया एक्सपो जैसे प्लेटफॉर्म यह प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं कि ये प्रौद्योगिकियां घरों, व्यवसायों और संस्थानों के लिए स्केलेबल समाधान देने के लिए कैसे एक हो रही हैं। लूम में हम इंटीग्रेटेड सौर और बैटरी भंडारण समाधान विकसित करने पर ध्यान दे रहे हैं। हम क्लीन एनर्जी को दैनिक उपयोग के लिए अधिक विश्वसनीय, सुलभ और व्यावहारिक बनाते हैं।

अक्षय ऊर्जा की तेजी से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, लूम उत्तर प्रदेश में एक नई 1.2 गीगावॉट निर्माण सुविधा भी स्थापित कर रहा है। इससे घरेलू निर्माण क्षमता और मजबूत होगी और भारत की क्लीन एनर्जी सप्लाई चेन को बल मिलेगा। डिस्प्ले किया गया हर उत्पाद सीधे तौर पर आत्मनिर्भर अक्षय ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए सरकार के प्रयासों के अनुरूप है।

**सराहनीय** | यूपी में सुर साधना की गूंज, स्थानीय कलाकारों को मिला मंच

# 'सुर साधना' से जीवंत हो रही यूपी की लोक परंपराएं : जयवीर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

**▸ स्थानीय कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए सुर साधना के तहत यूपी के 22 जिलों में साप्ताहिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन**






स्थानीय कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए सुर साधना के तहत यूपी के 22 जिलों में साप्ताहिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अलग-अलग जिलों के धार्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों पर कलाकार अपनी प्रस्तुति दे रहे हैं।

156 दिनों में अब तक 374 सांस्कृतिक दलों के लगभग 2200 से ज्यादा कलाकार इन कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं, जिससे प्रदेश की लोक संस्कृति को नया मंच मिल रहा है। कार्यक्रमों में कई तरह की सांस्कृतिक विधाओं की प्रस्तुतियां दी जाती हैं। कलाकार लोकगायन, भजन-कीर्तन, लोकनृत्य, लोकनाट्य, कठपुतली और जादू जैसी विधाओं का प्रदर्शन करते हैं। इसके अलावा शास्त्रीय गायन-वादन, किस्सागोई और काव्य पाठ कार्यक्रम का हिस्सा हैं। स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता दी जाती है, जिससे उस क्षेत्र की पारंपरिक कला को बढ़ावा मिल सके। कलाकारों को उनकी प्रस्तुति के अनुसार मानदेय भी दिया जाता है। लोक नृत्य के लिए 15,000 रुपए, लोक भजन गायन के लिए 10,000 रुपए और अन्य विधाओं जैसे जादू, कठपुतली, किस्सागोई दास्तानगोई और काव्य पाठ के लिए 5,000 रुपए मानदेय निर्धारित किया गया है। इससे कलाकारों को आर्थिक सहयोग भी मिल रहा है और वे अपनी कला को बेहतर तरीके से प्रस्तुत कर पा रहे हैं।

सुर साधना कार्यक्रम में कुसुमवन सरोवर मथुरा झांसी का किला झांसी, रामघाट चित्रकूट, नया अस्सी घाट वाराणसी त्रिवेणी घाट प्रयागराज, कुड़िया घाट और जनेश्वर मिश्र पार्क लखनऊ शिल्पग्राम आगरा, डाइट ऑडिटोरियम विकास भवन बदायूं नैमिषारण्य धाम सीतापुर राम की पैड़ी अयोध्या रामगढ़ताल गोरखपुर, सामौर बाबा धाम फिरोजाबाद, सीता समाहित स्थल भदोही, बटेश्वर धाम आगरा और पाल्हमेश्वरी देवी मंदिर आजमगढ़ शामिल हैं। विंध्यवासिनी देवी मंदिर विंध्याचल मिर्जापुर प्रेम मंदिर वृंदावन मथुरा, शुक्र तीर्थ मुजफ्फरनगर, देवीपाटन मंदिर बलरामपुर, गढ़मुक्तेश्वर हापुड़, मां शाकुंभरी देवी मंदिर सहारनपुर और शीतला माता मंदिर मैनपुरी जैसे जिलों के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भी सुर साधना के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश की लोक कला और लोक परंपराएं हमारी सभ्यता और सांस्कृतिक विरासत की मजबूत नींव हैं। 'सुर साधना' जैसे आयोजन इन परंपराओं को नया जीवन देने का काम कर रहे हैं।

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाः साहब! गरीब होना क्या गुनाह?**

# कार्यक्रम में अव्यवस्था, धूप में भटके बराती, पानी के टैंकर के नीचे मिली छांव

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**







प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शुक्रवार को पुवायां के सूरज मैरिज लॉन में आयोजित कार्यक्रम में कुल 169 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। इनमें 164 हिंदू विवाह और 5 निकाह संपन्न कराए गए। एक ओर जहां गरीब परिवारों की बेटियों के हाथ पीले कर सरकार की इस योजना की सराहना की गई, वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्थाओं की भारी कमी ने कई सवाल खड़े कर दिए। भीषण गर्मी और अव्यवस्थाओं के बीच नवविवाहित जोड़ों, बारातियों और घरातियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**छोटे मैरिज लॉन में उमड़ी भीड़, टेंट की कमी से परेशान हुए लोग:** कार्यक्रम के लिए चुना गया सूरज मैरिज लॉन आकार में छोटा बताया जा रहा है। लेकिन यहां क्षमता से अधिक लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। टेंट और छांव की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण बराती और घराती तेज धूप में खड़े रहने को मजबूर दिखे। हालात ऐसे बन गए कि कई लोग नगरपालिका द्वारा लाए गए पानी के टैंकर के नीचे खड़े होकर छांव तलाशते नजर आए। लोगों का कहना था कि अगर स्थान छोटा था तो यहां कम जोड़ों का विवाह कराया जाना चाहिए था, जिससे व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से हो पातीं।

**पानी के लिए भटके बराती, आधे घंटे बाद मिली राहत:** कार्यक्रम में पीने के पानी की व्यवस्था भी नाकाफी रही। भीषण गर्मी के बीच लोग वॉटर कूलर के पास पानी के लिए तरसते रहे, लेकिन काफी देर तक कूलर में पानी ही नहीं था। करीब आधे घंटे बाद पानी उपलब्ध कराया गया, तब जाकर लोगों ने अपनी प्यास बुझाई। इस दौरान कई लोग गर्मी और भीड़ के कारण परेशान नजर आए।

**नवविवाहित जोड़े जमीन पर बैठकर खाने को मजबूर:** अव्यवस्था का आलम यह था कि बारातियों और नवविवाहित जोड़ों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। कुर्सी और मेज की कमी के कारण कई लोगों को जमीन पर बैठकर भोजन करना पड़ा। कुछ नवविवाहित जोड़े भी जमीन पर बैठकर खाना खाते दिखाई दिए। बारातियों का कहना था कि अगर वे गरीब न होते तो शायद दूल्हा-दुल्हन को इस तरह जमीन पर बैठकर खाना नहीं खाना पड़ता।

**लोगों ने लगाए आरोप, बोले- गरीबों के हक पर डाका:** कार्यक्रम में आए कई लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए आरोप लगाया कि सरकार गरीब बेटियों की शादी के लिए अच्छी योजना चला रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर अधिकारी और जनप्रतिनिधि व्यवस्थाओं में लापरवाही बरत रहे हैं। लोगों का कहना था कि कई बार ऐसी योजनाओं में गरीबों के नाम पर आने वाली सुविधाओं में भी गड़बड़ी हो जाती है और सही तरीके से व्यवस्थाएं नहीं हो पातीं।

**जनप्रतिनिधियों ने योजना को बताया सराहनीय:** कार्यक्रम में पुवायां विधायक चेतराम, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संजय गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी बेटी आर्थिक तंगी के कारण अविवाहित न रहे।

अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।

**योजना की मंशा अच्छी, लेकिन व्यवस्थाओं पर उठे सवाल:** हालांकि सरकार की इस योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों की शादी सम्मानपूर्वक कराना है, लेकिन पुवायां में सामने आई अव्यवस्थाओं ने कार्यक्रम की तैयारियों और स्थानीय स्तर पर व्यवस्थाओं को लेकर कई सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं। कार्यक्रम में मौजूद लोगों के बीच यही चर्चा रही कि अगर व्यवस्थाएं बेहतर होतीं तो यह आयोजन गरीब परिवारों के लिए और ज्यादा सम्मानजनक बन सकता था।

### 169 जोड़ों ने लिए सात फेरे, 5 निकाह भी हुए

इसके बावजूद कार्यक्रम में धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह और निकाह संपन्न कराए गए। हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार जोड़ों ने एक-दूसरे को जयमाल पहनाई और अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए, जबकि मुस्लिम जोड़ों का मौलवियों द्वारा निकाह पढ़वाया गया। इसके बाद नवविवाहित जोड़ों को उपहार भी प्रदान किए गए।

## लेखपाल ने ट्रेन के आगे लेटकर की आत्महत्या

**शाहजहांपुर।** लालगढ़ से चलकर डिब्रूगढ़ जाने वाली अवध आसाम एक्सप्रेस के आगे लेट कर लेखपाल ने की आत्महत्या। शाहजहांपुर जनपद के तिलहर तहसील में तैनात लेखपाल अमरदीप सक्सेना ने आज दोपहर 1:30 पर लालगढ़ से डिब्रूगढ़ जाने वाली अवध आसाम एक्सप्रेस के आगे लेट कर आत्महत्या कर ली अवध आसाम एक्सप्रेस के चालक शाहजहांपुर से 1:28 पर चले रोडवेज फाटक पार करने के बाद अभी ट्रेन ने रफ्तार पकड़ी ही थी की लाल पुल के पास एक व्यक्ति ट्रेन के आगे आकर लेट गया लोको पायलट ने रोजा जंक्शन पर पावर केबिन और कंट्रोल को सूचना दी कंट्रोल के आदेश पर पीछे से आने वाली राजधानी एक्सप्रेस को शाहजहांपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन पर रोका गया उसके बाद सिविल पुलिस और रेलवे पुलिस को मेमो दिया गया सीमा विवाद में काफी देर तक सब पड़ा रहा अंत में सदर बाजार कोतवाल प्रभारी ने सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा सबके पास से मिले मोबाइल से जानकारी करने पर पता लगा अमरदीप सक्सेना तिलहर तहसील में लेखपाल पद पर तैनात है उन्होंने आत्महत्या क्यों की यह जांच का विषय है सदर बाजार कोतवाल प्रभारी ने बताया ट्रेन से काटने की सूचना मिली थी सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है ना ही पास में कोई बाइक खड़ी मिली है जांच की जा रही है अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई।

# उन्नतशील आलू कृषक हिम्मत सिंह व कमलजीत कौर मुरादाबाद में सम्मानित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुरादाबाद में कृषकों द्वारा उत्पादित आलू ऊपज के समुचित भण्डारण, बाजार मूल्य एवं विपणन के सम्बन्ध में कृषक हित में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्बन्धित हितधारकों यथा आलू उत्पादक कृषक, आलू व्यापारी व ट्रेडर्स, शीतगृह स्वामियों एवं बरेली, मुरादाबाद व सहारनपुर के जनपदीय एवं मण्डलीय उद्यान अधिकारियों के साथ आलू केता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन सर्किट हाऊस मुरादाबाद में किया गया। जिसमें जनपद शाहजहांपुर के उन्नतशील आलू कृषक हिम्मत सिंह निवासी डाक बंग्ला पुवायां एवं कमलजीत कौर, निवासी पुवायां को आलू के क्षेत्र मे किए उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। आयोजन मे जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक, प्रभारी शीतगृह गोविन्द नारायण मिश्रा द्वारा प्रतिभाग किया गया।



# वहगुल नदी में नहाते समय 16 वर्षीय किशोर की डूबकर मौत

**शाहजहांपुर/जलालाबाद।** जलालाबाद थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर टॉपर इलाके में वहगुल नदी में नहाते समय 16 वर्षीय किशोर की डूबकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना बुधवार दोपहर बाद की बताई जा रही है।मोहल्ला नौसरा जमदग्निनगर निवासी समर गिहार (16 वर्ष) पुत्र जितेंद्र उर्फ जीतू अपने तीन दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था। नहाते समय समर अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने का प्रयास किया और शोर मचाया, जिस पर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे किसी तरह नदी से बाहर निकाला। घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने गंभीर हालत में समर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। जिला फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए नमूने संग्रहित किए और वीडियोग्राफी भी की। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। समर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां, बहन और भाई का रो-रोकर बुरा हाल है और कई बार वे बेहोश हो गए। पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह जानकारी दी गई कि मृतक का पोस्टमार्टम गुरुवार को शाहजहांपुर में कराया जाएगा।



## खबरें एक नजर में

### भगवान महाकाल की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न



**शाहजहांपुर।** श्री भूतेश्वर नाथ मंदिर शमशान भूमि मरघट धर्माथ ट्रस्ट अहमदपुर निवासपुर रेती पोस्ट दलेलगंज में भगवान महाकाल शिव की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। सुबह आचार्य सूरज तिवारी के नेतृत्व में अन्य पंडितों ने विधिवत रूप से पूजा अर्चना की और मंत्रोच्चारण के साथ शमशान भूमि मरघट में भगवान महाकाल शिव जी की प्रतिमा स्थापित की। इस दौरान वातावरण भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठा। उपरोक्त भूतेश्वर नाथ मंदिर मरघट के अध्यक्ष एवं श्री योगी औधड अखाड़ा महाराष्ट्र के प्रदेश प्रभारी औधड प्रमोद नाथ अघोरी के नेतृत्व में सुबह से ही विशेष पूजा-अर्चना हुई और उसके बाद मंदिर में मूर्ति स्थापित की गई। इस दौरान यज्ञ का भी आयोजन हुआ और भारी संख्या में संतो ने सुख-शांति समृद्धि की कामना से यज्ञ में आहुति डाली। आयोजन को सफल बनाने में महंत लाल गिरी अध्यक्ष औधड अखाड़ा हरदोई, श्यामसुंदर त्यागी अध्यक्ष शाहजहांपुर, महत जयवीर पूरी अध्यक्ष धर्माचार्य प्रकोष्ठ, श्री छोटे शुरू ब्रह्मचारी महंत विष्णु दास महत कुशाल गिरी महंत बाबा रामपुरी साध्वी शेषनाग नाथ अघोरी तहसील अध्यक्ष लखीमपुर खीरी महंत त्रिलोकपुरी जिला अध्यक्ष पीलीभीत महत श्री कृष्ण जिला अध्यक्ष बदायूं महंत सूरज गिरी महंत महेंद्र गिरी बाबा सोमनाथ महंत मोहन गिरी महंत चिंता नाथ सहित सैकड़ो संत एवं महापुरुष मौजूद रहे। भगवान महाकाल शिव की प्राण प्रतिष्ठा मूर्ति स्थापना उपरांत औधड प्रमोद नाथ अघोरी ने सभी उपस्थित संत महापुरुषों के साथ शपथ ली की उत्तर प्रदेश के विभिन्न मरघट एवं शमशान भूमि में कहीं भी दिक्कत आती है तो हमारा संत समाज आगे आएगा इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि लावारिस लाशौ का अंतिम संस्कार विधिवत हमारी समिति के द्वारा संपन्न कराया जाएगा इसके लिए हमारी समिति शीघ्र ही जिला प्रशासन से संपर्क करेगी और इस पुण्य दायी कार्य में सहयोग के लिए आग्रह करेगी। आचार्य सूरज तिवारी ने कहा कि भगवान शिव देवों के देव हैं। उनकी विधिवत सच्चे मन से पूजा अर्चना करने से मनवाछित फल मिलता है और मन की शांति प्राप्त होती है। मनुष्य को इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस प्रकार के आयोजनों से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। यज्ञ के बाद में खीर का प्रसाद वितरण किया गया।

### आरटीएक्ट लागू होने से पूर्व के नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्यता खत्म करें भारत सरकार




**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की आज रोटी गोदाम में जिला बैठक आयोजित हुयी बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय ने कहा कि भारत सरकार शिक्षकों की सेवा शर्तों पर अनावश्यक नियम न थोपे, एनसीटीई द्वारा अगस्त 2027 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 23(2) में गोपनीय संशोधन करके जो सभी शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता लागू होने का नियम जोड़ा गया है उसे निरस्त किया जाये। उत्तर प्रदेश के 23 शिक्षक संगठनों का बना अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ आंदोलन का ऐलान कर चुका है और इस आंदोलन के प्रथम चरण में पाती अभियान के क्रम में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति प्रधान न्यायाधीश और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पोस्ट कार्ड लिखकर भेजे जा रहे है साथ ही सभी को मेल भी किये जा रहे है सभी शिक्षक इस अभियान में जुड़कर पाती अभियान को सफल बनाये। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अनीस अहमद ने सभी संगठनों से पोस्ट कार्ड अधिक से अधिक लेकर भेजनें को प्रयास जारी रखने पर जोर दिया। अटेवा के जिलाध्यक्ष राकेश वर्मा ने सभी शिक्षकों से पोस्ट कार्ड और मेल दोनों में जुड़कर पाती अभियान सफल बनाने की अपील की। सभी संगठनों के ब्लॉक अध्यक्ष अपने अपने ब्लॉक में भी शिक्षकों को एकत्रित कर पोस्ट कार्ड भेजनें की योजना बनाकर अभियान सफल बनाने के निर्देश दिए गए। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नाकर दीक्षित के संचालन में हुयी जिला बैठक में बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, अटेवा के जिला कोषाध्यक्ष विनोद कश्यप, धनपाल, रामकुमार कैप्टन, नरेंद्र मौर्या, सहित अनिल पाठक, विक्रांत मिश्रा, राजेश पाण्डेय, शशांक शेखर बाजपेई, वेद वर्मा, मनोज मलिक, अभिषेक गंगवार, सचिन आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# सपा ने सपा विचारों के धनी शिवदयाल चौरसिया के योगदान पर चर्चा की

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी विचारों के धनी शिवदयाल चौरसिया पूर्व सांसद (राज्यसभा) की जयन्ती जनपद शाहजहांपुर बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनको याद किया। इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन सपा के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया और समाजवादी विचारों के धनी शिवदयाल चौरसिया पूर्व सांसद (राज्यसभा) के योगदान पर चर्चा की गई। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान कहा कि कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम और उसके बाद के सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तन के इतिहास में अनेक ऐसे व्यक्तित्व हुए, जिन्होंने सत्ता के शिखर पर रहकर नहीं, बल्कि वंचित समाज के बीच रहकर इतिहास की दिशा बदली। ऐसे ही व्यक्तित्व थे शिव दयाल सिंह चौरसिया, जिनका जीवन स्वतंत्रता-पूर्व भारत से लेकर संविधानोत्तर भारत तक सामाजिक समानता, विधिक न्याय और बहुजन अधिकारों के संघर्ष का जीवंत दस्तावेज है। इस मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि शिवदयाल सिंह चौरसिया जी केवल एक सफल वकील, सांसद या संवैधानिक संशोधनकर्ता नहीं थे, बल्कि एक विचार, एक आंदोलन और एक चेतना थे। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि शिव दयाल सिंह चौरसिया का जन्म 13 मार्च 1903 को उत्तर प्रदेश के लखनऊ जनपद के ग्राम खरिका में हुआ, जो वर्तमान में तेलीबाग, लखनऊ के नाम से जाना जाता है। उनका जन्म एक संपन्न किंतु सामाजिक रूप से जागरूक चौरसिया (पिछड़ा वर्ग) परिवार में हुआ। इस मौके पर पूर्व एमएलसी अमित यादव रिंकू,सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव,सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव,सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद,सपा नेता दोद राम वर्मा, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल,सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हाफिज अंसारी,छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया,युवज़न सभा के जिला अध्यक्ष आकाश यादव,महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, नाजिम फारुकी, सचिन सक्सेना, असलम खान, शाहरुख खान, देव कुमार भोजवाल, हर्ष, मोहम्मद अजान, सुरजीत यादव, रानू खान, मोहम्मद फिरोज, बकार खान, अख्तर खान, साजिद अली, पप्पू यादव, मोहसिन खान, आरिफ खान, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा मित्रों को अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत कराया गया ब्लैक स्पॉट भ्रमण



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सड़क सुरक्षा के प्रति युवाओं और आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से व अभियान में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करने हेतु सड़क सुरक्षा मित्र अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम माय भारत कार्यालय में आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय शाहजहांपुर तथा ट्रैफिक पुलिस विभाग के समन्वय से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित सीओ यातायात संजय कुमार सिंह, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, संभागीय निरीक्षक विकास यादव, माल एवं कर अधिकारी आर पी गौतम, टी एस आई विनय पांडेय ने उपस्थित सभी युवाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों, सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी जिससे युवाओं में जागरूकता आये और वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। इस अवसर पर सभी को प्राथमिक चिकित्सा किट, जैकेट, हेलमेट, टॉर्च, ट्रैफिक बटन आदि आवश्यक उपकरण सहित प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गए। सी ओ यातयात संजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने में मदद मिलती है। संभागीय निरीक्षक विकास यादव व माल एवं कर अधिकारी आर पी गौतम ने माय भारत स्वयंसेवकों को विभिन्न यातायात नियमों, सड़क संकेतों, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग के दुष्प्रभाव तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं में जिम्मेदारी, नेतृत्व और सामाजिक सेवा की भावना का विकास होता है। टी एस आई विनय पांडेय ने युवाओं से नशे में गाड़ी न चलाने,वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने व तय गति अनुसार ही वाहन चलाने हेतु समाज में जागरूकता के लिये प्रेरित किया। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों को दुर्घटना स्थल अध्ययन के तहत ब्लैक स्पॉट नगरिया मोड़ व निकट के स्थलों का भ्रमण कराया गया जहाँ सड़क सुरक्षा अंतर्गत व्यवहारिक रूप से आ रही समस्याओं व उनके समाधानों के बारे में सड़क सुरक्षा मित्रों ने जाना। इस अवसर पर अमित श्रीवास्तव, शगुन सक्सेना, दिव्यांशी मिश्रा, आकांक्षा मिश्रा, वैष्णवी सक्सेना, रुद्र प्रताप, देवेश कुमार, सूरज शर्मा, नीतीश यादव, मोहम्मद अमन, हिमांशु सक्सेना, अनूप कुमार, रामबहोरे, साहिल खान सहित विभिन्न माय भारत स्वयंसेवक व ए आर टी ओ कार्यालय तथा ट्रैफिक पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** गांव मंझा निवासी कमलेश पुत्र रामनरेश ने कोतवाली जलालाबाद में शिकायत दर्ज कराने को दिया प्रार्थना पत्र मामला गुरूवार दोपहर प्रार्थी अपनी साइकिल से पत्नी विमला को बैठाकर जलालाबाद से अपने घर वापस लौट रहा था तभी याकूबपुर तिराहे की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने बुलेट एजेंसी के पास लापरवाही बरतते हुए साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों सड़क से दूर उछलकर गिर पड़े। इससे प्रार्थी कमलेश व पत्नी विमला को हाथ, पैर, सिर व चेहरे पर गंभीर व खुली चोटें आई। साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। बाइक (नंबर-यूपी-27AW3774) टक्कर मार कर बाइक सवार मौके से भाग निकला।पीड़ित कमलेश ने प्रभारी निरीक्षक से मुकदमा दर्ज कर मेडिकल कराने व आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। बाइक सवार बाइक लेकर मौके से भाग गया। साथी ने प्रार्थना पत्र कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# पूर्वांचल महासभा सेवा समिति का होली मिलन 15 को

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पूर्वांचल महासभा सेवा समिति का होली मिलन का कार्यक्रम रविवार को गन्ना प्रशिक्षण केंद्र सिटी पार्क के पास आयोजित हो रहा है इसमें मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना होंगे। बैठक में समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम रविवार की शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलेगा। जिसमें होली की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होगी महापौर अर्चना वर्मा भी कार्यक्रम में आएगी। इसके अलावा कई प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। लोकप्रिय कलाकार भी आ रहे हैं जोकि कार्यक्रम में चार चांद लगाएगे। इस मौके पर महामंत्री विपुल प्रसाद सिंह ,वीरेंद्र नाथ आर्य, उपाध्यक्ष उपदेश रावत, अनिल कुमार मौर्य ,कामेश्वर सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह, सुनील तिवारी, कमलेश यादव ,रमन उपाध्याय, एसएम त्रिपाठी, विश्वनाथ मिश्रा, राजेश सिंह ,श्री रामबाबू ,शंभू शरण शुक्ला, त्रिवेणी मिश्रा, गुड्डू सिंह आदि मौजूद थे।



# श्रीकृष्ण ने बाल पकड़कर कंस को नीचे फेंक दिया और सीने पर चढ़कर उसका किया अंत

**चित्रा टॉकीज में चल रही कथा का छठा दिवस**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शहर चित्रा टाकीज में चल रही कथा के छठे दिन कथा व्यास डा दामोदर दीक्षित ने कथा के क्रम में आत्मा और परमात्मा के मिलन एवं महारासलीला की कथा के पश्चात सर्व प्रथम रजोगुण की निवृत्ति बताई,

कथा के क्रम में भगवान के मथुरा प्रवेश की कथा सुनाई अक्रूर जी मथुरा पहुँचा कर वापस लौट गए। फिर दर्जी को भक्ति प्रदान करने की कथा सुनाई, माली से मिलना एवं उसके द्वारा श्रीकृष्ण को माला पहनाना ऐसे भगवान ने उसको धन्य किया। आगे बढ़े तो कुब्जा जो कंस को तिलक लगाती थी उसको भगवान ने स्वयं बुलाया और कहा कि हे सुंदरी यह चन्दन हम ग्वाल वालों के लगा दो उसने सभी को चन्दन लगाया भगवान ने कृपा करके उसके पैर पर पैर रखकर ठेडी को उपर उठा दिया वह परम सुंदरी बन गई उसने कहा प्रभु अब कहाँ जा रहे हो श्रीकृष्ण ने कहा मामा कंस की अतिथ्य स्वीकार करके फिर आपके यहां आउंगा। आगे कंस के दरबार में प्रवेश किया कंस ने कुश्ती के पहलवानों को नियुक्ति किया और कहा कि मल्लयुद्ध के बहाने इन दोनों भाइयों को मार देना। भगवान ने सभी को परास्त करके कंस के आसन के पास जाकर कहा आपने हमारी माँ देवकी के बाल पकड़े थे ऐसा कहकर बाल पकडकर नीचे फेंक दिया और सीने पर चढ़कर उसका अंत कर दिया तथा कारागार में जाकर माँ देवकी और बसुदेव को मुक्त किया व नाना उग्रसेन को जेल जाकर मुक्त करके पुनः राज सिंघासन पर विराजमान कर दिया। इधर गर्गाचार्य कि आज्ञा से श्रीकृष्ण एवं बलराम संदीपन ऋषि के आश्रम में विद्यार्जन करने लगे वहाँ गुरुकुल में एक ब्राह्मण बालक सुदामा से भेंट हुई उससे मित्रता हो गई। गुरुकुल से वापस आये तो उद्धव जी ने अपने मित्र को बताया कि मुझे वृंदावन की बहुत याद आती है उद्धव जी ज्ञानी है भक्ति या प्रेम को नहीं समझते है उनके ज्ञान अहंकार दूर करने के लिए वृंदावन भेज दिया। फिर रुकमनी से श्रीकृष्ण के विवाह की कथा का विस्तृत वर्णन किया। रासलीला की कथा सुनाई तथा प्रद्युम्न के प्रकट होने की कथा सुनाई जिसने संभासुर का वध किया। भगवान को मणि चोरी का असत्य आरोप लगा भगवान ने उस मणि को खोज निकाला जो एक गुफा में जामवंत जी ने सत्राजित को मारकर प्राप्त की थी और अपनी बेटी जमवंती को मणि दी थी। सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन किया। सर्व प्रथम पुरोहित अनंतराम जी द्वारा मुख्य यजमान कमलेश कुमार खन्ना ने देव पूजन करके मंचासीन कथा व्यास एवं संतों विद्वानो का माला चन्दन आदि से स्वागत अभिनन्दन किया। रमेश त्रिपाठी, प्रसून त्रिपाठी एवं रामबली ने संगीत पर हनुमान चालीसा और भजन आदि गाये। रायबरेली से पधारे स्वामी ज्योतिर्मयानन्द महाराज पटना से पधारे स्वामी सत्यनंद महाराज, रामदुलारे त्रिगुनायत, सुमन, राजेश, संचालक आचार्य रामानंद दीक्षित, आदि ने आशीर्वचन प्रदान किये एवं संक्षेप में प्रवचन किया। बिठूर से पधारी साध्वी रमा मिश्रा, आदि की पावन उपस्थिति रही। ध्रुव नारायन मेहरा, सुधा मेहरा, सोमनाथ कपूर एवं सरिता कपूर, जयप्रकाश खन्ना व चंद्र शेखर खन्ना (धीरू खन्ना), रोली खन्ना व रागिनी खन्ना, डा राम मेहरोत्रा, आदि अनेक भक्तों का सहयोग रहा। सायं आरती एवं प्रसाद के साथ कथा को दिवस विश्राम दिया गया। कल सप्तम दिवस की कथा दोनों सत्रों में प्रातः 08:30 से 11:30 तक एवं सायंकालीन 03:30 से 06:30 तक होगी।



# एसपी ग्रामीण ने किया जलालाबाद थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण, परखीं व्यवस्थाएं

**पीस कमेटी की बैठक कर आगामी त्योहारों के लिए मांगा सहयोग**

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) भाँवरे दीक्षा अरुण ने जलालाबाद थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की सुरक्षा, अभिलेखों के रखरखाव और जनसुनवाई प्रणाली का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के उपरांत सर्किल के समस्त थानों का अर्दली रूम (OR) लेकर लंबित मामलों की समीक्षा की गई।

**अभिलेखों और मालखाने का सूक्ष्म अवलोकन:** एएसपी ग्रामीण ने क्षेत्राधिकारी जलालाबाद अजय कुमार राय की उपस्थिति में थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार और बंदी गृह का निरीक्षण किया। उन्होंने अपराध रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर और बीट बुक को अपडेट रखने के निर्देश दिए। सीसीटीएनएस कक्ष और महिला हेल्प डेस्क पर पहुँचकर उन्होंने महिला आगंतुकों से फीडबैक लिया और पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि महिला संबंधी अपराधों में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। निरीक्षण के बाद आयोजित अर्दली रूम में सर्किल के सभी थानों के विवेचकों की क्लास ली गई। एएसपी ने स्पष्ट किया कि लंबित विवेचनाओं का निस्तारण गुणवत्ता के साथ जल्द किया जाए।वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जाए।रात्रि गश्त और प्रभावी बीट पुलिसिंग से अपराधों पर लगाम लगाई जाए।

**पीस कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन**

थाना परिसर में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, धर्मगुरुओं और जनप्रतिनिधियों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। एएसपी ने क्षेत्र में आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। उन्होंने नागरिकों से पुलिस का सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने का अनुरोध किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों को अनुशासन और जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने की सीख दी गई ताकि पुलिस की छवि और बेहतर हो सके। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय और प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा पलटने से युवक घायल, राहगीरों ने बचाया



सिधौली (शाहजहांपुर)। थाना सिधौली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे किताबें लेकर जा रहा एक ई-रिक्शा अचानक पलट गया, जिससे उसमें सवार युवक नीचे दबकर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार महानंदपुर निवासी रजनीश कुमार सिधौली कस्बे से किताबें लेकर आरएलडी पब्लिक स्कूल, मुर्छा मोड़ जा रहे थे। खन्नौत नदी के पुल के पास सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। रिक्शा पलटने से रजनीश कुमार उसके नीचे दब गए और मदद के लिए आवाज लगाने लगे। आवाज सुनकर आसपास के राहगीर मौके पर पहुंचे और ई-रिक्शा को उठाकर उन्हें बाहर निकाला। हादसे में वह चोटिल हो गए। घटना की सूचना परिजनों को दी गई, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए ले गए। इस घटना से कुछ देर के लिए वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

## 10 दिन में भुगतान नहीं, तो होगा धरना

**बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भाकियू अराजनैतिक गुट के कार्यकर्ताओं ने मकसूदापुर चीनी मिल प्रबंधन पर किसानों का बकाया गन्ना भुगतान दस दिनों के अंदर किए जाने की मांग की है। भुगतान न किए जाने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट के प्रदेश उपाध्यक्ष मनजीत सिंह के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने मकसूदापुर स्थित बजाज चीनी मिल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए मिल प्रबंधन का पुतला फूंका । मनजीत सिंह ने बताया कि मिल प्रबंधन की ओर से किसानों का बकाया गन्ना भुगतान नहीं किया जा रहा है । किसान अपने गन्ने का बकाया भुगतान भीख की तरह मांग रहा है फिर भी उसे पैसा नहीं मिल पा रहा है । किसानों को खाद, पानी, बीज और बीमारी तक के पैसे नहीं मिल पा रहे हैं जिससे क्षेत्र के किसान बेहद परेशान हैं । संगठन के कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि यदि किसानों का बकाया गन्ना भुगतान मकसूदापुर चीनी मिल के द्वारा दस दिनों के अंदर नहीं किया जायेगा तो संगठन और किसान मिलकर धरना प्रदर्शन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। पुतला फूंकने वालों में युवा तहसील अध्यक्ष निरंकार सिंह, सुरजीत सिंह,जगतार सिंह, कुंवरपाल, सियाराम, मनीराम, प्रवीण, गौरव शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# सीडीओ की जिला स्तरीय समीक्षा समिति बैठक सम्पन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सीडीओ डा.अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2026ङ्क27 के लिए जनपद की वार्षिक ऋण योजना पर चर्चा की गई तथा 14,802.53 करोड़ के बजट का अनुमोदन किया गया। बैठक में बताया गया कि उक्त बजट में कृषि क्षेत्र के लिए 8,948.29 करोड़ तथा लघु एवं मध्यम उद्योग क्षेत्र हेतु 3,684 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 28.38 प्रतिशत अधिक है। सीडीओ द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बैंकों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही मत्स्य पालन एवं प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन कर योजनाओं का लाभ शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु भी निर्देश दिए गए। बैठक में जनपद का सीडी रेशियो 85.81 प्रतिशत होने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ से प्रतिनिधि नम्रता किरण मेहता द्वारा भी जनपद में बैंकिंग कार्यों की प्रगति की सराहना की गई। बैठक के दौरान कम सीडी रेशियो वाले बैंकों, विशेष रूप से यूबीआई, इंडसइंड बैंक एवं यस बैंक को अपने सीडी रेशियो में सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ नमृता किरन ,डीडीएम नाबार्ड प्रवेश कुमार गंगवार , अग्रणी जिला प्रबंधक आर आर तिवारी, सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक रवि शर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी राजेंद्र कुमार, सहायक निदेशक मत्स्य पूरनलाल, उपयुक्त जिला उद्योग केंद्र संजय कुमार सिंह, पीओ नेडा राम आधार समेत विभिन्न शाखों के प्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों का निरीक्षण

**भ्रमण के दौरान राजस्व ग्रामों में पेयजल आपूर्ति सुचारू मिली**



**शाहजहांपुर।** अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण ने बताया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत शुक्रवार को जनपद के 3 राजस्व ग्रामों ढकिया राधा, विकास खण्ड तिलहर, बचौरी एवं महाऊ दुर्ग, विकास खण्ड सिंधौली में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति पर महात्मा ज्योतिवाफुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली टीम द्वारा हर घर नल हर घर जल इम्पैक्ट अस्सिमेंट किया गया। टीम में डा. अजय त्रिवेदी, डा. अफसाना, डा. निवेदिता त्रिवेदी, डा. रपपाम अली, डा. विश्वदीप सिंह तथा सोशल वर्क डिपार्टमेन्ट के 25 छात्र एवं जल निगम ग्रामीण की ओर से पंकज गंगवार, सहायक अभियन्ता, दर्शन लाल सहायक अभियन्ता, चैतन मिश्र, जूनियर इंजीनियर, दीपेन्द्र सिंह, स्वपनिल मिश्रा, परवेस गंगवार, श्री कृष्णम् राजू उपस्थित रहे। टीम द्वारा योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा योजना अन्तर्गत आ रहे प्राथमिक विद्यालयों आदि के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से योजना से प्राप्त हो रहे लाभ के विषय में कई बिन्दुओं पर संवाद एवं समीक्षा की गयी। छात्रों द्वारा लाभार्थियों से घर-घर जाकर योजना से प्राप्त लाभ तथा योजना चालू होने के पश्चात उनके जीवन में आने वाले स्वास्थ्य सम्बन्धित बदलाव, सामाजिक व्यवहार में बदलाव, रोजगार के अवसर, शिक्षा की स्थिति तथा महिलाओं की स्थिति के बदलाव के बारे में रूप से चर्चा की गयी। भ्रमण के दौरान सभी राजस्व ग्रामों में पेयजल की आपूर्ति सुचारू रूप से पाई गयी।

# ब्लैक स्पॉट भ्रमण व सड़क सुरक्षा संबंधी किट किए वितरित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सड़क सुरक्षा के प्रति युवाओं और आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से व अभियान में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करने हेतु सड़क सुरक्षा मित्र अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम माय भारत कार्यालय में आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय तथा ट्रैफिक पुलिस विभाग के समन्वय से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सीओ यातायात संजय कुमार सिंह, जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया, संभागीय निरीक्षक विकास यादव, माल एवं कर अधिकारी आरपी गौतम, टीएसआई विनय पांडेय ने सभी युवाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों, सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी। जिससे युवाओं में जागरूकता आये और वह समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। इस अवसर पर सभी को प्राथमिक चिकित्सा किट, जैकेट, हेलमेट, टॉर्च, ट्रैफिक बटन आदि आवश्यक उपकरण सहित प्रमाण पत्र भी प्रदान किये गए। सीओ यातयात संजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने में मदद मिलती है। संभागीय निरीक्षक विकास यादव व माल एवं कर अधिकारी आर पी गौतम ने माय भारत स्वयंसेवकों को विभिन्न यातायात नियमों, सड़क संकेतों, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग के दुष्प्रभाव तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं में जिम्मेदारी, नेतृत्व और सामाजिक सेवा की भावना का विकास होता है। टी एस आई विनय पांडेय ने युवाओं से नशे में गाड़ी न चलाने,वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने व तय गति अनुसार ही वाहन चलाने हेतु समाज में जागरूकता के लिये प्रेरित किया और कहा कि युवा स्वयंसेवक सड़क सुरक्षा मित्र के रूप में कार्य करते हुए आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेंगे और सुरक्षित सड़क संस्कृति को बढ़ावा देंगे। साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न नियमों पर भी प्रकाश डाला। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों को दुर्घटना स्थल अध्ययन के तहत ब्लैक स्पॉट नगरिया मोड़ व निकट के स्थलों का भ्रमण कराया गया जहाँ सड़क सुरक्षा अंतर्गत व्यवहारिक रूप से आ रही समस्याओं व उनके समाधानों के बारे में सड़क सुरक्षा मित्रों ने जाना। इस अवसर पर अमित श्रीवास्तव, शगुन सक्सेना, दिव्यांशी मिश्रा, आकांक्षा मिश्रा, वैष्णवी सक्सेना, रुद्र प्रताप, देवेश कुमार, सूरज शर्मा, नीतीश यादव, मोहम्मद अमन, हिमांशु सक्सेना, अनूप कुमार, रामबहोरे, साहिल खान सहित विभिन्न माय भारत स्वयंसेवक व ए आर टी ओ कार्यालय तथा ट्रैफिक पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा पर विशेष कार्यक्रम: सीता त्रिवेदी

**हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के माध्यम से निपुण बालकों व उत्कृष्ट शिक्षिकाओं का सम्मान**

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ब्लॉक संसाधन केंद्र जलालाबाद में खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी के निर्देशन मेंहमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को प्रारंभिक अवस्था से ही शिक्षा से जोड़ना तथा समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनोद अग्निहोत्री, तहसीलदार जलालाबाद अनुराग दुबे, सहायक विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ उरूज़ फातिमा खान तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी व आंगनवाड़ी सुपरवाइजर शीलू यादव एवं निधि सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती जी के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ शुरू हुआ जिसने पूरे वातावरण को शिक्षा और संस्कार की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पाँच सर्वश्रेष्ठ आंगनवाड़ी केंद्रों तथा पाँच महिला शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही प्रत्येक न्याय पंचायत से दो निपुण बालकों को भी सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनोद अग्निहोत्री ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे निपुण भारत मिशन जैसे कार्यक्रम बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और समाज के सहयोग से ही शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।तहसीलदार अनुराग दुबे ने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देना बेहद आवश्यक है, क्योंकि यही उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव होती है। समाज और शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयासों से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा उनके सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव होती है। उन्होंने बताया कि हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम के माध्यम से आंगनवाड़ी और विद्यालय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है सहायक विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य बच्चों को बेहतर शिक्षा और पोषण उपलब्ध कराना है। मुख्य वक्ता विश्वनाथ प्रताप सिंह ने कहा कि आंगनवाड़ी और विद्यालय के समन्वय से बच्चों के विकास को नई दिशा मिल रही है डॉ उरूज़ फातिमा खान ने शिक्षा के साथ स्वास्थ्य पर जोर दिया एआरपी अरविंद कुमार ने कहा कि निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्रत्येक बच्चे को बुनियादी साक्षरता और गणना कौशल प्रदान करना हमारा लक्ष्य है और इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों व अभिभावकों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूर्व एआरपी मदन गोपाल कटियार ने कहा कि प्रारंभिक स्तर पर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सही मार्गदर्शन मिलना बहुत जरूरी है। आंगनवाड़ी और विद्यालय के समन्वित प्रयासों से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी जा सकती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विश्वनाथ प्रताप सिंह राहुल कुमार सिंह प्रमोद कुमार मदन गोपाल कटियार पंकज कुमार एआरपी नरेंद्र कुशवाहा अरविंद कुमार पंकज द्विवेदी एवं राजीव कुमार का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में सभी शिक्षक संकुल एवं प्रधानाध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अरुण कुमार अग्निहोत्री द्वारा किया गया।

## खबरें एक नजर में

### पीलीभीत में अलविदा जुमा की नमाज को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस रही तैनाती



**पीलीभीत।** रमजानुल मुबारक के आखिरी जुमे यानी जुमातुल विदा (अलविदा जुमा) की नमाज के मद्देनजर शहर की ऐतिहासिक शाही जामा मस्जिद के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने आज स्थलीय निरीक्षण किया।दोनों अधिकारियों ने मस्जिद परिसर, आसपास की गलियों और मुख्य प्रवेश द्वारों का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि नमाज के दौरान किसी भी तरह की असामाजिक गतिविधि पर सख्त नजर रखी जाए और श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ अमन-चैन बनाए रखा जाए।जुमातुल विदा की नमाज के समय जामा मस्जिद के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पीएसी की टीमें, महिला पुलिसकर्मी और स्थानीय थाना प्रभारी भी मौके पर मौजूद रहे। संवेदनशील इलाकों में गश्त बढ़ा दी गई है और ड्रोन/सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है, जैसा कि पिछले वर्षों में भी प्रचलित रहा है।प्रशासन का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि हजारों नमाजियों के साथ शांतिपूर्ण ढंग से इबादत पूरी हो और ईद-उल-फितर की तैयारियां भी सुखद माहौल में हो सकें। नमाज के बाद नमाजियों ने अमन-ओ-अमान, मुल्क की तरक्की और समृद्धि की दुआएं मांगीं।प्रशासन ने सभी से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और किसी भी अफवाह से बचें। जिला प्रशासन ने कहा कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं और कोई चूक नहीं बरती जाएगी।

### सिधौली में तीसरे दिन भी गैस एजेंसी पर लगी भीड़, केवाईसी और गैस सिलेंडर के लिए लोग परेशान



**सिधौली, शाहजहांपुर।** अजय इंडेन गैस एजेंसी कार्यालय सिधौली पर शुक्रवार 13 मार्च को तीसरे दिन भी उपभोक्ताओं की भारी भीड़ लगी रही। गैस सिलेंडर लेने आए लोग अपनी प्रक्रिया पूरी कराने के लिए सुबह से ही एजेंसी पर पहुंच गए। कुछ उपभोक्ता केवाईसी करा रहे थे तो कुछ गैस बुकिंग की पर्ची लेने के लिए लाइन में लगे दिखाई दिए। बताया गया कि जिन उपभोक्ताओं ने पहले पाइप नहीं लिया था, उन्हें बुकिंग के साथ 190 रुपये का पाइप भी दिया जा रहा है। अरविंद ने बताया कि उन्हें भी 190 रुपये का पाइप दिया गया है। मोनू, सर्वेश, कुसुमलता, राजरानी, सरिता देवी, प्रेमलता, राजू और उमाकांत सहित कई लोगों ने बताया कि भीड़ अधिक होने के कारण एक से दो घंटे तक लाइन में लगना पड़ रहा है, इसके बाद भी काम जल्दी नहीं हो पा रहा है। वहीं गोदाम प्रभारी दानिश ने बताया कि नियमानुसार सभी उपभोक्ताओं का काम किया जा रहा है। जिनकी गैस बुक हो चुकी है, उन्हें पर्ची मिलने के बाद सिलेंडर भी दिया जाएगा।

## बिजली विभाग के ठेकेदार का बिजली सामान चोरी

**तिलहर-शाहजहांपुर।** जय मां दुर्गा ट्रेडिंग कंपनी के ठेकेदार का बिजली का सामान अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। नगर के मोहल्ला हिंदू पट्टी निवासी राजीव शर्मा ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनका विद्युत विभाग में बिजली के खंभे आदि लगाने का काम ठेके पर चलता है। नगर के नेशनल हाईवे स्थित एलबीजेपी फील्ड के निकट उन्होंने गोदाम बना रखा है। शुक्रवार को जब वह पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दरवाजे की कुंडी कटी हुई थी और अंदर रखा हुआ 20 कुंतल बिजली का तार,क्लैंप सहित कई विद्युत उपकरण वहां से गायब थे।घटना के बारे में जब उन्होंने एक कबाड़ा व्यवसाय से जानकारी ली और उस पर संदेह जताया तो उक्त व्यक्ति हमलावर हो गया और जान से मारने की धमकी देने लगा।

## बीएसए ने किया बालीबल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट का शुभारंभ



**शाहजहांपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा कांट ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय जाजलपुर में बच्चों के खेलने के लिए बालीबाल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, झूला आदि का शुभारम्भ किया गया। बच्चों के साथ खेल भी खेले तथा उनके द्वारा झूलो पर बच्चों को बिठा कर झुलाया भी गया। बच्चों के द्वारा बीएसए महोदय का स्वागत गीत गाकर स्वागत भी किया गया। बीएसए ने कहा यदि समस्त शिक्षक प्रतिनिधि अपने अपने विद्यालयों में इसी तरह प्रयास कर ले तो बेसिक शिक्षा में मूलभूत परिवर्तन आ जाएगा उनके साथ जिला समन्वयक सचिन वर्मा भी उपस्थित रहे।उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह ने बीएसए को आश्वस्त किया कि अधिकतर शिक्षक अच्छा प्रयास कर रहे हैं एवं आगे भी आपकी अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर संपन्न

**एनएसएस के स्वयंसेवकों को समाजसेवा के लिए किया गया प्रेरित**

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**





शुक्रवार को विवेकानंद कॉलेज आफ हायर एजुकेशन बिथरा में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के सात दिवसीय शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया गया। जिसमें अलंकार शर्मा (सचिव महाविद्यालय), भूपेंद्र सिंह,प्राचार्य डॉ रामानंद वैद्य,कार्यक्रम अधिकारी सचिन कुमार, योगेन्द्र कुमार, हेमंत कुमार, राजेंद्र पाल, रोहित राणा, रविन्द्र कुमार, मो नसीम, अनिता हालदार, ममता राजपूत, सोनल प्रजापति आदि उपस्थित रहे। महाविद्यालय के अतिथियों ने स्वयं सेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यों को अपने जीवन में उतारने एवं इसे समाज की सेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम ,भाषण,नुक्कड़ नाटक ने सभी का मन मोह लिया ।कार्यक्रम का संचालन स्वयं सेविका शिवानी श्रीवास्तव एवं स्वयंसेवी राजकुमार सागर ने किया।


**सूचना**

मैं गुलजार सिंह सरन पुत्र हरभजन सिंह निवासी-सैदापुर डावचाट, बण्डा,जनपद-शाहजहांपुर अपना नाम बदलकर गुलजार कर सिंह रख लिया है। आगे मुझे गुलजार सिंह नाम से जाना जाएगा।



## कार्यालय नगर पंचायत कॉंट, जनपद-शाहजहांपुर

**निविदा सूचना**

पत्रांकः-308/न0पं0कॉंट/2025-26 दिनांक 12-03-2026

समस्त विक्रेताओं/फर्मो/सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कॉंट, जनपद-शाहजहांपुर में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में नगर पंचायत कांट में स्थित गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों के भरण-पोषण हेतु भूसा, हरा चारा एवं पशु आहार (दाना) की आपूर्ति ली जानी है। जिस हेतु शासनादेश सं०-1844/सैंतीस-2-2025-5(53)/2018टीसी-3 दिनांक 14 नवम्बर, 2025 के बिन्दु सं०-2 के अनुसार भूसा-800 रू० प्रति कुन्तल, हरा चारा-300 रू० प्रति कुन्तल एवं पशु आहार-2200 रू० प्रति कुन्तल की अधिकतम दरें निर्धारित की गयी है। जिसके कम में भूसा, हरा चारा एवं पशु आहार (दाना) की आपूर्ति हेतु दिनांक 28-03-2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों की बिकी दिनांक 27-03-2026 को सायं 05:00 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस में निर्धारित निविदा शुल्क जमा करके कय किये जा सकते है। प्राप्त निविदाये दिनांक 30-03-2026 को कार्यालय में खोली जायगी। आगणन व अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालय में किसी कार्य दिवस में देखे जा सकते हैं।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य जिसमें जी.एस.टी. मूल्य 18 प्रतिशत सम्मिलित है। | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों के भरण-पोषण हेतु भूसा, हरा चारा एवं पशु आहार (दाना) की आपूर्ति | – | 15,000.00 | 1000+180=1180 | अवश्यकतानुसार समय-समय पर |

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कॉंट,शाहजहॉंपुर

अध्यक्ष, नगर पंचायत कॉंट,शाहजहॉंपुर

## आज पंजाब चौतरफा गंभीर संकट से घिरा

पंजाब में जन्म लेने वालों के लिए रोज नई मुहिम वाली कहावत हमारी समृद्ध विरासत और अनुभवों से जन्मी है। स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान और आजादी की प्राप्ति के बाद लोगों को दरपेश मुश्किलों के हल के लिए लड़े गए गौरवशाली संघर्ष इस तथ्य की गवाही देते हैं। परंतु आज पंजाब चारों तरफसे गंभीर संकट से घिरा हुआ है। पंजाब की जिस जवानी पर सारा देश कभी गर्व किया करता था, वही आज बेरोजगारी के कारण गैंगस्टरवाद, नशाखोरी आदि अराजक प्रवृत्तियों का शिकार बनी हुई है। पांच नदियों की धरती, पानी के 'महा अकाल' जैसे हालातों की दहलीज पर आ खड़ी हुई है। हरित क्रांति की बदौलत शिखर पर पहुंची कृषि पैदावार अब ठहराव में है या गिरावट की ओर जा रही है। रासायनिक खादों, कीटनाशकों, संशोधित बीजों आदि के दुरुपयोग से धरती बंजर बनती जा रही है। खनन और रेत माफिया ने पंजाब के पर्यावरण को तबाह कर दिया है। इन अप्रिय हालातों को पैदा होने से रोका जा सकता था या समस्या से अब भी सफलतापूर्वक निपटा जा सकता है लेकिन शर्त यह है कि प्रांत का राजनीतिक नेतृत्व ऐसे लोगों के हाथ में होना चाहिए, जो सिख गुरु साहिबान द्वारा रचित मानवीय बाणी, भक्ति लहर के महान रहबरों की तर्कवादी शिक्षाओं, गदरी शूरवीरों और शहीद-ए-आजम भगत सिंह व उनके साथियों की इंकलाबी विचारधारा के प्रति समघ्पत हों। जो निजी स्वार्थ की बजाय सामाजिक हितों को प्राथमिकता देते हों। अफसोस, हमारा गौरवशाली पंजाब ऐसे नेतृत्व से स्पष्ट रूप से वंचित दिख रहा है! अंधविश्वास और स्वार्थ फैला रहे डेरों की भरमार है। अधिकांश अकाली धड़े धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र, संघीय ढांचे की रक्षा के कर्तव्य और सबसे बढ़कर मनुष्य द्वारा मनुष्य की लूट के खात्मे के सुनहरे सिद्धांत को त्याग कर देश की सत्ताधारी पार्टी, भाजपा के साथ राजनीतिक सांठगांठ करना चाहते हैं। कांग्रेस पार्टी, जिसकी आजादी के आंदोलन में मुख्य भूमिका रही, भाजपा विरोधी दलों में आज भी बड़े जनाधार वाली पार्टी है लेकिन आपसी फूट में बुरी तरह फंसी हुई है। भाजपा केंद्रीय सत्ता पर काबिज होने का लाभ उठाकर 'साम-दाम-दंड-भेद' की नीति के सहारे पंजाब की सत्ता पर काबिज होने का प्रयास कर रही है। यह कई प्रकार के लालच और प्रलोभन देकर दलित समाज में भी अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही है। धार्मिक डेरों और सरकारी एजैंसियों के उपयोग तथा दूसरे दलों से सिद्धांतहीन स्वार्थी तत्वों को भाजपा में शामिल करके भाजपा नेता पंजाब की प्रमुख राजनीतिक शक्ति बनने की आस लगाए बैठे हैं। 'विकल्प' प्रदान करने के नाम पर सत्ता में आई भगवंत मान की 'आप' सरकार के प्रति लोगों का मोहभंग हो रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा वोट हासिल करने के लिए लोगों को 200 ग्राम हल्दी और एक नमक की थैली मुफ्त देने जैसे घटिया हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। लोगों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने तथा भ्रष्टाचार का खात्मा करके सुशासन देने वाली 'कट्टर ईमानदार' पार्टी होने के दावे अब लोगों के गले से नीचे नहीं उतर रहे। 'नशों के विरुद्ध समयबद्ध युद्ध' छेड़ने के बाद, नशे के अत्यधिक उपयोग से होने वाली मौतों और नशा तस्करों के कारोबार में भारी वृद्धि हुई है। सरकार और प्रशासनिक मशीनरी की 'बुलडोजर' कार्रवाइयों और झूठी पुलिस मुठभेड़ों से हालात 'जंगल राज' जैसे बन गए हैं। गैंगस्टरों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। वे समय और स्थान की अग्रिम घोषणा करके किसी को सरेआम गोलियां मार देते हैं। भ्रष्टाचार की स्थिति यह है कि शायद ही कोई मंत्री, विधायक या 'आप' नेता ऐसा हो, जिसने 'आप' के कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार की गंगा में डुबकी न लगाई हो। इन लोगों की संपत्तियों और बैंक खातों में पिछले 4 वर्षों में हुई वृद्धि की निष्पक्ष जांच किए जाने से 'कट्टर ईमानदार' पार्टी के सारे भेद खुल सकते हैं! पंजाब के भीतर वामपंथी, लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक शक्तियों की आज भी भारी मौजूदगी है। इन्हें एकजुट करके एक जनपक्षीय राजनीतिक विकल्प खड़ा किया जा सकता है। इस राजनीतिक विकल्प का मूल आधार पंजाब की देशभक्ति और पीड़ित लोगों के लिए आत्म-बलिदान की परंपराएं, सिख गुरु साहिबान के मानवीय दर्शन का मार्गदर्शन, भक्ति आंदोलन के महापुरुषों की प्रबुद्ध शिक्षाएं और सभी बाधाओं, साजिशों व विभिन्न रंगों के सांप्रदायिक तत्वों का राजनीतिक-वैचारिक मोर्चे पर मुकाबला करने की क्षमता होगा।

# फूहड़ कंटेंट, सोशल मीडिया और संस्कृति : जिम्मेदारी किसकी?

*डॉ. प्रियंका सौरभ*

डिजिटल युग ने हमारी सामाजिक संरचना, सोच और अभिव्यक्ति के तरीकों को बदलकर रख दिया है। आज मोबाइल फोन और इंटरनेट के माध्यम से कोई भी व्यक्ति कुछ ही सेकंड में लाखों लोगों तक पहुंच सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने अभिव्यक्ति को लोकतांत्रिक बनाया है- जहां पहले मनोरंजन और प्रसिद्धि के अवसर सीमित लोगों तक होते थे, अब हर व्यक्ति के पास अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच है। लेकिन इस नए अवसर के साथ कई नई चुनौतियाँ भी सामने आई हैं। इन चुनौतियों में सबसे बड़ी बहस उस कंटेंट को लेकर है जिसे समाज का एक वर्ग फूहड़ या अशोभनीय मानता है।

पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया पर उस तरह के वीडियो तेजी से वायरल होते देखे गए हैं जिनमें डांस, अभिनय या मनोरंजन के नाम पर ऐसे हावभाव और प्रस्तुति दिखाई जाती है जिन्हें कई लोग सांस्कृतिक मूल्यों के विरुद्ध मानते हैं। इन वीडियो को लाखों व्यूज, लाइक्स और शेयर मिलते हैं, जिससे वे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचते हैं। लोकप्रियता की इस दौड़ में कई बार कंटेंट की गुणवत्ता और सामाजिक जिम्मेदारी पीछे छूट जाती है।

समाज के बड़े वर्ग का मानना है कि इस प्रकार के कंटेंट का प्रभाव विशेष रूप से युवाओं और किशोरों पर पड़ता है। जब वे देखते हैं कि कुछ लोग केवल कुछ सेकंड के वीडियो बनाकर अत्यधिक प्रसिद्धि और आर्थिक लाभ प्राप्त कर रहे हैं, तो उनके मन में भी वैसा ही करने की इच्छा पैदा हो सकती है। कई बार यह प्रेरणा रचनात्मक दिशा में जाती है- जैसे संगीत, कला, नृत्य या शिक्षा से जुड़े कंटेंट बनाना। लेकिन कई मामलों में यह प्रेरणा केवल वायरल होने की दौड़ में बदल जाती है, जहां ध्यान आकर्षित करने के लिए किसी भी प्रकार का तरीका अपनाया जाता है।

यह भी देखा गया है कि सोशल मीडिया पर ट्रेंड और एल्गोरिद्म का बहुत बड़ा प्रभाव होता है। जो कंटेंट अधिक देखा और साझा किया जाता है, वही तेजी से फैलता है। ऐसे में यदि दर्शक बार-बार उसी प्रकार के वीडियो देखते हैं जिन्हें वे स्वयं फूहड़ कहते हैं तो अनजाने में वे उसी प्रवृत्ति को बढ़ावा भी दे रहे होते हैं। इसलिए केवल कंटेंट बनाने वालों को दोष देना इस समस्या का पूरा समाधान नहीं है। दर्शक भी इस डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

दूसरी ओर, यह तर्क भी सामने आता है कि कला और मनोरंजन की अपनी स्वतंत्रता होती है। नृत्य, अभिनय और अभिव्यक्ति के कई रूप होते हैं और हर व्यक्ति उन्हें अलग-अलग तरीके से देखता है। जो एक व्यक्ति को अनुचित लगता है, वही दूसरे के लिए केवल मनोरंजन या कला का रूप हो सकता है। इसी कारण इस विषय पर समाज में तीखी बहस देखने को मिलती है। कुछ लोग इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हिस्सा मानते हैं, जबकि अन्य इसे सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के क्षरण के रूप में देखते हैं।




**कई युवा इस भ्रम में पड़ सकते हैं कि केवल विवादास्पद या ध्यान आकर्षित करने वाला कंटेंट ही सफलता का रास्ता है। परिणामस्वरूप वे अपनी प्रतिभा को विकसित करने की बजाय तात्कालिक लोकप्रियता के पीछे भागने लगते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल व्यक्तिगत विकास को प्रभावित करती है, बल्कि समाज में मनोरंजन की गुणवत्ता पर भी असर डालती है।**
**संस्कृति की बात करें तो यह किसी एक व्यक्ति या एक पीढ़ी की देन नहीं होती। संस्कृति सदियों के अनुभव, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से बनती है। इसमें परिवर्तन भी होता रहता है क्योंकि हर युग अपने साथ नए विचार और नए रूप लेकर आता है। लेकिन परिवर्तन और अतिरेक के बीच संतुलन बनाए रखना भी आवश्यक है। जब मनोरंजन का उद्देश्य केवल सनसनी या ध्यान आकर्षित करना बन जाए, तो समाज में यह चिंता स्वाभाविक है कि कहीं हम अपने मूल्यों से दूर तो नहीं जा रहे।**
**इस संदर्भ में परिवार, शिक्षा और समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। बच्चों और युवाओं को यह समझाना जरूरी है कि इंटरनेट पर दिखने वाली हर चीज़ अनुकरण के योग्य नहीं होती। डिजिटल साक्षरता यानी यह समझ कि ऑनलाइन दुनिया कैसे काम करती है, आज के समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है। यदि युवा यह समझ पाएँ कि एल्गोरिद्म कैसे काम करते हैं, व्यूज और लाइक्स कैसे बढ़ते हैं और किस प्रकार का कंटेंट उन्हें प्रभावित कर सकता है तो वे अधिक जागरूक निर्णय ले सकेंगे।**

यहाँ एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है- क्या किसी भी प्रकार की लोकप्रियता को सफलता का मानक माना जाना चाहिए? सोशल मीडिया ने प्रसिद्धि प्राप्त करने की प्रक्रिया को बहुत तेज कर दिया है। पहले किसी कलाकार को पहचान पाने में वर्षों लग जाते थे; आज एक वायरल वीडियो किसी को रातोंरात स्टार बना सकता है। लेकिन यह त्वरित प्रसिद्धि कई बार स्थायी नहीं होती और इसके सामाजिक प्रभाव भी जटिल हो सकते हैं।

कई युवा इस भ्रम में पड़ सकते हैं कि केवल विवादास्पद या ध्यान आकर्षित करने वाला कंटेंट ही सफलता का रास्ता है। परिणामस्वरूप वे अपनी प्रतिभा को विकसित करने की बजाय तात्कालिक लोकप्रियता के पीछे भागने लगते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल व्यक्तिगत विकास को प्रभावित करती है, बल्कि समाज में मनोरंजन की गुणवत्ता पर भी असर डालती है।

संस्कृति की बात करें तो यह किसी एक व्यक्ति या एक पीढ़ी की देन नहीं होती। संस्कृति सदियों के अनुभव, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से बनती है। इसमें परिवर्तन भी होता रहता है क्योंकि हर युग अपने साथ नए विचार और नए रूप लेकर आता है। लेकिन परिवर्तन और अतिरेक के बीच संतुलन बनाए रखना भी आवश्यक है। जब मनोरंजन का उद्देश्य केवल सनसनी या ध्यान आकर्षित करना बन जाए, तो समाज में यह चिंता स्वाभाविक है कि कहीं हम अपने मूल्यों से दूर तो नहीं जा रहे।

इस संदर्भ में परिवार, शिक्षा और समाज की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। बच्चों और युवाओं को यह समझाना जरूरी है कि इंटरनेट पर दिखने वाली हर चीज़ अनुकरण के योग्य नहीं होती। डिजिटल साक्षरता यानी यह समझ कि ऑनलाइन दुनिया कैसे काम करती है, आज के समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है। यदि युवा यह समझ पाएँ कि एल्गोरिद्म कैसे काम करते हैं, व्यूज और लाइक्स कैसे बढ़ते हैं और किस प्रकार का कंटेंट उन्हें प्रभावित कर सकता है तो वे अधिक जागरूक निर्णय ले सकेंगे।

कंटेंट क्रिएटर्स की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। जो लोग लाखों दर्शकों तक पहुंच रखते हैं, उनके पास समाज को प्रभावित करने की शक्ति भी होती है। यदि वे अपनी लोकप्रियता का उपयोग सकारात्मक संदेश, रचनात्मक कला और प्रेरणादायक सामग्री के लिए करें तो वही सोशल मीडिया समाज के लिए सशक्त मंच बन सकता है। कई उदाहरण ऐसे भी हैं जहां क्रिएटर्स ने शिक्षा, लोक संस्कृति, भाषा और परंपराओं को बढ़ावा देने का काम किया है और लाखों लोगों को प्रभावित किया है।

इसलिए समाधान केवल विरोध या बहिष्कार में नहीं बल्कि संतुलित दृष्टिकोण में है। समाज को यह तय करना होगा कि वह किस प्रकार के कंटेंट को बढ़ावा देना चाहता है। यदि दर्शक रचनात्मक, ज्ञानवर्धक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध सामग्री को अधिक समर्थन देंगे, तो स्वाभाविक रूप से वही कंटेंट अधिक दिखाई देगा।

सोशल मीडिया का एल्गोरिद्म अंततः दर्शकों की पसंद पर ही निर्भर करता है।

इसके साथ ही प्लेटफॉर्म कंपनियों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे ऐसे मानक और नीतियाँ विकसित करें जो समाज के व्यापक हितों का ध्यान रखें। कई प्लेटफॉर्म पहले ही समुदाय दिशा-निर्देश (community guidelines) लागू करते हैं लेकिन उनकी प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि उन्हें कितनी गंभीरता से लागू किया जाता है।

अंततः यह समझना जरूरी है कि संस्कृति की रक्षा केवल नारों या हैशटैग से नहीं होती। संस्कृति तब मजबूत होती है जब समाज अपने व्यवहार, चुनाव और प्राथमिकताओं के माध्यम से उसे जीवित रखता है। यदि हम वास्तव में अपनी सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो हमें सकारात्मक विकल्पों को बढ़ावा देना होगा- चाहे वह लोक कला हो, पारंपरिक संगीत हो, साहित्य हो या आधुनिक लेकिन संवेदनशील और जिम्मेदार मनोरंजन।

सोशल मीडिया एक शक्तिशाली माध्यम है। यह समाज को जोड़ भी सकता है और भटका भी सकता है। फर्क केवल इस बात से पड़ता है कि हम इसे किस तरह उपयोग करते हैं।

यदि क्रिएटर्स जिम्मेदारी के साथ कंटेंट बनाएँ और दर्शक विवेकपूर्ण तरीके से उसे चुनें, तो यही प्लेटफॉर्म संस्कृति के संरक्षण और रचनात्मक अभिव्यक्ति का सबसे बड़ा मंच बन सकता है।

आखिरकार, संस्कृति किसी एक व्यक्ति, एक वीडियो या एक ट्रेंड से न तो बनती है और न ही खत्म होती है। यह समाज की सामूहिक चेतना और निर्णयों से आकार लेती है। इसलिए यह जिम्मेदारी हम सबकी है- क्रिएटर की भी, दर्शक की भी और समाज की भी।

*(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

विचार

# अबरार की बोली ने फिर दिखाया क्रिकेट कारोबार व सरहदों के बीच तनाव



अजय कुमार

क्रिकेट को अक्सर जेंटलमैन गेम कहा जाता है, लेकिन भारतीय उपमहाद्वीप में यह खेल लंबे समय से भावनाओं, राजनीति और पहचान के सवालों से भी जुड़ा रहा है। मैदान पर गेंद और बल्ले के बीच होने वाली टक्कर कई बार सीमाओं के पार फैले रिश्तों की परछाईं भी बन जाती है। इंग्लैंड की 100 गेंदों वाली लीग 'द हंड्रेड' के हालिया ऑक्शन में पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अबरार अहमद को भारतीय स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी सनराइजर्स लीड्स द्वारा खरीदे जाने के बाद जो बहस छिड़ी है, उसने एक बार फिर यही दिखाया कि क्रिकेट का मैदान कई बार राजनीति, व्यापार और भावनाओं के संगम का मंच बन जाता है। ऑक्शन में अबरार अहमद पर लगभग 1.90 लाख पाउंड यानी करीब 2.34 करोड़ रुपये की बोली लगी। क्रिकेटिंग दृष्टि से देखें तो यह एक साधारण फैसला था। टी20 और छोटे प्रारूपों के क्रिकेट में मिडिल ओवर्स में विकेट लेने वाले स्पिनरों की मांग हमेशा रहती है। खासकर ऐसे स्पिनर जो अपनी गेंदबाजी में विविधता रखते हों और बल्लेबाजों को भ्रमित कर सकें। अबरार अहमद इसी श्रेणी के गेंदबाज माने जाते हैं। पाकिस्तान के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उन्होंने अपनी 'मिस्ट्री स्पिन' से कई बल्लेबाजों को परेशान किया है। इसलिए किसी भी फेंचाइजी के लिए उन्हें टीम में शामिल करना रणनीतिक रूप से समझदारी भरा कदम माना जा सकता है।

लेकिन जैसे ही यह खबर सामने आई कि उन्हें भारतीय स्वामित्व वाली टीम ने खरीदा है, चर्चा का स्वर बदल गया। भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट हमेशा सामान्य खेल संबंधों की तरह नहीं रहा। दोनों देशों के राजनीतिक रिश्तों में लंबे समय से तनाव रहा है और इसका असर क्रिकेट पर भी साफ दिखाई देता है। यही वजह है कि पिछले डेढ़ दशक से दोनों देशों के बीच कोई द्विपक्षीय क्रिकेट सीरीज नहीं खेली गई है।

जब भी दोनों टीमें अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में आमने-सामने होती हैं, वह मुकाबला खेल से कहीं ज्यादा भावनात्मक और प्रतीकात्मक बन जाता है। फ्रेंचाइजी क्रिकेट के शुरुआती दौर में हालांकि तस्वीर अलग थी। इंडियन प्रीमियर लीग के पहले सीजन में पाकिस्तान के कई खिलाड़ी अलग-अलग टीमों के लिए खेले थे। उस समय उम्मीद थी कि क्रिकेट शायद दोनों देशों के बीच रिश्तों को सामान्य बनाने में एक पुल की भूमिका निभा सकता है। लेकिन उसी साल के बाद हालात तेजी से बदल गए और राजनीतिक तनाव ने क्रिकेट को भी अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद से पाकिस्तानी खिलाड़ियों की आईपीएल में वापसी का रास्ता लगभग बंद हो गया।




इसी पृष्ठभूमि में अबरार अहमद की यह खरीद चर्चा का विषय बनना स्वाभाविक था। कई लोगों ने सवाल उठाया कि जब भारत की सबसे बड़ी लीग में पाकिस्तानी खिलाड़ियों को जगह नहीं मिलती, तो भारतीय निवेश वाली फ्रेंचाइजी को दूसरी लीग में ऐसा फैसला क्यों लेना चाहिए। दूसरी ओर कुछ लोगों ने इसे पूरी तरह पेशेवर फैसला बताते हुए कहा कि फेंचाइजी क्रिकेट में खिलाड़ियों का चयन प्रदर्शन और टीम की जरूरतों के आधार पर होना चाहिए, न कि उनकी राष्ट्रीयता के आधार पर।यह विवाद दरअसल आधुनिक फ्रेंचाइजी क्रिकेट के बदलते स्वरूप को भी सामने लाता है। पिछले एक दशक में क्रिकेट का ढांचा तेजी से वैश्विक हुआ है। आज कई बड़े निवेश समूह दुनिया भर की अलग-अलग लीगों में टीमें खरीद रहे हैं। एक ही फ्रेंचाइजी नेटवर्क दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और इंग्लैंड जैसी लीगों में सक्रिय है। इस वैश्विक मॉडल में टीमों के फैसले अक्सर व्यावसायिक रणनीति और खेल प्रदर्शन के आधार पर लिए जाते हैं।

लेकिन उपमहाद्वीप में क्रिकेट अभी भी केवल खेल नहीं है। यहां यह राष्ट्रीय पहचान और भावनात्मक जुड़ाव का हिस्सा है। यही कारण है कि जब भी भारत और पाकिस्तान से जुड़ा कोई क्रिकेट फैसला सामने आता है, तो वह तुरंत व्यापक चर्चा का विषय बन जाता है।इस पूरे विवाद का एक और दिलचस्प पहलू भी है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड की नीति के अनुसार सक्रिय भारतीय खिलाड़ी विदेशी लीगों में नहीं खेल सकते। केवल वही खिलाड़ी विदेशी लीगों में भाग ले सकते हैं जो अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले चुके हों। बोर्ड का तर्क है कि यह नीति आईपीएल की विशिष्टता और आर्थिक ताकत को बनाए रखने के लिए जरूरी है।लेकिन समय के साथ इस नीति को लेकर बहस भी तेज होती जा रही है। कई विशेषज्ञों का मानना है कि अगर भारतीय खिलाड़ियों को विदेशी लीगों में खेलने का मौका मिले, तो उन्हें अलग-अलग परिस्थितियों में खेलने का अनुभव मिलेगा। इससे उनके कौशल में भी निखार आएगा और वैश्विक क्रिकेट में भारतीय खिलाड़ियों की उपस्थिति और मजबूत होगी। यहीं पर एक रोचक विरोधाभास दिखाई देता है। भारतीय निवेशक दुनिया भर की लीगों में टीमों के मालिक बन चुके हैं। वे विदेशी खिलाड़ियों को अपनी टीमों में शामिल कर सकते हैं, लेकिन सक्रिय भारतीय खिलाड़ी उन्हीं टीमों के लिए नहीं खेल सकते। इससे कई बार ऐसा लगता है कि क्रिकेट का वैश्विक कारोबार भारतीय निवेश से तो चल रहा है, लेकिन भारतीय खिलाड़ी उस वैश्विक मंच पर सीमित ही दिखाई देते हैं।

अबरार अहमद की बोली इसी विरोधाभास को उजागर करती है। कल्पना कीजिए कि यदि भारतीय खिलाड़ियों पर विदेशी लीगों में खेलने की पाबंदी न होती, तो शायद किसी भारतीय स्पिनर की चर्चा भी उसी तरह हो रही होती जैसी आज अबरार की हो रही है। दुनिया की अलग-अलग लीगों में भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदगी खेल को और दिलचस्प बना सकती थी। फ्रेंचाइजी क्रिकेट का वर्तमान दौर दरअसल एक विशाल वैश्विक उद्योग का रूप ले चुका है। प्रसारण अधिकार, ब्रांड वैल्यू, स्पॉन्सरशिप और दर्शकों का अंतरराष्ट्रीय बाजार इन सबने क्रिकेट को पहले से कहीं अधिक व्यावसायिक बना दिया है। इस मॉडल में टीमों के लिए सबसे अहम सवाल यह होता है कि कौन सा खिलाड़ी उनकी रणनीति के लिए सबसे उपयोगी होगा।लेकिन इस व्यावसायिक ढांचे के बीच भी क्रिकेट की भावनात्मक प्रकृति खत्म नहीं हुई है। खासकर भारत और पाकिस्तान जैसे देशों में क्रिकेट केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सामूहिक पहचान का हिस्सा है। यही कारण है कि एक खिलाड़ी की नीलामी भी कई बार खेल से आगे बढ़कर सामाजिक और राजनीतिक बहस का रूप ले लेती है।

अबरार अहमद की यह खरीद भी उसी कहानी का हिस्सा है। फ्रेंचाइजी के लिए यह एक साधारण क्रिकेटिंग फैसला हो सकता है, लेकिन दर्शकों के लिए इसमें इतिहास, राजनीति और भावनाएं भी जुड़ जाती हैं। यही वजह है कि हंड्रेड लीग का यह ऑक्शन क्रिकेट मैदान से निकलकर व्यापक चर्चा का विषय बन गया। क्रिकेट का भविष्य शायद इसी संतुलन में छिपा है। एक ओर वैश्विक निवेश और व्यावसायिक मॉडल हैं, दूसरी ओर दर्शकों की भावनाएं और राष्ट्रीय पहचान। इन दोनों के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं है, लेकिन यही आधुनिक क्रिकेट की सबसे बड़ी चुनौती भी है। अबरार अहमद की यह बोली इसलिए केवल एक खिलाड़ी की खरीद नहीं है। यह उस बदलते क्रिकेट संसार की झलक है, जहां सरहदें, व्यापार और भावनाएं एक ही खेल में अलग-अलग दिशाओं से अपना असर दिखाती हैं। यही कारण है कि क्रिकेट की हर नई कहानी हमें यह याद दिलाती है कि यह खेल अभी भी केवल खेल नहीं है।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

साहित्य

## सरस्वती के अरदास



**गोलेन्द्र पटेल**

वाग्देव्ये नमः।
ज्ञान-बहाव वाली सरस्वती!
अन्हरिया दूर करऽ, उजियारा देऽ।
नव स्वर, नव लय,
वीणा के गले में नव रस बुनऽ।

तू ही प्राण के ओंकार बा,
तू ही सच्चाई के रूप बा।
विद्या देऽ, विवेक देऽ,
साहस देऽ, आज़ादी देऽ।

अहंकार के फंदा काटऽ,
क्रोध के आग शांत करऽ,
प्रीत के धार बहावऽ,
मौत के राह के रोशनी से सजावऽ।

तोहरे कृपा से चेतना जागे,
तोहरे आशीर्वाद से मुक्ति मिले।
हे अन्हरिया हटावे वाली,
हे कवि के प्रेरणा वाली,
तोहरे प्रणाम करऽतानी।
। शांति शांति शांति।



## राशिफल

**मेषः-** क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**वृषभः-** आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोह में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाएंगे, आनंद में समय व्यतीत होगा।

**मिथुनः-** अधूरे कार्यों की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। कार्यों में यश और कीर्ति मिलेगी।

**कर्कः-** अच्छे मन से दिन व्यतीत करने की गणेशजी सलाह देते हैं, क्योंकि आज का दिन शारीरिक और मानसिक रूप से उद्वेगपूर्ण रहेगा। पेट दर्द परेशान करेगा। धन खर्च की संभावना है।

**सिंहः-** आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति आएगी। माताजी की तबीयत खराब हो सकती है। नकारात्मक विचारों से हताशा उत्पन्न होगी।

**कन्याः-** बिना विचारे साहस करने के प्रति गणेशजी चेतावनी देते हैं। भावनात्मक सम्बंध स्थापित होंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों का डटकर सामना करेंगे।

**तुलाः-** आज की मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध आवेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा।

**वृश्चिकः-** आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय बीतेगा। धन लाभ का योग है।

**धनुः-** आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में संलग्न रहेंगे। गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेगी। बोलने पर संयम रखने से अनर्थ से बच जाएंगे।

**मकरः-** आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। व्यापार-धंधे में आय वृद्धि होगी।

**कुंभः-** हर कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थिति बनेगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा।

**मीनः-** आज के दिन की शुरुआत भय के साथ होगी। शरीर में सुस्ती और थकान रहेगी। कोई भी कार्य पूरा न होने पर हताशा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

# लड़ी जा रही है एक बेमतलब की जंग

*विजय विद्रोही*

अमरीका के राष्ट्रपति ट्रम्प और इसराईल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू को लगा था कि ईरान को 4 दिनों में घुटनों पर ला दिया जाएगा। अयातुल्ला खामेनेई, उनके दामाद, बेटी, नाती, रक्षा मंत्री, सेना के सर्वोच्च कमांडर आदि को मार कर ऐसी संभावनाएं जग भी गई थीं लेकिन अब ट्रम्प खुद कह रहे हैं कि 4 दिन की जगह 4 हफ्ते लग सकते हैं। चार हफ्ते भी कम से कम। उधर ईरान चाहता है कि लड़ाई 4 महीने चले।

दुनिया, खासतौर से खाड़ी देशों, यूरोपियन यूनियन और भारत के दिन इसी इंतजार में कट रहे हैं कि अब होगा युद्ध विराम, अब जंग खत्म होगी और बातचीत शुरू होगी। ट्रम्प कह चुके हैं और कह कर मुकर चुके हैं कि ईरान बात करना चाहता है लेकिन अमरीका ने कह दिया है कि बहुत देर कर दी। उधर ईरान ने पहले कहा कि वह अपनी तरफसे बातचीत की पहल नहीं करेगा। उसके बाद कहा कि पहले जंग खत्म हो फिर बात होगी। यानी साफहै कि दोनों देश कोई बीच का रास्ता तलाश रहे हैं लेकिन नाक की लड़ाई का भी ख्याल रख रहे हैं। जब तक सूरत नजर नहीं आती तब तक कच्चे तेल और गैस के दाम बढ़ते रहेंगे, शेयर बाजार हिचकोले खाता रहेगा, महंगाई बढने की आशंका परेशान करती रहेगी, बहुत से देशों का बजट गड़बड़ाता रहेगा और आध्थक मंदी का साया मंडराता रहेगा। ईरान शायद चाहता भी यही है। लेकिन ट्रम्प क्या चाहते हैं, नेतन्याहू के दिल में क्या है साफ नहीं है। खामेनेई की मौत ने पूरे ईरान को एक कर दिया है। उनकी जगह लेने वाले, उनके बेटे को और भी ज्यादा कट्टर होना ही पड़ेगा। वह बातचीत के लिए तैयार हुआ तो विरोध का सामना करना पड़ेगा। ट्रम्प का कहना कि 4 मकसद थे। एक, ईरान की नेवी का खात्मा करना। दो, ईरान के परमाणु ठिकानों को नेस्तनाबूद करना, तीन, ईरान की मिसाइल क्षमता को काफी हद तक सीमित करना और चार, सत्ता परिवर्तन करना। जानकारों का कहना है कि सत्ता परिवर्तन को छोड़ कर बाकी में वह काफी हद तक कामयाब हो चुका है। आई.ए.ई.ए. (अंतर्राष्ट्रीय एटॉमिक एनर्जी एजेंसी) कह ही चुका है कि ईरान परमाणु बम नहीं बना रहा। ईरान साफ कर चुका है कि अयातुल्ला खामेनेई का दिया ऐसे बम नहीं बनाने का फतवा उनकी मौत के बाद भी अमल में रहेगा।

ऐसे में ट्रम्प कभी भी ऐलान कर सकते हैं कि ईरान का मिसाइल सिस्टम, नेवी और परमाणु ठिकाने बर्बाद किए जा चुके हैं और विश्व शांति के लिए युद्ध में जाने का उसका मकसद पूरा हो गया है (पूरी दुनिया इस पर राहत की सांस लेगी, शायद ही कोई उनके दावों को चुनौती देगा)। इसराईल चाहता है कि ईरान को कमजोर कर दिया जाए। इतना कमजोर कि खाड़ी देशों में उसकी कोई पूछ नहीं रहे और नेतन्याहू खाड़ी देशों के थानेदार बन जाएं। दोनों देशों की लगातार बमबारी ने पहले से कमजोर ईरान को और ज्यादा कमजोर किया है, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता। नेतन्याहू अपनी इस जीत के बल पर अक्टूबर के चुनावों में उतर सकते हैं या फिर जल्द चुनाव करवा कर फायदा उठाने की कोशिश कर सकते हैं। ट्रम्प को चूंकि अगला चुनाव लडना नहीं है, लिहाजा वह भी चाहेंगे कि सैनिकों के ताबूतों की संख्या बढने से पहले वह पतली गली पकड़ लें। उधर ईरान 5 तरह की मिसाइलों और सस्ते ड्रोन से अमरीका और इसराईल को हैरान-परेशान किए हुए है। ईरान का सस्ता ड्रोन सिर्फ20,000 डालर (करीब 17 लाख रुपए) का पड़ता है, जबकि इस ड्रोन को हवा में ही मारने के लिए जो मिसाइल इंटरसैप्टर अमरीका दागता है, उसकी कीमत 4 मिलियन डालर (करीब 8 करोड़ रुपए) बैठती है। अब ईरान के पास तो हजारों की संख्या में ऐसी मिसाइल और ड्रोन हैं, उसके दोस्त हमास के पास 30 से 40 हजार पुरानी मिसाइलें हैं लेकिन अमरीका के पास इंटरसैप्टर का टोटा है। अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने खुद स्वीकारा है कि ईरान हर महीने 100 मिसाइल बनाने की क्षमता रखता है, जबकि अमरीका में एक महीने में सिर्फ6 इंटरसैप्टर बनाने की क्षमता है। ईरान ने पिछले साल जुलाई के 12 दिन के युद्ध से सबक सीखा और पूरे देश में 33 से ज्यादा ठिकानों पर मिसाइल लांचर तैनात कर दिए। इनमें से कुछ तो जमीन के अंदर भी हैं। ईरान इन्हीं के भरोसे 4 महीनों तक लड़ाई जारी रखना चाहता है, ताकि तब तक यूरोपीय देशों, खाड़ी के देशों और भारत जैसे देशों में त्राहि-त्राहि मच जाए और यही देश अमरीका पर सीजफायर के लिए दबाव डालने लगें। अमरीका और इसराईल इसे समझ रहे हैं और ईरान की मिसाइल कमांड पर हमले दर हमले कर रहे हैं। उधर ईरान खाड़ी देशों में स्थापित अमरीकी सैन्य ठिकानों पर लगे राडार नष्ट करने में लगा है जो ईरानी मिसाइल का पता लगाते हैं। हाल ही में ईरान ने कतर में ऐसे ही राडार को नष्ट किया, जिसकी कीमत 1 बिलियन डॉलर बताई जाती है। सारा खेल तकनीक का है। ईरान अमरीका के जी.पी.एस. सिस्टम पर काम नहीं करता। उसने चीन के जी.पी.एस. को लिया है जो अमरीका की पकड़ के बाहर है।

साफहै कि इस युद्ध में ईरान की हार तय है। सबसे ज्यादा नुकसान भी ईरान को उठाना पड़ेगा लेकिन ईरान का वजूद कायम रहेगा, मौजूदा सत्ता बरकरार रहेगी। इसराईल के नुकसान की भरपाई अमरीका कर ही देगा लेकिन विनाश के बाद भी नेतन्याहू चुनाव हार गए तो बाकी जिंदगी जेल में बितानी पड़ सकती है या हो सकता है कि इस जंग की वजह से उन्हें सजा में छूट मिल जाए। ट्रम्प को आध्थक नुकसान झेलना होगा, अमरीकी जनता की नाराजगी झेलनी होगी, जो यह मानती है कि ट्रम्प इस जंग में गलत कूद गए। सिर्फ 25 फीसदी जनता उनके साथ है। ईरान जंग में हार का अपमान भूलेगा नहीं और हो सकता है कि परमाणु बम बनाने में कामयाब हो जाए। कुल मिलाकर एक बेमतलब की जंग लड़ी जा रही है जो जितनी जल्द खत्म हो, उतना ही बेहतर है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# जिलाधिकारी ने गैस एजेंसी व पेट्रोल पंप प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

- घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी अब केवल ओटीपी सत्यापन के माध्यम से सीधे उपभोक्ताओं के घर पर होगी: डीएम
- सभी से अपील है कि अफवाहों पर ध्यान न दें: जिलाधिकारी
- सभी गैस एजेंसियां अपनी दुकानों पर अनिवार्य रूप से सूचना बोर्ड लगाएं: पुलिस अधीक्षक

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**




जिलाधिकारी अनुनय झा ने विवेकानंद सभागार में गैस एजेंसी प्रतिनिधियो और पेट्रोल पंप प्रतिनिधियो के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनसामान्य को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विशेष रूप से गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि कही से भी कोई शिकायत मिलती है कालाबाजारी या अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एजेंसी प्रतिनिधियो से पारदर्शिता बनाए रखते हुए उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने कहा कि यदि कही भी अवैध भंडारण पकड़ा जाता है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी उन्होंने बताया कि यदि किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न हो तो उसके लिए कलेक्ट्रेट में इमरजेंसी ऑपरेशन E.O.S में स्थापित कंट्रोल रूम के नंबरों 05852-299155, 05852-299156, 05852-299157 पर कॉल करके अपनी शिकायत बता सकते हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गैस कंपनियों को निर्देश दिए कि जिसने पहले बुकिंग कराई है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पहले सिलेंडर दिया जाए।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी सीधे उपभोक्ताओं के घर पर ही की जाएगी। इसके लिए ओटीपी आधारित सत्यापन व्यवस्था अनिवार्य रहेगी। उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने के लिए गैस एजेंसी के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वितरण व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और यदि कहीं शिकायत मिलती है तो तुरंत कार्रवाई की जाए। सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है और कहीं भी ईंधन की कमी की स्थिति नहीं है डीएम ने बताया कि गैस कंपनियों ने बताया कि अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। जिलाधिकारी अनुनय झा ने नागरिकों से अपील की कि गैस की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है और जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने गैस वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने और कालाबाजारी रोकने के उद्देश्य से सभी एलपीजी विक्रेताओं को कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी गैस एजेंसियां अपनी दुकानों पर अनिवार्य रूप से सूचना बोर्ड लगाएं कि गैस सिलेंडर अब केवल ओटीपी सत्यापन के बाद ही प्राप्त होगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, उपजिलाधिकारी सदर सुशील कुमार, सीओ सिटी अंकित कुमार, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### गैस की कमी नहीं है लोग अनावश्यक स्टॉक न करें: एसडीएम



**शाहाबाद, हरदोई।** घरेलू गैस की किल्लत से जूझ रहे लोगों को एसडीएम ने घरेलू गैस की कमी न होने देने का भरोसा दिलवाया है। शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर एसडीएम अंकित तिवारी ने बताया कि घरेलू गैस की कोई कमी नहीं है। अफवाहों में आकर लोग अनावश्यक स्टॉक करने में लगे हैं, जिस कारण घरेलू गैस आम आदमी को मिलने में कुछ दिक्क़त का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील की अनावश्यक घरेलू गैस का स्टॉक न लगाएं जरूरत पर ही अपना सिलेंडर रिफिल करवाएं। उनके द्वारा गैस गोदामों का निरीक्षण किया जा रहा है।घरेलू गैस की ब्लैक मार्केटिंग करने वाले लोगों पर भी नजर रखी जा रही है। उन्होंने गैस एजेंसी के संचालकों को सभी पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को नियमानुसार घरेलू गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। किसी प्रकार की शिकायत आने पर अगर दोषी पाए गए तो उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## टीईटी की अनिवार्यता में छूट देने की मांग को लेकर हुई बैठक



**बेनीगंज/हरदोई।** जनपद हरदोई के ब्लॉक संसाधन केंद्र कोथावां में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान में शुक्रवार को शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कोषाध्यक्ष ध्यक्ष/ब्लॉक अध्यक्ष कोथावां प्रभाशंकर ने की।इस दौरान सैकड़ों शिक्षकों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश सर्वोच्च न्यायालय, नेता प्रतिपक्ष तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र/ ईमेल भेजकर आरटीई 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट देने की मांग की। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री विनोद कुमार सिंह ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेगा और किसी भी स्थिति में शिक्षकों के हितों से समझौता नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विवेक वर्मा, बृजेश कुमारी, ब्लॉक मीडिया प्रभारी राजीव कुमार, संगठन मंत्री केशव सिंह पटेल रमेशचंद्र, सौम्या अग्रवाल मधुरिमा मिश्रा रश्मि वर्मा, राजेश वर्मा, उपदेश सिंह सेंगर अजय प्रताप पवन कुमार गौरव गुप्ता अंकित श्रीवास्तव पद्मेश पांडे आराधना वर्मा अमित कुमार सहित सहित टीएससीटी और विशिष्ट बीटीसी के पदाधिकारी एवं सैकड़ो शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### बिलग्राम के गनीपुर चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, चोरी के जेवरात सहित दो महिलाओं सहित चार गिरफ्तार



**हरदोई।** बिलग्राम पुलिस ने थाना छेत्र के ग्राम गनीपुर में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर सोने चांदी के ज़ेवर और अन्य कागजाद बरामद कर लिए हैं। प्राप्त विवरण में 12 मार्च को चन्द्रमोहन मिश्रा पुत्र श्री सोबरनलाल मिश्रा निवासी ग्राम गनीपुर द्वारा थाना बिलग्राम पर तहरीर दी गयी अज्ञात चोरों द्वारा उसके घर से सोने व चांदी के आभूषण, नगदी व जरूरी कागजात चोरी कर लिये गये है। इस संबंध में थाना बिलग्राम पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की थी। थाना बिलग्राम के अतिरिक्त निरीक्षक हाक़िम सिंह और पुलिस बल द्वारा संबंधित अभियोग में प्रत्येक बिन्दुओं की गहनता से जांचन विवेचना के दौरान प्रकाश में आये अनमोल पुत्र गुड्डू, छोटे पुत्र बाबूराम, बबली पत्नी राजू और राखी पत्नी कन्हैयालाल निवासीगण ग्राम गनीपुर थाना बिलग्राम को चोरी किये गये 07 नग पीली धातु के 08 नग सफेद धातु के 02 डाक खाने के पासबुक कार्ड व आधार कार्ड सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

### बिजली बिलिंग करने गए मीटर रीडर से मारपीट, जान से मारने की धमकी



**शहाबाद, हरदोई।** बिजली विभाग के मीटर रीडर के साथ गांव में मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि मीटर रीडर डोर-टू-डोर बिलिंग के लिए गांव पहुंचे थे, तभी कुछ लोगों ने उनके साथ बदसलूकी की और हमला कर दिया।मामला हरदोई के शहाबाद थाना क्षेत्र के झोथूपुर गांव का है, इस गांव में बिजली विभाग के मीटर रीडर नवनीत कुमार डोर-टू-डोर बिलिंग का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान गांव के विवेक ने अपने कुछ अन्य साथियों के साथ बिलिंग कार्य में बाधा डालते हुए उनके साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी भी दी।बताया जा रहा है कि मामले की सूचना विभाग के अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद मौके पर बिलिंग सुपरवाइजर रोहित यादव भी पहुंचे। लेकिन आरोप है कि वहां मौजूद लोगों ने सुपरवाइजर के साथ भी अभद्र व्यवहार किया और हंगामा किया।पीड़ित ने कर्मचारियों ने अधिकारियों और पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और बिजली विभाग के कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।वही थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### चौबीस घंटे में महिला सहित तीन लोगों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या




**सुमेरपुर, हमीरपुर।** थानाक्षेत्र के तीन स्थानों पर 24 घंटे के अंदर तीन लोगों ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दो मृतकों का बिना पोस्टमार्टम कराए अंतिम संस्कार कर दिया गया। जबकि महिला का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। थानाक्षेत्र के टेढ़ा गांव में हरीबाबू कुटार की पत्नी शालिनी (25) ने गृहकलह के चलते घर के अंदर ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हरीबाबू ने बताया कि जब घर के लोग काम के लिए खेतों में चले गए थे। तभी पत्नी सूना घर पाकर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी करीब चार साल पहले शादी हुई थी। वही शालिनी के पिता नंदकिशोर निवासी पंधरी ने दहेज उत्पीड़न के तहत हत्या की आशंका जताई है। मृतका के नजदीकी रिश्तेदार पंधरी के प्रधान प्रतिनिधि रजत कुटार ने बताया कि दहेज को लेकर ससुरालीजन इसके पहले भी मारपीट कर चुके थे। इसी तरह दूसरी घटना में चंदपुरवा गांव में अमन तिवारी उर्फ कल्लू (25 ) पुत्र केशव ने घर के अंदर ही फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताते हैं कि किसी बात को लेकर रात में विवाद हुआ था। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। मृतक के पिता केशव ने बताया कि अमन ट्रक ड्राइविंग करके परिवार का सहयोग करता था। किस कारण से आत्महत्या कर ली उन्हें जानकारी नहीं है। फैक्ट्री एरिया चौकी इंचार्ज राजबीर सिंह ने बताया कि उन्हें कोई सूचना नहीं है। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए इसका अंतिम संस्कार कर दिया है। तीसरी घटना फैक्टरी एरिया क्षेत्र में घटित हुई। जिसमें प्रदीप कुमार (40) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुत्र अभय कुमार ने बताया कि ई रिक्शा चलाते थे। रात में सभी लोग खाना खाकर सोये थे। रात में पिता ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। चौकी इंचार्ज राजबीर सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिली थी। लेकिन आत्महत्या का कारण नहीं पता चल सका। परिजनों के अनुरोध पर शव का पंचनामा कर बिना पोस्टमार्टम को उनको सौंप दिया गया। जिसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी सुलोचना, पुत्र अभय कुमार, अमर कुमार व पुत्री गौरी को रोता बिलखता छोड़ गया है।

### अब घर बैठे मिलेगी गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी, उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा

**उरई (जालौन)।** खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर जनपद में घरेलू गैस उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को और अधिक सुव्यवस्थित किया जा रहा है। प्रमुख सचिव, खाद्य तथा रसद विभाग के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जनपद के सभी गैस एजेंसियों एवं वितरकों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि उपभोक्ताओं द्वारा की जाने वाली ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी समयबद्ध रूप से की जाए। निर्देशों के अनुसार संबंधित एलपीजी कम्पनी (आईओसी, एचपीसी, बीपीसी) के बिक्री अधिकारियों से अपेक्षा है कि वह अपने-अपने संबंधित गैस एंजेसी, वितरकों से, उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी प्रत्येक गैस एजेंसी को अपने क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिना किसी असुविधा के सिलेंडर उपलब्ध कराना होगा। गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं के घर तक होम डिलीवरी के माध्यम से ही गैस की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को एजेंसी कार्यालय तक जाने की आवश्यकता न पड़े। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र की गैस एजेंसियों एवं वितरकों के माध्यम से उपभोक्ताओं को ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें तथा समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित कराएं। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि वितरण व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ता अपने निवास स्थान से ही ऑनलाइन बुकिंग कर निर्धारित समयावधि में होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल को भी सुचारु रूप से संचालित है, ताकि उपभोक्ताओं को सरल और पारदर्शी सेवा उपलब्ध हो सके।

## अधिक से अधिक कर्मकारों एवं लघु व्यापारियों के पंजीकरण करायेः डीएम

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



श्रम विभाग की ओर से संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना में पात्र 18 से 40 वर्ष के अधिक से अधिक कर्मकारों एवं लघु व्यापारियों के पंजीकरण के संबंध में एक बैठक जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में आहूत की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना में मनरेगा वकर्स, आशा, आंगनबाड़ी, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, शिक्षा मित्र, अनुदेश, पंचायत सहायक, कोटेदार, होमगार्ड, पीआरडी जवान जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य है उनका संबंधित विभाग के अधिकारी ब्लाक स्तर पर शिविर का आयोजन करें और बीडीओ से समन्य बनाकर पेंशन योजना का लाभ दिलाने के लिए आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छाया प्रति लेकर अधिक से अधिक पंजीकरण करायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, पीडी, डीसी मनरेगा, आजिविका मिशन, सहायक श्रमायुक्त सत्यबीर सिंह सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## महिला उत्पीड़न शिकायती प्रार्थना पत्रों को गम्भीरता से लें: सदस्य, रा. महिला आयोग

- महिलाओं एवं बालिकाओं पर उत्पीड़न क्षम्य नहीं होगा: एकता सिंह

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को महिला आयोग द्वारा महिला जनसुवाई कार्यक्रम राज्य महिला आयोग के सदस्य एकता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। महिला जनसुनवाई में सदस्य ने घरेलू हिंसा एवं अन्य तरह की पीड़ित महिलाओं के प्राप्त 12 शिकायती पत्रों का संज्ञान लेते हुए उपस्थित सीओ सिटी अंकित मिश्रा को निर्देश दिये कि संबंधित थानाध्यक्षों को निर्देशित करें कि बार-बार महिला उत्पीड़न संबंधी शिकायती प्रार्थना पत्रों को गम्भीरता से लें और दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराकर कड़ी कार्यवाही करते हुए पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाये। सदस्य ने कहा कि किसी भी विभाग या अन्य स्थानों पर महिलाओं एवं बालिकाओं पर उत्पीड़न क्षम्य नहीं होगा और महिला उत्पीड़न करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाये। उन्होने जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों को ससमय महिला आयोग प्रेषित करायें। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट भूमि यादव, महिला थानाध्यक्ष निशा शुक्ला, जिला प्रोबेशन कार्यालय से प्रियंका, सतीश कुमार, रामू यादव, सुरभि सिह, प्रशांत दीक्षित व कीर्ति आदि उपस्थित रहे।

## संयुक्त पुलिस टीम ने अंतर्जनपदीय गिरोह के पचास हजार इनामी वांछित को धर दबोचा

- मलकापुर डकैती के जेवरात खरीदने के आरोप में चल रहा था वांछित

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**




कोतवाली पुलिस ने स्वाट सर्विलांस टीम के मलकापुर डकैती के साथ चोरी के जेवरात खरीदने वाले अंतर्जनपदीय डकैती गिरोह के पचास हजार रूपए के इनामी वांछित आरोपी को धर दबोचने में सफलता पाई है। पुलिस ने आरोपी के पास से नगदी, मोबाइल और बाइक बरामद की है। प्राप्त विवरण में मलकापुर डकैती के मामले में बरेली पुलिस ने मुठभेड़ में कुछ बदमाशों को घायल कर मलकापुर डकैती का अनावरण कर दिया था। डकैती के जेवरात खरीदने वाला गिरोह का सदस्य घटना के अनावरण के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी पर पचास हजार रूपए का ईनाम घोषित किया था। जनपद में अपराध की रोकथाम व लूट, चोरी की घटनाओं में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक शाहाबाद अरविन्द राय,उपनिरीक्षक राजेश चौधरी, स्वाट सर्विलांस प्रभारी राजेश कुमार और पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान उपरोक्त घटना से संबंधित मुकीम पुत्र दीन मोहम्मद निवासी मकान संख्या 61 पशुपति नाथ मंदिर जनपद बरेली को 5,000 रुपये नगदी, एक मोबाइल व एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार वांछित पर विभिन्न जनपदों में आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तार वांछित ने बताया कि उसकी बरेली में सर्राफ की दुकान है। वह चोरी के आभूषणों की खरीद फरोख्त करता है। थाना शाहाबाद की उपरोक्त घटना से संबंधित आभूषण को उसके द्वारा खरीदा गया था।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को दिया गया तीन दिवसीय प्रशिक्षण

- प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास, पोषण व प्रारंभिक शिक्षा को बेहतर बनाना



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** बाल विकास परियोजना के ब्लाक सभागार में आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों के लिए पोषण भी, पढ़ाई भी अभियान के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा को बेहतर बनाना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी नम्रता गुप्ता, मुख्य सेविका कामिनी पाल,वंदना देवी, आरती सिंह तथा ब्लॉक समन्वयक मो. आमिर उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों ने आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों को आधारशिला पुस्तक के माध्यम से खेल आधारित शिक्षण पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान बच्चों की आयु के अनुसार सीखने की गतिविधियां आयोजित कराने, उनकी बौद्धिक क्षमता विकसित करने तथा पूर्व में सीखी गई बातों को मजबूत करने के तरीके बताए गए। अधिकारियों ने कहा कि खेल-खेल में शिक्षा देने से बच्चों की रुचि बढ़ती है और उनका सर्वांगीण विकास संभव हो पाता है।

## मण्डलायुक्त, रोल प्रेक्षक ने मतदाता सूची विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण समीक्षा की

- फार्म-6, 7 व 8 की सुपर चेकिंग कर सत्यापन, बीएलओ व मतदाताओं से वर्चुअल संवाद

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**




मण्डलायुक्त, रोल प्रेक्षक विमल कुमार दुबे ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए फार्म-6, 7 एवं 8 से संबंधित प्रकरणों की सुपर चेकिंग कर सत्यापन किया। समीक्षा के दौरान उन्होंने प्राप्त आवेदनों के निस्तारण, अभिलेखों तथा सत्यापन प्रक्रिया का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वर्चुअल माध्यम से बीएलओ से संवाद कर जमीनी स्तर पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा कुछ मतदाताओं से सीधे वार्ता कर फार्म से संबंधित प्रकरणों का सत्यापन भी किया। मण्डलायुक्त, रोल प्रेक्षक ने निर्देश दिए कि मतदाता सूची को पूर्णतः त्रुटिरहित, पारदर्शी एवं अद्यतन बनाए रखने के लिए प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण किया जाए तथा निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि फार्म-6 के माध्यम से नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, फार्म-7 के द्वारा अपात्र अथवा मृत मतदाताओं के नाम विलोपित करने तथा फार्म-8 के माध्यम से संशोधन से संबंधित प्रकरणों का स्थलीय सत्यापन के उपरांत ही निस्तारण किया जाए, जिससे कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह सके। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक एवं अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्र की एजेंसियों से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति ठप, उपभोक्ता परेशान



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित गैस एजेंसियों में पिछले एक सप्ताह से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति नहीं हो रही है। इससे उपभोक्ता परेशान है। ब्लॉक क्षेत्र में विवेक इंण्डेन गैस सुरौली बुजुर्ग, आकाश सोनी इंण्डेन गैस इंगोहटा, हितैषी इंण्डेन छानी में पिछले एक सप्ताह से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति ठप है। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित इन गैस एजेंसियों में कुल 25 हजार उपभोक्ता है। सुरौली बुजुर्ग में 7 हजार, इंगोहटा में 8 हजार, छानी बुजुर्ग में 10 हजार उपभोक्ता है। सुरौली बुजुर्ग में 2 मार्च के बाद आपूर्ति नहीं हुई है। छानी और इंगोहटा में 9 मार्च के बाद आपूर्ति ठप है। इन तीनों एजेंसियों में गैस सिलेंडर की उपलब्धता शून्य है। इससे उपभोक्ता परेशान है। एजेंसी धारकों ने बताया कि उपभोक्ता सर्वर डाउन होने के चलते बुकिंग भी नहीं कर पा रहे हैं। कस्बे की एचपी गैस एजेंसी में शुक्रवार को गैस नहीं आई गुरुवार को आए सिलेंडरों का वितरण शुक्रवार को किया गया। उपभोक्ता रामदास, गीता, किशन साहू, अरुण कुमार, कमल यादव, रंजीत कुमार, सोनू गुप्ता आदि ने बताया कि बुकिंग नहीं हो रही है सभी नंबर बंद जा रहे हैं हेल्पलाइन में भी फोन नहीं लग रहा है।

### अब 25 दिन के बाद होगी शहरी क्षेत्रों को गैस सिलेंडर की आपूर्ति

**महोबा।** शहरी क्षेत्रों में 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के बाद ही गैस बुकिंग करायी जा सकेगी जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आम जनमानस में व्याप्त भ्रम की स्थिति, असुविधा के दृष्टिगत पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस सिलेण्डर की आपूर्ति में आ रही असुविधा के निराकरण हेतु हेल्पलाइन नम्बर 8960200981 जारी किया जा रहा है। आम जनमानस मेंअसुविधा की स्थिति उत्पन्न होने पर पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 5 बजे के मध्य उपलब्ध दूरभाष के माध्यम से सम्पर्क स्थापित कर सकते है। समस्त नागरिकों को कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों से निरन्तर समन्वय स्थापित कर सुचारू रूप से पेट्रोल, डीजल एवं घेरलू गैस सिलेण्डर की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। वर्तमान परिस्थिति में जनपद में समस्त पेट्रोल पम्पों, गैस एजेन्सियों पर पर्याप्त मात्रा में डीजल, पेट्रोल एवं घरेलू गैस सिलेण्डर की मांग एवं आपूर्ति में कोई व्यवधान या रूकावट नहीं है। शहरी क्षेत्र में गैस सिलेण्डर की आपूर्ति के 25 दिन एवं ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन के उपरांत ही नई बुकिंग ली जायेगी। इस समय आईवीआरएस बुकिंग के सम्बन्ध में अस्थाई रूप से समस्या आ रही है। आम जनमानस अन्य माध्यमों से यथा व्हाट्सऐप, सम्बन्धित कम्पनियों के मोबाइल एप, फोन पे, पेटीएम आदि द्वारा बुकिंग करा सकते है। कामर्शियल सिलेण्डर की आपूर्ति पर अस्थायी रूप से अभी रोक है।

## अमृत टू योजना से होगा ऐतिहासिक किशोर सागर तालाब का सुन्दरीकरण: बृजभूषण राजपूत

- चेयरमैन वैभव अरजरिया के प्रयास से नगर में करोड़ों रुपए के कराये जा रहे विकास कार्य

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



नगर के बीचों बीच मुख्य बाजार में स्थित एतिहासिक किशोर सागर तालाब के दिन अब बहुत ही जल्द बदलने वाले हैं। इसका एक करोड़ की लागत से सुन्दरी करण कराया जाना है, शुक्रवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत द्वारा जिला पंचायत अध्यक्ष जयप्रकाश अनुरागी, नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया व अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार की मौजूदगी में भूमि पूजन कर इस तालाब का अमृत टू योजना के अंतर्गत सुंदरीकरण निर्माण कार्य को शुभारंभ कर दिया गया है। यह तालाब विगत 3 वर्षो से खुदाई के बाद बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ था। नगर वासियों ने सुंदरीकरण को लेकर खुशी जताई है।

विधानसभा चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने कहा कि पूरे बुन्देलखण्ड में कुलपहाड़ किशोर तालाब के सुन्दरी करण को मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दी है इसके लिए उन्होंने मंत्री एके शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा जो जनप्रतिनिधि विकास कराने में रूचि रखते वह लखनऊ - दिल्ली जाकर विकास का प्रयास करते हैं ऐसा ही नगर के चेयरमैन वैभव अरजरिया कर रहे हैं यह कारण है कि नगर में पेयजल, पानी टंकी, चौधरी तालाब, बंधान योजना आदि करोड़ों रुपए के के विकास कराये जाने है। नगर के मुख्य बाजार में स्थित ऐतिहासिक किशोर सागर तालाब कभी कुलपहाड़ नगर की शान हुआ करता था। इस ऐतिहासिक तालाब के बगल में एक रामलीला मैदान है। उस समय रामलीला कार्यक्रम के दौरान हनुमान जी लंका दहन करने के लिए तार झूले द्वारा पूछ में आग लेकर लंका दहन कर वापस आया करते थे। जिसे देखने के लिए हजारों दर्शकों की भीड़ तालाब किनारे जुटा करती थी। लेकिन समय के साथ साथ बदलाव आता गया और इस तालाब में बस्ती का गंदा पानी जमा होने लगा। जिसकी दुर्गंध से बाजार में बैठने वाले लोगों की परेशानी का कारण बनने लगा। कार्यक्रम का संचालन नीतेन्द्र चौबे ने किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष माधव कुशवाहा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष डॉ कमलेश सक्सेना, महेन्द्र अवस्थी भीष्म, विधायक प्रतिनिधि उदित राजपूत, शरद नेता, राकेश अरजरिया, पूर्व चेयरमैन गोपी बाबू अनुरागी, सन्तोष पालीवाल, डॉ लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सगीर खां पहलवान, बार अध्यक्ष लक्ष्मन सिंह एडवोकेट, देवपाल पासवान, ठेकेदार काजू अग्रवाल, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, संतोष सुल्लेरे, हरीदास अनुरागी, दुर्गेश सोनी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### सूचना

मेरी पॉलिसी नं0-264602538 में मेरा नाम जयपाल सिंह शाक्य दर्ज है, जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम सुभाष चन्द्र शाक्य है। सुभाष चन्द्र शाक्य व जयपाल सिंह शाक्य दोनों ही मेरे नाम है। इस नाम का कोई अन्य व्यक्ति इस पते पर निवास नहीं करता है। मुझे दोनों नामों से जाना जाये। **सुभाष चन्द्र शाक्य उर्फ जयपाल सिंह पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम मऊ रशीदाबाद, तहसील कायमगंज, फर्रु0**

# शिक्षा ही मानव उत्थान का सबसे बड़ा अस्त्रः सुनील सिंह

▸ ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों एवं प्रधानाध्यापकों की उपस्थिति में हुए कार्यक्रम

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड त्रिवेदीगंज अंतर्गत मां पीताम्बरा मैरिज लॉन में ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान स्थान या प्राधिकारी निकाय के सदस्यों एवं प्रधानाध्यापको की उपस्थिति में एकदिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह भी किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह द्वारा मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत -सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि शिक्षा ही मानव उत्थान का सबसे बड़ा अस्त्र है इसमें सभी को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए बेसिक शिक्षा के सुधार में ग्राम प्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं आज जन-जन तक पहुंच रही है। सरकार द्वारा चलाई जा रही कायाकल्प योजना से परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था पूर्ण रूप से बदल गई। आज सुंदर वातावरण में बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। ऐसे में सभी ग्राम प्रधान व विद्यालय के प्रधानाध्यापक आपसी सामंजस बैठाकर कार्य करें जिससे विद्यालय की व्यवस्था और बेहतर हो सके। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी रामनारायण यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष प्रह्लाद शरण, प्रधान ककरी सचिन सिंह, प्रधान पोखरा गजेंद्र बहादुर सिंह लल्लन बाबू, प्रधान रामनेवाज त्रिवेदी, भानु बाजपेई, कृष्ण कुमार सिंह, अभय प्रताप सिंह, अजय प्रताप सिंह चौहान, गंगा प्रसाद, रामराज वर्मा, सतीश यादव, पिंटू वर्मा, अरविंद सिंह, ज्ञान सिंह रप्पन, रंजीत गुप्ता, तारा चंद, रामहेत, सुनील वर्मा, बब्बू मिश्रा, सुनील मिश्रा, फूलचंद्र सहित अनेक गणमान्य जन एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## आखिरी जुमे की नमाज में पश्चिम एशिया की हिंसा के खिलाफ आवाज हुई बुलन्द

**जैदपुर बाराबंकी।** रमजान माह के आखरी जुमे को जमुतुल विदा के मौके पर शुक्रवार को बाद नमाजे जुमा कस्बे के छोटी बाजार शिया जमा मस्जिद में बैतुल मुकसस अल कुदस की आजादी और पच्छिम एशिया मे जारी हिंसा के खिलाफ आवाज बुलंद की गयी।इस दौरान मौलाना सैयद गुलजार हसैन जाफरी ने ईरान और फिलिस्तीन से जुडे हालात पर गहरी चिंता जताते हुए कहाकि दुनिया को जुल्म के खिलाफ खड़ा होना चाहिए।आगे मौलाना ने कहाकि बैतूल मुक़द्दस पर इजराइल के कब्जे और फिलिस्तीनी आवाम पर हो जुल्म के खिलाफ आवाज उठाना हर इंसाफ पसंद इंसान का कर्तव्य है, वही देश दुनियां में अमन कायम रहने की दुआ की।

## पत्रकार को पितृ शोक, निधन पर शोक की लहर



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता पाटेश्वरी प्रसाद के पिता श्री कैलाश विहारी के अचानक निधन से शोक की लहर दौड़ गई। स्व0 कैलाश बिहारी स्वर्गवासी होने के महज दो घंटे पहले अपने प्रिय नाती पुलिस के जवान रवि के विवाहोपरांत आशीर्वाद समारोह में सभी आगंतुकों से हंशी खुशी मिलकर सबका कुशल क्षेम ले रहे थे और नाश्ता खाना पूँछते तथा सबसे आत्मीयता के साथ मिल रहे थे। समारोह के बाद रात 12 बजे के करीब हर घर गए और लेट गए। रात दो बजे के करीब उन्हें सांस लेने में तकलीफ हुई तो जयेष्ठ पुत्र पाटेश्वरी प्रसाद जिला अस्पताल ले गए। चिकित्सको ने इलाज शुरू किया, इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। स्व कैलाश बिहारी अपने पीछे दो बेटे, तीन बेटियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए। स्व0 कैलाश विहारी के निधन के समाचार से जिले में शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकारों सहित राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधियों पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व सांसद उपेंद्र सिंह रावत, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र वर्मा, पूर्व एमलसी राजेश यादव, अजय सिंह गुरु, पंडित राजनाथ शर्मा, धन्नजय शर्मा, अशोक शुक्ला, शिवशंकर शुक्ला, विनय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार केके दुवेदी राजू भैया, चन्द्रकान्त मौर्य, रत्नेश कुमार, कपिल यादव, अंकित मिश्र, अशोक सैनी, श्रीनिवास त्रिपाठी,आसिफ हुसैन सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शव यात्रा में शामिल होकर कमरियाबाग स्थित बैकुण्ठ धाम में अंतिम संस्कार में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## शांतिपूर्ण हुई जुमे की नमाज

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** क्षेत्र में अलविदा नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। शुक्रवार को रमजान के आखिरी जुमे की नमाज के अवसर पर बदोसरांय, मरकामऊ, किंन्तूर, मेलारायगंज और सैदनपुर रामपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए नायब तहसीलदार अन्नू सिंह ने सिरौली गौसपुर तहसील क्षेत्र की मस्जिदों का निरीक्षण किया। उनके साथ कोतवाली टिकैतनगर के प्रभारी मनोज कुमार भी मौजूद थे।कोतवाली बदोसरांय के कोतवाल अजीत कुमार विद्यार्थी ने बदोसरांय, किन्तूर और मरकामऊ सहित अन्य मस्जिदों का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। सफदरगंज थाना क्षेत्र में कोतवाल अमर कुमार चौरसिया ने सैदनपुर और रामपुर सहित विभिन्न गांवों में मस्जिदों के पास पुलिसकर्मियों को तैनात किया और स्वयं क्षेत्र का भ्रमण करते रहे।

## कथा व्यास ने किया भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** पूरे झाम तिवारी मजरे बहुता गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास मुरली मनोहर शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तृत वर्णन किया। इसमें नंदोत्सव, माखन चोरी, पूतना वध और कालिया नाग दमन के प्रसंगों को सुनाया। उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण के जन्म का समाचार सुनते ही नंदगांव का वातावरण आनंदमय हो गया। गोकुल वासियों ने इस अवसर पर उत्सव मनाया।
कथा व्यास ने कहा कि श्री कृष्ण की लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक संदेश भी देती हैं। उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण ने बचपन में ही यह संकेत दे दिया था कि सच्चा प्रेमी ही उनके प्रेम का अमृत पान कर सकता है। इस अवसर पर सिद्धनाथ त्रिपाठी विनोद त्रिपाठी रामकुमार मिश्र ओमप्रकाश अवस्थी बृजेश त्रिपाठी शिवा शुक्ला राकेश तिवारी धर्मेंद्र तिवारी दिनेश मिश्रा घनश्याम पांडे हरिश्चंद्र त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता ने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ जांच समिति को लिखा पत्र

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



विद्युत उपखण्ड अधिकारी मसौली की कार्यशैली से नाराज भाजपा नेता ने विधान परिषद सदस्य व विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति के सभापति को पत्र लिखा है। इस पत्र के माध्यम से एसडीओ के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं और जांच तथा कार्रवाई की मांग की गई है।भाजपा मंडल महामंत्री अमित भैया राम जी ने विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति के सभापति विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह को सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा । जिसमें एसडीओ पर सिरौलीगौसपुर विद्युत उपकेंद्र से संबंधित समस्याओं का निस्तारण न करने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि विद्युत उपभोक्ताओं को लगातार गलत बिजली बिल दिए जा रहे हैं।पत्र में यह भी आरोप है कि एसडीओ विद्युत उपकेंद्र सिरौलीगौसपुर में समस्याएं सुनने आते नही है। जिसके कारण उपभोक्ताओं को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उपकेंद्र से लगभग 30 किलोमीटर दूर मसौली स्थित उपखंड कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।भाजपा नेता ने विद्युत कनेक्शन देने में देरी, समय पर विद्युत बिल प्राप्त न होना, और गलत बिलों में सुधार के लिए उपभोक्ताओं को दूरदराज के कार्यालयों में बुलाने जैसे कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने लापरवाह अधिकारियों के विरुद्ध जांच एवं कार्यवाही की मांग की है।

अमित भैया राम जी ने बताया कि पूर्व में सभी एसडीओ पावर हाउस पर बैठकर उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण करते थे, लेकिन वर्तमान एसडीओ कभी भी वहां नहीं बैठते हैं। इससे उपभोक्ताओं की सुनवाई नहीं हो पाती और उन्हें अपनी समस्याओं के लिए भटकना पड़ता है।

# दहेज के खातिर विवाहिता को बंधक बनाकर पीटने का आरोप

**सिद्धौर बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

थाना असन्द्रा क्षेत्र में दहेज की खातिर एक विवाहिता को बंधक बनाकर पिटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया है पुलिस अधीक्षक बाराबंकी के निर्देश पर पुलिस ने गुरुवार रात विवाहिता के पति समेत 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता के अनुसार बीते 30 नवंबर 2025 को उसकी शादी असन्द्रा थाना क्षेत्र के छुलिहा गांव निवासी अंकुल गौतम के साथ हुई थी।शादी के समय उसके पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक करीब 7 लाख का दान दहेज भी दिया था । आरोप है कि ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे। वे अतिरिक्त दहेज में सोने की चेन और 5 लाख की नगदी की मांग करने लगे। इसको लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता का आरोप है कि इसी को लेकर 10 मार्च की रात करीब दस बजे उसके पति अंकुल गौतम , ससुर शिवकुमार , सास नीलम , देवर अंकित , ननद संजू और बहनोई सत्यनाम ने मिलकर उसे काफी मारा पीटा। उसके चिल्लाने पर पड़ोसियों ने आकर उसे बचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे थाने ले जाकर परिजनों को सौंप दिया लेकिन न तो उसकी चोटों का परीक्षण कराया गया और न ही उसकी शिकायत दर्ज की गई । पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक बाराबंकी से मामले की शिकायत की। उनके निर्देश पर गुरुवार रात पुलिस ने उक्त आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85 , 109(1) , 127(2) , 324(4) और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

## बीबीपुर से शुरू हुई बस सेवा गांवों को मिलेगा परिवहन लाभ

**जैदपुर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के बीबीपुर से मुख्यमंत्री बस सेवा का संचालन शुरू हो गया है। इससे जैदपुर थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों को परिवहन सुविधा का लाभ मिलेगा।यह योजना उन क्षेत्रों को जोड़ने के लिए लाई गई है, जहां अब तक बस सेवा उपलब्ध नहीं थी।करीब दो वर्ष पहले किए गए एक सर्वेक्षण में इन गांवों को असेवित (जहां बस सुविधा न हो) के रूप में चिह्नित किया गया था।परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की हालिया घोषणा के बाद इन ग्राम सभाओं में बस सेवा शुरू होने की उम्मीद जगी थी।शासन के निर्देश पर परिवहन निगम के तत्कालीन सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने जैदपुर क्षेत्र के उन मार्गों की पहचान की थी,जो परिवहन सेवा से अछूते थे। इस रूट का निर्धारण कर रिपोर्ट क्षेत्रीय प्रबंधक को भेजी गई थी। यात्रियों की संख्या को ध्यान में रखकर बसों का चयन किया गया है। जिन रूटों पर यात्रियों की संख्या कम रहने का अनुमान है वहां 28 से 30 सीटर बसें चलाई जाएंगी। बस चालक हरिशंकर ने बताया कि यह बस बीबीपुर से चलकर जैदपुर,बरैय्या चौराहा,तकिया चौराहा,बंगला बाजार होते हुए बाराबंकी के रास्ते आलमबाग तक जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा जुमे की नमाज



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** नगर पालिका परिषद जायस स्थित जामा मस्जिद में अलविदा जुमे की नमाज़ अकीदत और अमन के माहौल में अदा की गई। चप्पे चप्पे पर पुलिस की मौजूदगी के साथ साथ पीएसी के जवान भी मौके पर मौजूद दिखे। नमाज़ के बाद हज़रत मौलाना सैय्यद मोहम्मद सलमान अशरफ़ ने सभी नमाज़ियों को अलविदा जुमे की मुबारकबाद दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि रमज़ान का पाक महीना इंसान को सब्र, परहेज़गारी और भाईचारे का पाठ पढ़ाता है। मौलाना ने लोगों से अपील की कि समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और शांति बनाए रखें और जरूरतमंदों की मदद करें।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार घायल



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** एक बार फिर से तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। कोतवाली क्षेत्र अमेठी के टिकरी के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि बाइक पर सवार दो लोग सवार थे और पेंट लेकर कहीं जा रहे थे। तभी अचानक आई तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### अवैध कटान को लेकर बाग मालिक व ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी समृद्धि न्यूज।** बदोसरांय थाना क्षेत्र में आम के पेड़ों की अवैध कटान के आरोप में पुलिस ने ठेकेदार और बाग मालिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई वन संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत की गई है।पुलिस के मुताबिक 12 मार्च को ग्राम बरौलिया में ओमप्रकाश विश्वकर्मा के आम के बाग का निरीक्षण किया। पेड़ों के साथ ही चार पेड़ की डालियां काटकर लकड़ियां हटाई गई थीं। यह कटान दो से तीन दिन पहले की गई थी।ओमप्रकाश के बाग के पास ही सगीर पुत्र नौशाद के बाग से भी एक हरा आम का पेड़ काटा गया था। इसके अलावा, रमाकांत वर्मा पुत्र लक्ष्मण वर्मा के बाग से भी दो हरे आम के पेड़ काटकर लकड़ियां हटा दी गई थीं। पुलिस जांच में सामने आया कि बाग मालिकों ओमप्रकाश विश्वकर्मा, सगीर और रमाकांत वर्मा ने किन्तूर निवासी ठेकेदार महफूज और बदोसरांय निवासी ईशा को ये पेड़ बेचे थे। इसके बाद ही अवैध कटान की गई। बरौलिया गांव के इन तीनों बागों से कुल 12 हरे आम के पेड़ काटे गए थे।

### ट्रैक्टर ट्राली से टकराकर बाइक सवार की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे पर गोसूपुर कट पर ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई।हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। थाना हैदरगढ़ के चौबीसी गांव निवासी शुभम पुत्र राम मिलन 21 वर्ष बाइक से अपने घर जा रहा था। गोसूपुर कट पर उसकी बाइक आगे जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवर टेक करते समय टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस से सीएचसी हैदरगढ़ में लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## छापेमारी में 25 लीटर कच्ची शराब बरामद



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** आबकारी विभाग ने क्षेत्र के ग्राम लाला पुरवा सहित कई गांवों में कच्ची शराब के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान 25 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को सिरौलीगौसपुर आबकारी निरीक्षक शिवानी सिंह चौहान के नेतृत्व में स्टाफ ने दबिश दी। अभियान के तहत आठ अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान, लगभग 25 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। मौके पर कच्ची शराब बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाला लगभग 100 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। इस संबंध में एक अभियोग पंजीकृत कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने तहसील गौरीगंज सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की जनसुनवाई की। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी शिकायतों के साथ उपस्थित हुईं। जनसुनवाई के दौरान डॉ. मौर्या ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यस्थल पर शोषण, संपत्ति विवाद, मानसिक उत्पीड़न जैसे गंभीर मामलों को व्यक्तिगत रूप से सुना और प्रत्येक शिकायतकर्ता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान कुछ मामलों में मौके पर ही समाधान भी निकाला गया। वहीं, लंबित मामलों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई।

इस मौके पर उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि डरने की जरूरत नहीं है। कानून आपके साथ है और महिला आयोग हर उस महिला के साथ खड़ा है जो किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का शिकार हो रही है। जनसुनवाई में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, महिला कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई के दौरान कुल 33 महिलाओं ने आयोग की सदस्य के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई जिन्हें उन्होंने गंभीरता पूर्वक सुना और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर/जिला प्रोबेशन अधिकारी नीतेश राज, पुलिस क्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, डीआईओएस डॉ राजेश द्विवेदी, बीएसए संजय तिवारी, डीपीओ आईसीडीएस संतोष श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चोकर से लदा ट्रक पलटा चालक गंभीर घायल

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार देर रात लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। चोकर से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना जगदीशपुर क्षेत्र के कमरौली स्थित गढ़ा के पास देर रात करीब तीन बजे हुई। बताया जा रहा है कि ट्रक बिहार से चोकर लेकर पंजाब की ओर जा रहा था जो अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे पलट गया। ट्रक के पलटने से चालक मुजस्सिर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से घायल चालक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया। फिलहाल उनका इलाज लखनऊ में चल रहा है हादसे के समय ट्रक में चालक के साथ इरफान और मुजमिल, जो जम्मू-कश्मीर के निवासी बताए जा रहे हैं,भी सवार थे। दोनों को भी चोटें आई हैं, हालांकि उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण ट्रक में अधिक भार होना बताया जा रहा है। आशंका है कि अधिक वजन के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक पलट गया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद कुछ समय तक मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे बाद में पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से सुचारु कराया गया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में शामिल हुआ शादीशुदा जोड़ा

▸ विकास खंड जगदीशपुर से आया एक जोड़ा सोशल मीडिया पर चर्चा का बना हुआ है विषय

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



बीते 11 मार्च को जनपद मुख्यालय गौरीगंज पर आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम में 308 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम वैदिक रीति रिवाज से सम्पन्न हुआ और वर-वधू ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। विकास खंड जगदीशपुर से आया एक जोड़ा सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि इस जोड़े का विवाह तीन साल पहले हो चुका है और उनके बच्चे भी हैं। इतना ही नहीं, कार्यक्रम के दौरान महिला और उसका पति अपनी गोद में छोटे बच्चे को लेकर घूमते भी दिखाई दिए, जिसे वहां मौजूद लोगों और कुछ अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी देखा। हालांकि समृद्धि न्यूज़ इसकी पुष्टि नहीं करता। उक्त जोड़े से सवाल करने पर उन्होंने कुछ भी बताने से इन्कार किया। सवाल यह उठ रहा है कि पहले से विवाहित जोड़ा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में कैसे शामिल हो गया। लोगों का कहना है कि यदि जांच में मामला सही पाया जाता है तो संबंधित जोड़े के साथ-साथ जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

जिला समाज कल्याण अधिकारी शेर बहादुर से फोन पर संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि हमें जानकारी नहीं है मामले की जांच कराई जाएगी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थित स्पष्ट हो पाएगी जो भी संबंधित अधिकारी कर्मचारी दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# सचिव पर लाखों रूपये भुगतान करने का आरोप




**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत इस्माइल गंज में निकला फर्जी भुगतान एक व्यक्ति अशोक कुमार सिंह पर निकला लाखों का भुगतान 60970, 10010, 28210, 47320, 47320, 24570 ,46200, 36960, 47960, 47700, 42930, 42930 टोटल अमाउंट 450080 ग्राम प्रधान मुन्नी देवी पर गौशाला केयरटेकर का लगा भुगतान 56880

सचिव द्वारा विकास गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत इस्माइलगंज में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024 25 और 2025 26 के 15वें व 5वें वित्त से ग्राम प्रधान के खाते पर गौशाला केयरटेकर का भुगतान लगाया गया है और शासनादेश की धज्जियां भी उड़ाई गई है। एक व्यक्ति अशोक कुमार के खाते पर साढ़े चार लाख लगभग साढ़े चार लाख से अधिक का भुगतान लगाकर प्रशासनिक धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। जहां सरकार लगातार विकास कार्यों पर ध्यान दे रही है, वही सचिव व प्रधान सिर्फ अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं या देखने वाली बात होगी कि इस मामले पर विकासखंड के अधिकारी किस तरीके से संज्ञान लेते हैं और कैसे कार्यवाही करेंगे।

# डीएम ने गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर वितरण व्यवस्था का लिया जायजा

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही गैस सिलेंडरों का वितरण किया जाए सुनिश्चित

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सिधौली एवं महमूदाबाद क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण कर गैस आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गैस स्टॉक, वितरण प्रणाली तथा उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन उपभोक्ताओं द्वारा पूर्व में गैस बुकिंग कराई गई है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए।

उन्होंने कहा कि गैस वितरण व्यवस्था को पूर्णतः सुचारू रखा जाए तथा एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने दी जाए। सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही गैस सिलेंडरों का वितरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जिन लेखपालों की ड्यूटी गैस एजेंसियों पर लगाई गई है, वे नियमित रूप से व्यवस्था की निगरानी करते हुए प्रतिदिन की रिपोर्ट अपने अधीनस्थ अधिकारियों को उपलब्ध कराएं, ताकि गैस वितरण व्यवस्था पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से संचालित होती रहे। निरीक्षण के दौरान राखी वर्मा उप जिलाधिकारी सिधौली एवं बालकृष्ण सिंह उप जिलाधिकारी महमूदाबाद सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्य महिला आयोग ने की तहसील सभागार में जनसुनवाई

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी शुक्रवार को सीतापुर की सदर तहसील सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित हुईं, जिसमें 19 शिकायतें प्राप्त हुयीं। उन्होंने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आईं महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वस्त किया कि हर पीड़ित महिला को न्याय दिलाना महिला आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचीं और घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, मानसिक उत्पीड़न, संपत्ति विवाद, कार्यस्थल पर उत्पीड़न जैसी विभिन्न समस्याएं रखीं। कई पीड़िताओं ने अपनी शिकायतें महिला आयोग को लिखित रूप में भी सौंपीं। सुजीता कुमारी ने कहा कि महिला आयोग इन शिकायतों को गंभीरता से लेकर संबंधित विभागों और प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से शीघ्र न्याय सुनिश्चित करता है। सुजीता कुमारी ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना होगा। उन्हें अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध डटकर खड़ा होना चाहिए। महिला आयोग हर उस महिला के साथ खड़ा है जो अपने हक के लिए लड़ रही है। उन्होंने यह भी बताया कि आयोग न केवल पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाता है बल्कि उन्हें परामर्श, कानूनी सहायता और मानसिक सहयोग भी उपलब्ध कराता है। आयोग की यही कोशिश रहती है कि कोई भी महिला अकेली महसूस न करे और उसे पूरा सहयोग मिले। कार्यक्रम के अंत में महिला आयोग की टीम ने महिलाओं को उनके अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस विभाग के प्रतिनिधि और शिकायतकर्ता भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई का समापन महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनने के प्रेरणादायक संदेश के साथ हुआ। तत्पश्चात विकास खंड पिसावां में जन जागरूकता चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या सुजीता कुमारी ने शक्ति संवाद में वहां पर उपस्थित सभी महिलाओं, आशा, आंगनबाड़ी, कार्यकत्री, सखी, ए. एन. एम व पुरुषों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हमारे देश में महिला सशक्तिकरण बहुत जरूरी है हमारे देश में महिला सशक्तिकरण के लिए जरूरी है।

## डीएम ने तालगांव मामले की खबर पर लिया संज्ञान कार्यवाही के लिए गठित की टीम

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जनपद में भ्रष्टाचार के मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड प्रसेंडी की ग्राम पंचायत तालगांव का एक मामला सामने आया है, जिसे समृद्धि न्यूज़ हिंदी दैनिक समाचार पत्र ने प्रमुखता से उजागर किया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मामले की जांच लोकायुक्त द्वारा कराई गई थी। जांच में ग्राम प्रधान और सचिव की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी, जिसके बाद लोकायुक्त की ओर से कार्रवाई की संस्तुति की गई थी। बताया जाता है कि इस प्रकरण से जुड़ी फाइल जिला पंचायत राज अधिकारी नीरज चंद्र साहू के कार्यालय में लंबित पड़ी हुई थी और लंबे समय से उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी थी। सूत्रों के मुताबिक अब जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया है। जिलाधिकारी ने इस प्रकरण की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम का गठन कर दिया है। इस टीम में जिला विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी को शामिल करते हुए निर्देश दिए गए हैं कि मामले की जांच कर ग्राम प्रधान और सचिव के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए तथा यदि अनियमितता पाई जाती है तो रिकवरी की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। अब देखने वाली बात यह होगी कि जिलाधिकारी के सख्त निर्देशों के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी और जिला विकास अधिकारी इस मामले में कितनी तेजी से कार्रवाई करते हैं, या फिर पहले की तरह फाइलें कार्यालयों में ही दबकर रह जाती हैं। जनपद में इस मामले को लेकर लोगों की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिला शिक्षा परियोजना समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री नवीन कुमार पाठक सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों के शैक्षिक स्तर में निरंतर सुधार एवं विद्यालयों में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना शिक्षा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। कम उपस्थिति एवं शैक्षणिक स्तर वाले विद्यालयों पर विशेष फोकस डीएम ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विकास खण्ड के जहाँ विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं शैक्षणिक स्तर सामान्य से कम है।

# छात्र सभा ने 2027 में सपा सरकार बनाने की भरी हुंकार

## कन्नौज में समाजवादी छात्र सभा की कार्यसमिति बैठक, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी छात्र सभा कन्नौज की कार्यसमिति की समीक्षा बैठक शुक्रवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर मंडल प्रभारी व समाजवादी छात्र सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष स्वदेश यादव मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता छात्र सभा के जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने की।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष स्वदेश यादव ने कहा कि कन्नौज की छात्र सभा टीम तीनों विधानसभा क्षेत्रों में अपनी-अपनी कार्यकारिणी बनाकर ब्लॉक से लेकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की रणनीति बनाए। उन्होंने कहा कि समाजवादी छात्र सभा का मुख्य लक्ष्य वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे गांव-गांव और घर-घर जाकर समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं। साथ ही एसआईआर प्रक्रिया पर भी नजर रखते हुए लोगों को जागरूक करने का काम करें। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी संघर्ष की पार्टी है और कार्यकर्ताओं को किसी भी परिस्थिति से डरने की जरूरत नहीं है। जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि समाजवादी छात्र सभा कन्नौज की टीम तीनों विधानसभा क्षेत्रों में संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा रहा है और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है।

बैठक का संचालन जिला प्रमुख महासचिव अमित अंशु यादव ने किया। इस मौके पर रोहन यादव, सचिन, रोहित पाल, अंशुल गौतम, भोला यादव, अंकित, बृजेश, गुड्डू वर्मा, कामरान, अभिषेक, ईशु, धनपाल, बंटी शुक्ला, रवि यादव, चंदन पटेल, आदिल, देवेश समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जनगणना 2027 की तैयारी तेज, सुनील सिंह बने फील्ड ट्रेनर

**गुरसहायगंज कन्नौज।** जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने आवश्यक कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में प्रमुख जनगणना अधिकारी कन्नौज से जारी आदेश के तहत गुरसहायगंज निवासी सुनील सिंह सहायक अध्यापक मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज कन्नौज को जनगणना कार्य के लिए फील्ड ट्रेनर के रूप में नियुक्त किया गया है।
यह नियुक्ति जनगणना अधिनियम 1948 और जनगणना नियमावली 1990 के तहत की गई है। प्रमुख जनगणना अधिकारी कन्नौज द्वारा नियुक्ति पत्र के अनुसार फील्ड ट्रेनर के रूप में सुनील सिंह को जनगणना से जुड़े कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने, गणना कार्य की प्रक्रिया समझाने तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही उन्हें जनगणना के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान में भी सहयोग करना होगा।

### अल्लाह की विशेष रहमत और बरकत का महीना है रमजान



**छिबरामऊ, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश टेंट कैटर्स एंड डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश सचिव चमन खां उर्फ राजू ने रमजान और रोजे की अहमियत पर कहा कि रमजान मुबारक का महीना अल्लाह की विशेष रहमत और बरकत का महीना है।

उन्होंने कहा यह वह मुकद्दस महीना है जिसमें कुरान-ए-पाक नाजिल हुआ और जिसमें लैलतुल-कद्र जैसी रात शामिल है जो हजार महीनों से बेहतर है। उन्होंने कहा रोजा रखना सिर्फ भूख-प्यास सहना नहीं, बल्कि यह अल्लाह की इबादत, आत्म-संयम, गरीबों के दर्द को समझना और नेकी के रास्ते पर चलना है। रोजेदार का हर काम इबादत बन जाता है। यह महीना हमें सिखाता है कि धैर्य, सब्र और दया के साथ जीना चाहिए। चमन खां ने एसोसिएशन के सदस्यों और पूरे मुस्लिम समुदाय से अपील की कि वे रमजान के दौरान ज्यादा से ज्यादा नेक अमल करें, गरीबों की मदद करें, इफ्तार और सहरी में हिस्सा लें तथा आपसी भाईचारे को मजबूत बनाएं। उन्होंने कहा कि रोजा न सिर्फ रूहानी तरक्की देता है, बल्कि समाज में एकता और सद्भावना भी बढ़ाता है। द्वन्होंने रमजान की मुबारकबाद देते हुए दुआ की कि अल्लाह तआला सबके रोजे कबूल फरमाए और हमें नेक राह पर चलने की तौफीक दे।

# जुमातुल विदा की नमाज में उमड़ा नमाजियों का सैलाब

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



रमजान उल मुबारक के आखरी जुमा अलविदा की नमाज में अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। अलविदा जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों में एक अलग ही रौनक देखने को मिली। ज्यादातर लोग नए कपड़े पहनकर नमाज अदा करने के लिए पहुंचे और नमाज सकुशल संपन्न होने के बाद दुआएं करके एक दूसरे को मुबारकबाद दी। इस दौरान पुलिस व पीएसी की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। मालूम हो कि माह.ए.रमजान में पड़ने वाले आखिरी जुमा को अलविदा या जमातुल विदा कहा जाता हैं। मुस्लिम मान्यताओं के अनुसार रमजान के तीसरे और आखिरी अशरे में की गई इबादत रोजेदारों को जहन्नुम यानी ;नर्क की आग से बचाती है। इस अशरे में जो आखिरी जुमा आता है उसे अलविदा जुमा कहते हैं। इस्लाम में इस दिन खासकर रमजान में नमाज पढ़ना जरूरी माना जाता है और अलविदा जुमा की नमाज का अपना ही महत्व होता है जो हर मुसलमान के लिए बेहद खास होती है। अलविदा को छोटी ईद भी कह सकते हैं। खुद अल्लाह ने पवित्र कुरआन शरीफमें इस दिन को मुसलमानों के लिए खास फरमाया ;बताया है। इस दिन लोग रब की इबादत ;पूजा पाठ में अपना ज्यादा समय बिताते हैं। कहा जाता है कि अलविदा जुमा की नमाज के बाद सच्चे दिल से अगर अल्लाह से कोई फरियाद की जाए तो अल्लाह बंदे की हर जायज दुआ कुबूल करते हैं। हालांकि अभी आने वाला अगला जुमा असमंजस में है क्योंकि चाँद की 29 तारीख का चांद निकला तो उस दिन सुबह 8:30 पर ईदगाह में ईद की नमाज होगी अन्यथा एक और अलविदा जुमे की नमाज अदा की जाएगी और फिर शनिवार 21 मार्च को ईद होगी।

जामा मस्जिद के मुतवल्ली वसीम कुरैशी ने बताया कि इस बार एक ही शिफ्ट में नमाज अदा कराई गई जिसको लेकर अंजान होने से पहले ही मस्जिद में नमाजियों की भी उमड़ पड़ी और देखते ही देखते मस्जिद भर गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने पूरे नगर में चौकसी कर रखी थी। सभी मस्जिदों में अलविदा जुमे की नमाज सकुशल सम्पन्न होने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# अबकी बार माता डोली पर आएगी और हाथी पर होंगी विदा : अभय बीरचंद्र त्रिपाठी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



आचार्य पंडित अभय बीरचंद्र त्रिपाठी का कहना है कि इस वर्ष चैत्र प्रतिपदा तिथि 19 मार्च गुरुवार को प्रातः 6:04 से प्रारंभ हो रही है अतः इस बार माता डोली पर सवार होकर आ रही है जो प्राकृतिक असंतुलन या रोग ब्याधि का संकेत है जिसके कारण सामाजिक व राजनीतिक अस्थिरता का माहौल बन सकता है परंतु हाथी पर विदाई सुख समृद्धि, अच्छी फसल एवं पर्याप्त वर्षा का सूचक है। इस वर्ष घट स्थापना का शुभ मुहूर्त प्रातः 6:53 से 8:17 दिन में 11:16 से 12:46 तक चंचल बेला, दिन में 12:22 से 1:10 तक अभिजीत बेला, दिन में 12:40 से 3:40 तक लाभ अमृत बेला में पूजन एवं घट स्थापना करना श्रेष्ठ रहेगा। इस वर्ष नवरात्रि 9 दिनों तक चलेंगे। चैत्र नवरात्रि की नवमी को भगवान श्री राम का जन्मोत्सव रामनवमी के रूप में मनाया जाएगा। इस बार प्रतिपदा पर सर्वार्थ सिद्धि योग एवं उत्तर भाद्रपद नक्षत्र रहेगा। पंडित अभय त्रिपाठी ने बताया 25 मार्च को सप्तमी 26 मार्च को महाष्टमी एवं 27 मार्च को रामनवमी के साथ कन्या पूजन और हवन का विशेष महत्व रहेगा। 26 मार्च को नवमी प्रातः 11:50 पर शुरू हो जाएगी जो 27 मार्च को 10:07 तक रहेगी।

# न.प. की महिला कर्मचारियों का स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में नगर पालिका के सभागार में आयोजित विशेष स्वास्थ्य शिविर में नगर पालिका की 22 महिला कर्मचारियों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से आए डॉक्टर युवराज सिंह और डॉ. विवेक पाल ने परीक्षण के दौरान पाया कि अधिकांश महिलाओं में उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) और मधुमेह (डायबिटीज) की समस्या मौजूद है। इन महिलाओं को आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं तथा नियमित जांच और जीवनशैली में बदलाव की सलाह दी गई। डॉ. युवराज सिंह ने मौसम जनित बीमारियों से जागरूक करते हुए कहा वर्तमान मौसम में बदलाव के कारण वायरल संक्रमण, सर्दी-खांसी, बुखार और एलर्जी जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इनसे बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनें, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, अधिक से अधिक तरल पदार्थ लें और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का उपयोग करें। समय पर चिकित्सकीय सलाह लेना आवश्यक है ताकि छोटी बीमारी गंभीर रूप न ले ले। डॉ. विवेक पाल ने ब्लड प्रेशर और डायबिटीज से बचाव की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा ये जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां हैं। संतुलित आहार लें, जिसमें कम नमक, कम चीनी और अधिक फल-सब्जियां शामिल हों। रोजाना कम से कम 30 मिनट व्यायाम करें, जैसे तेज चलना या योग। नियमित जांच करवाएं और तनाव से दूर रहें। समय पर दवा लेना और डॉक्टर की सलाह मानना इन बीमारियों को नियंत्रित रख सकता है। महिलाएं परिवार की स्वास्थ्य देखभाल करती हैं, इसलिए स्वयं के स्वास्थ्य को पहले प्राथमिकता दें। इस अवसर पर सफाई प्रभारी अमरजीत, प्रवेश कुमार, संजय सिंह व ज्ञानेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजकीय हाई स्कूल मित्रसेनपुर के उच्चीकरण को 2.88 करोड़ स्वीकृत

- भवन निर्माण व शैक्षिक संसाधनों के विकास से छात्रों को मिलेगा आधुनिक शिक्षण वातावरण
- ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेहतर शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है सरकार का उद्देश्य

**कन्नौज।** राजकीय हाई स्कूल मित्रसेनपुर के उच्चीकरण के लिए शासन द्वारा 2.88 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस धनराशि से विद्यालय के आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जाएगा और छात्रों को बेहतर शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने बताया कि स्वीकृत बजट से विद्यालय में भवन निर्माण, कक्षाओं का विस्तार तथा अन्य आवश्यक शैक्षिक संसाधनों का विकास कराया जाएगा।
इससे विद्यार्थियों को आधुनिक और बेहतर शिक्षण वातावरण मिलेगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय के उच्चीकरण से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को बड़ी सुविधा मिलेगी। अब उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेहतर शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके।
जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार विद्यालय के उच्चीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इस पहल से क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर मिलेंगे और जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता को और मजबूती मिलेगी।

# राजकीय समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर में जेएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पीछे स्थित समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश चन्द्र दुबे ने अवगत कराया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित इस विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 06 से 12 तक प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय में दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, अस्थिबाधित तथा सामान्य छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षा की व्यवस्था उपलब्ध है। दिव्यांग छात्र-छात्राओं को विद्यालय में निःशुल्क आवास सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं, ताकि उन्हें अनुकूल शैक्षिक वातावरण मिल सके। इच्छुक दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित, अस्थिबाधित एवं सामान्य छात्र-छात्राएं, जो प्रवेश के इच्छुक हैं, वे किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक विद्यालय में उपस्थित होकर नामांकन करा सकते हैं। प्रवेश के लिए आवश्यक अभिलेखों में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र अथवा यूडीआईडी कार्ड, अभिभावक का आय प्रमाण पत्र (तहसील/सभासद/प्रधान द्वारा निर्गत), छात्र/छात्रा एवं अभिभावक के आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकपत्र की छायाप्रति एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टी.सी.), चार पासपोर्ट साइज फोटो, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, तहसील द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति (यदि लागू हो), माता या पिता का मोबाइल नंबर, व्हाट्सएप नंबर, छात्र/छात्रा का ब्लड ग्रुप, पूर्ण पता पिन कोड सहित तथा ई-मेल आईडी सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं समय से विद्यालय से संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं, ताकि दिव्यांग एवं सामान्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो सके।

# विद्यालय में हो रहा है छात्रों का सर्वांगीण विकास: जसवेंद्र सिंह

- विद्यालय में दी जा रही है छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



समधन स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में प्रवेश प्रारम्भ हो चुके हैं। विद्यार्थी विद्यालय से प्रवेश फ़ार्म प्राप्त करके शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम शुल्क पर विद्यालय में प्रवेश ले सकते हैं। विद्यालय में कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाएं संचालित हैं। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के अंग्रेजी प्रवक्ता जसवेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय में विज्ञान,कला व वाणिज्य वर्ग में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि यह विद्यालय डिजिटल बोर्ड युक्त कक्षाओं,अत्याधुनिक आईसीटी लैब, पुस्तकालय व अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित विज्ञान प्रयोगशाल आदि सुविधाओं से युक्त क्षेत्र का एकमात्र विद्यालय है। विद्यालय में न केवल विद्यार्थीयों को उत्कृष्ठ शिक्षा दी जाती है बल्कि समय समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाता है जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके। इस समय विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य आशीष कुमार शर्मा, मृदुल मिश्रा प्रवक्ता रसायन विज्ञान , जसवेंद्र सिंह प्रवक्ता अंग्रेजी, श्री मनोज कुमार निषाद प्रवक्ता वाणिज्य, अनिलकुमार सिंह सहायक अध्यापक गणित, फ़ैज़ सिद्दीकी सहायक अध्यापक अंग्रेजी, संजय कुमार सहायक अध्यापक सामाजिक विज्ञान,अनुदेशक कंप्यूटर सुश्री शगुफ्ता हयात,अनुदेशक रिटेल मो कफ़ील अहमद व आउटशोर्सिंग कर्मचारी मो रेहान ख़ान आदि लोग मौजूद रहे।

# सपा की रोजा इफ्तार पार्टी बनेगी आपसी सौहार्द की मिसाल, तैयारियां तेज

- हाजी शरीफ ग्राउंड में शनिवार को होगा आयोजन
- सभी धर्मों के लोगों को दिया गया आमंत्रण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी की ओर से आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को भव्य रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शहर के हाजी शरीफ ग्राउंड में सपा जिलाध्यक्ष कलीम खान के नेतृत्व में संपन्न होगा। जिलाध्यक्ष कलीम खान ने बताया कि पार्टी मुखिया के निर्देशानुसार हर वर्ष की तरह इस बार भी इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की खासियत इसका समावेशी स्वरूप है, जिसमें सभी धर्मों और वर्गों के लोग एक साथ बैठकर इफ्तार करेंगे। यह आयोजन केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का भी माध्यम है। शनिवार को होने वाले कार्यक्रम को लेकर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। शुक्रवार को आयोजन स्थल पर तैयारियों का जायजा लेने वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी बउअन, समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, हाजी भोले कुरैशी, नगर अध्यक्ष मुस्ते हसन, कौशर खान, कोषाध्यक्ष राजू यादव, शाहिद वारसी समेत कई पदाधिकारी पहुंचे। नेताओं ने ग्राउंड की साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान सभासद मोहम्मद अजहर, सूफियान, सुल्तान आलम, राशिद हसन, राशिद ठेकेदार, शिब्बू तिवारी, रमेश गौतम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि इफ्तार पार्टी के जरिए कन्नौज की जनता को एकता और भाईचारे का संदेश दिया जाएगा।

# परीक्षा संपन्न होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने जताई कृतज्ञता

- प्रधानाचार्य ने शिक्षकों को भेंट की बुद्ध की प्रतिमा

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2026 को सकुशल संपन्न कराने में जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन/ जोनल मजिस्ट्रेट/सेक्टर मजिस्ट्रेट/ स्टैटिक मजिस्ट्रेट/केन्द्र व्यवस्थापक/ बाह्य केन्द्र व्यवस्थाक/ कंट्रोल रुम सदस्यों / संकलन केन्द्र सदस्यों/कक्ष निरीक्षकों/ कार्यालय अधिकारी/ कर्मचारीगण एवं परीक्षा कार्य में लगे समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण बोर्ड परीक्षा वर्ष-2026 के अथक प्रयास से बोर्ड परीक्षा सकुशल संपन्न होने पर कृतज्ञता जताई है। यह बात जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने कही उन्होंने आगे कहा कि सामूहिक सभी अधिकारियों और केंद्र व्यवस्थापकों के योगदान एवं कर्तव्यनिष्ठा से किए गए अथक परिश्रम से वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षा निर्विघ्न, सकुशल सम्पन्न कराए जाने के लिए मैं सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए व्यक्तिगत रुप से इस आयोजन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के प्रति आभार, साधुवाद एवं धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। इसी प्रकार भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर में 18 फरवरी से चल रही बोर्ड परीक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कक्ष निरीक्षक सेक्टर मजिस्ट्रेट डॉक्टर नेम कुमार स्टेटिक मजिस्ट्रेट शिव सिंह बाह्य केंद्र व्यवस्थापक ओम प्रकाश परीक्षा प्रभारी प्रवेश कुमार राहुल कुमार अर्जुन सिंह अंजना भारती को विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं केंद्र व्यवस्थापक योगेंद्र कुमार ने सकुशल परीक्षा कराई जाने पर आभार प्रकट किया परीक्षा समापन दिवस पर शिक्षकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार को जनपद न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी

**कन्नौज।** 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जागरूकता अभियान की शुरुआत कर दी गई है। शुक्रवार को प्रातः करीब 10 बजे जनपद न्यायालय परिसर से जनपद न्यायाधीश ने प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि यह जागरूकता वाहन जिले के विभिन्न कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी देगा। साथ ही लंबित मामलों के त्वरित और आपसी समझौते के माध्यम से निस्तारण के लिए वादकारियों को प्रेरित करेगा।
अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली बिल, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, राजस्व वाद समेत कई प्रकार के मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया जाता है, जिससे समय और धन दोनों की बचत होती है।

# नवोदय विद्यालय में हुआ प्रेरणा उत्सव का आयोजन

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

अनौगी स्थिति जवाहर नवोदय आवासीय विद्यालय,में प्रेरणा उत्सव का आयोजन किया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय कन्नौज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के लगभग तीन दर्जन विद्यार्थियों ने भाग लिया,जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि पहले चरण में विद्यार्थियों का चयन उनकी रचनात्मक लेखन और चित्रकला के आधार पर किया गया। इसमें उनकी सृजनात्मकता, अभिव्यक्ति कौशल और कल्पनाशीलता का मूल्यांकन हुआ। 15 छात्र और 15 छात्राओं का साक्षात्कार लिया दूसरे चरण में 15 छात्र और 15 छात्राओं का साक्षात्कार लिया गया। इसमें उनके व्यक्तित्व, विचार क्षमता और नेतृत्व गुणों का



आकलन किया गया। दूसरे चरण का परिणाम शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। अंतिम चयन के बाद कन्नौज जिले से एक छात्र और एक छात्रा को प्रेरणा कार्यक्रम के लिए चुना जाएगा। जिसमे जेपी एजुकेशन एकेडमी की छात्रा आस्था पटेल तथा मदन मोहन मालवीय इंटर कालेज के छात्र अभिषेक कश्यप का चयन जनपद कन्नौज से हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को उस विद्यालय में सात दिवसीय शैक्षिक प्रवास का अवसर मिलेगा, जहां से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी शिक्षा प्रारंभ की थी। इस प्रवास के दौरान विद्यार्थी विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों, भारतीय ज्ञान परंपरा, आधुनिक भारत के योगदान और नैतिक शिक्षा से जुड़े अनुभवात्मक अधिगम में शामिल होंगे। इस अवसर पर चयनित छात्रा आस्था पटेल व अभिषेक कश्यप के माता पिता ने अपने बच्चों की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

इस दौरान जेपी एजुकेशन एकेडमी के प्रधानाचार्य अमरेंद्र सिंह ने बताया कि यह हमारे विद्यालय के लिए हर्ष का विषय है, इससे बच्चों में उत्साह बढ़ता है और आगे बढ़ने के लिए मनोबल बढ़ेगा।

### भक्तों को आनंद देने और उनकी रक्षा के लिए भगवान लेते हैं अवतार

**गुरसहायगंज कन्नौज।** गुरु और गोविन्द (भगवान) जीवन के दो ऐसे स्तंभ हैं, जिनके सामने कपट, दिखावा या मिलावट नहीं चलती। गुरु हमें गोविन्द तक पहुँचाते हैं। यदि हम गुरु के सामने छल करें या भगवान के सामने दिखावा करें, तो हमारी भक्ति निष्फल हो जाती है। गुरु के सामने सच्चाई रखें, भगवान के सामने निष्कपट भाव रखें औरभक्ति में मिलावट नहीं, समर्पण होना चाहिए यह विचार नगर स्थित स्वामी शिवानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ठठिया रामायणी कुटी श्री चित्रकूट धाम सतना मध्य प्रदेश से पधारे श्री श्री 108 स्वामी रामहृदय दास जी महाराज जिज्ञासू जी ने कथा के तीसरे दिन भक्तों के बीच प्रकट किये।

# 2.20 लाख किसानों को मिला सम्मान निधि का लाभ

- विकास भवन में कार्यक्रम आयोजित, प्रधानमंत्री के संबोधन का देखा गया सजीव प्रसारण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 22वीं किस्त जारी होने पर जनपद कन्नौज के दो लाख से अधिक किसानों को आर्थिक सहायता का लाभ मिला। योजना के तहत जनपद के 2,20,068 कृषकों के खातों में धनराशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से भेजी गई। इस अवसर पर विकास भवन स्थित हर्षवर्धन सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और किसानों ने प्रधानमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा और सुना। कार्यक्रम में तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया तथा मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी विशेष रूप से मौजूद रहे। विधायक कैलाश राजपूत ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों को आर्थिक मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इससे किसान खाद, बीज और दवाइयों की व्यवस्था कर अपनी खेती को बेहतर बना रहे हैं। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार ने बताया कि योजना के अंतर्गत 22वीं किस्त सहित अब तक जनपद के किसानों के खातों में लगभग 44.01 करोड़ रुपये की धनराशि भेजी जा चुकी है। कार्यक्रम के दौरान 12 किसानों को मूंगफली की निःशुल्क किट और नौ किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी वितरित किए गए।





# ओवरलोड माल ढोने में 4 ट्रक सीज, लगा 2.33 लाख का जुर्माना

- खनन विभाग ने 28 हजार तथा जीएसटी विभाग ने लगाया 80 हजार जुर्माना
- बकाया कर के अभियोग में एक ट्रक सीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में 13 मार्च को एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा खनन अधिकारी संजय प्रताप के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान ओवरलोड माल ढोते हुये 4 ट्रक सीज किये गये व उन पर रू0 2.33 लाख का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त बकाया कर के अभियोग में 1 ट्रक सीज किये गये, जिन पर रू0 10 हजार का कर बकाया था। चेकिंग के दौरान मोहम्मदाबाद की एक फर्म से सेन्ट्रल जेल फर्रुखाबाद के अलग-अलग नामों से 6 बिल लेकर एक हजार बोरी सीमेण्ट ले जाता हुआ ट्रक पकड़ा गया। ट्रक के सभी बिल रू0 50 हजार से कम धनराशि के थे। यह ई-वेबिल से बचने के लिये किया गया था। ट्रक को मसेनी से कादरीगेट की ओर जाते हुये दीप पैलेस के पास पकड़ा गया था। ट्रक में लदे माल से जीएसटी चोरी की आशंका के दृष्टिगत जीएसटी विभाग के सहायक आयुक्त अमित त्यागी को सूचना दी गई तथा ट्रक उनके हवाले कर दिया गया। परिवहन विभाग द्वारा इस ट्रक पर रू0 55 हजार जुर्माना लगाया गया तथा जीएसटी विभाग द्वारा रू0 80 हजार जुर्माना सम्भावित है। खनन अधिकारी के साथ चेकिंग में मौरंग ले जाते हुये एक ट्रक को पकड़ा गया। जिस पर परिवहन विभाग द्वारा रू0 57 हजार तथा खनन विभाग द्वारा रू0 28 हजार जुर्माना लगाया गया। भविष्य में भी ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध और अधिक कठोर कार्यवाही की जायेगी।



पकड़े गये ट्रक की जानकारी देते अधिकारी

# यूपीएससी परीक्षा में 532वीं रैंक हासिल करने वाले छात्र को किया गया सम्मानित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अभिषेक कुमार, यूपीएससी परीक्षा 2025 में 532वीं रैंक हासिल करने वाले छात्र को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा बुके, शाल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उनकी 532वी रैंक के आधार पर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) में उनका चयन लगभग निश्चित है। विद्यालय निदेशिका डॉ. मिथलेश अग्रवाल, प्रबंधक सत्य प्रकाश अग्रवाल, प्रधानाचार्य आर.के. बाजपेई, उप प्रधानाचार्य दीपक कुमार जैन और शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प की सराहना की। उन्होंने अपनी सफलता की कहानी भी साझा की। यूपीएससी की परीक्षा में सफल हुए अभिषेक कुमार ने बताया कि ग्रामीण परिवेश में तमाम समस्याएं हैं। उन्होंने सोचा कि ग्रामीण परिवेश की समस्याओं के समाधान के लिए वह कुछ बनकर ही कुछ कर पाएंगे। अभिषेक कुमार यादव ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और अपने शुभचिंतको को दिया। उन्होंने छात्रों को दृढ़ संकल्पित रहने, कड़ी मेहनत करने और अपने सपनों को कभी न छोड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने माता-पिता, अध्यापकों की आज्ञा पालन करने और अनुशासन में रहने की सलाह दी। उन्होंने कक्षा 1से 12वीं तक की स्कूली शिक्षा कायमगंज के प्रसिद्ध सी.पी. विद्या निकेतन स्कूल से प्राप्त की थी। विद्यालय निदेशिका डॉ. मिथलेश अग्रवाल एवं समस्त विद्यालय परिवार उनकी इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करते हुए उनके उज्ज्वल और सफल भविष्य की कामना करता है।



छात्र को सम्मानित करती मिथलेश अग्रवाल

## दबंगों ने मां-बेटे को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने मां-बेटे को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित पिता ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी। थाना नवाबगंज के गांव भारत नगर सिरौली निवासी मानेश्वर के घर पर मक्का का बीज रखा था। शुक्रवार सुबह पड़ोसी युवक का बकरा मानेश्वर के घर पर घुस कर वहां रखा मक्का का बीज खाने लगा। जिसपर मानेश्वर ने युवक को बकरा बांध कर रखने को कहा, तो युवक मानेश्वर को गाल-गलौज करने लगा। जिसका विरोध करने पर युवक व उसके साथियों ने मानेश्वर को मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट होती देख मां जावित्री देवी पत्नी गेंदालाल पुत्र को बचाने आई। तो युवक व उसके साथियों ने उन्हें भी लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट में जावित्री देवी पत्नी गेंदालाल चोटिल हो गई। थाने पहुंचकर पिता गेंदालाल ने युवक व उसके साथियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांचकर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

## जामा मस्जिद नूरी में अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा जुमे की नमाज़

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज़।** कस्बा मोहम्मदाबाद स्थित जामा मस्जिद नूरी में रमज़ान माह के तीसरे अशरे में अलविदा जुमे की नमाज़ अकीदत व श्रद्धा के साथ अदा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नमाजियों ने नमाज़ अदा कर देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। मस्जिद के इमाम नरूल हसन क़ब्लिा ने नमाज़ से पूर्व अपने संबोधन में रोज़ा, जकात और सदक-ए-फितरा की अहमियत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार रोज़ा रखने से इंसान अपने शरीर की शुद्धि करता है, उसी प्रकार अपने माल में से जकात निकालने से धन पाक होता है और जरूरतमंदों की मदद भी होती है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सक्षम मुसलमान पर सदक-ए-फितरा देना आवश्यक है, ताकि गरीब और असहाय लोगों को भी ईद की खुशियों में शामिल होने का अवसर मिल सकें। इमाम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सबसे पहले अपने आसपास रहने वाले जरूरतमंद पड़ोसियों की सहायता करें, चाहे वह किसी भी धर्म के हों। इसके बाद गरीब रिश्तेदारों, अनाथों और असहाय लोगों की मदद करना भी समाज के प्रति जिम्मेदारी है। अलविदा जुमे की नमाज़ को देखते हुए सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किए गए थे। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे और उनकी देखरेख में नमाज़ शांतिपूर्वक संपन्न हुई।



नमाज अदा करते नमाजी

## बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में होमगार्ड घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में होमगार्ड गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। तहसील क्षेत्र के गाँव त्योरखास निवासी किशनपाल उम्र 57 वर्षीय पुत्र राम चन्द्र होमगार्ड की ड्युटी कोतवाली कायमगंज में चल रही है। सुबह वह बाइक द्वारा ड्युटी करने कोतवाली आ रहे थे। जैसे ही वह कायमगंज अलीगंज मार्ग ग्राम रिटौल के निकट थाना कायमगंज के निकट कोल्ड स्टोरेज के पास पहुँचते ही सामने से आरहे तेज रफ्तार अपाचे सवार बाइक चालक ने उसकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार होम गार्ड गम्भीर घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से घायल होमगार्ड को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

# जन चौपाल में ग्रामीणों की सुनी गई समस्यायें



समस्यायें सुनते सहायक विकास खंड अधिकारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही जन चौपाल योजना के तहत विकासखंड अधिकारी के निर्देशन में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जनता की समस्याएं सुनी गई। विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत अठसेनी पहाड़पुर के मजरा पहाड़पुर में शासनादेश के अनुसार चलाई जा रही जैन चौपाई योजना के तहत विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान के निर्देशन में विकासखंड के सहायक विकास खंड अधिकारी ग्राम विकास विभाग सुखदेवसिंह ने अपने अन्य कर्मचारियों के साथ ग्राम पंचायत के मजरा पहाड़पुर में पहुंचकर जन चौपाल लगाकर जनता की समस्याएं सुनी। अधिकतर शिकायतें पेंशन तथा आवास की रही। पेंशन के लाभार्थियों को तुरंत लाभ पहुंचाने के लिए एडीओ समाज कल्याण अंकुश को निर्देश दिये गये। आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की भी शिकायतें राशन न देने की की गई। सीडीपीओ मीनाक्षी सिंह तथा सहायक सीडीपीओ सुपरवाइजर सुनीता उपाध्याय ने आंगनबाड़ी से संबंधित समस्याओं को सुना। वहीं अधिकारियों ने साफ -सफाई तथा कूड़ा कलेक्शन पैसा वसूली आदि पर ज्यादा जोर दिया। फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, आवास रिचेकिंग के बारे में जानकारियां जुटाई। इस मौके पर एडीओ ग्राम में विकास सुखदेव सिंह, ग्राम पंचायत सचिव वेद प्रकाश, सीडीपीओ मीनाक्षी सिंह, सुपरवाइजर सुनीता उपाध्याय, पंचायत सहायक गिरिजा देवी, प्रधान सेवा गंगवार आदि मौजूद रही।

# पंतजलि योग समिति द्वारा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में मौजूद महिलायें

**फर्रुखाबाद समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को पंतजलि योग समिति की ओर से बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में अनुराग अग्रवाल, डॉ0 संदीप चर्तुवेदी, राज्य प्रभारी अभिषेक यादव, मुन्ना लाल यादव, स्नेह लता यादव, पूनम मौर्या, अनीता द्विवेदी, अर्चना द्विवेदी, राधा दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में गणेश वंदना में परिधि रस्तोगी और कृष्णनिका रस्तोगी ने प्रस्तुति दी। जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। नारी शक्ति नृत्य में शिल्पी रस्तोगी, प्रांशी रस्तोगी, निशि रस्तोगी, अंकिता रस्तोगी, चित्रा ने समाज में नारी के अस्तित्व को दर्शाया। उनकी प्रस्तुति ने सभी को नारी शक्ति की महत्ता का अनुभव कराया और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका सम्मान किया गया।

## खबरें एक नजर में

### गैस सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लगे वृद्ध की गिरकर मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गैस की मारामारी के बीच गैस लेने के लिए लाइन में लगे बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। शुक्रवार को कोतवाली फर्रुखाबाद के क्षेत्र लाल सराय पानी टंकी के सामने भारत गैस एजेंसी पर बुकिंग के बाद सिलेंडर के लिए उपभोक्ताओं की लम्बी लाइन लगी थी। उसी समय शहर मोहल्ला गढ़ी खान खाना मनिहारी एक मीनार मस्जिद निवासी बुजुर्ग मुख्तार अंसारी सिलेंडर लेने के लिए लाइन में लगे थे, तभी अचानक वह जमीन पर गिर पड़े। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें देखा और जिसकी जिसे समझ में आया वैसा प्रयास करने लगा और सूचना उनके परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें उपचार के लिए आवास विकास स्थित एक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पुत्र शाहनवाज अंसारी और मुदस्सिर अंसारी अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि उनकी पत्नी का दस माह पहले ही निधन हो चुका है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

### दबंगों ने सास-बहू को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने सास व बहू को मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में थाने में तहरीर दी गई। थाना क्षेत्र के गांव नगला नया निवासी सीमा पत्नी श्यामवीर ने थाने में दी तहरीर में बताया कि गुरुवार शाम लगभग 6 बजे उनके परिवार के ही युवक व उसके परिजनों ने घूरे व वहां रखे उपलों में आग लगा दी। जिसका विरोध करने पर युवक ने गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। सीमा ने गाली गलौज करने से मना किया, तो युवक व उसके परिजनों ने सीमा को मारपीट करने लगे, मारपीट होती देख पुत्रवधू अरुणा पत्नी विकास बचाने पहुंची तो उन्हें में मारा पीटा। सीमा ने बताया कि मेरे पति व पुत्र दूसरे प्रांत रहकर नौकरी करते है। जिस कारण घर पर वह व उनकी पुत्रवधू छोटे बच्चों के साथ रहती है। मारपीट होने के बाद सीमा ने डायल 112 पर फोन कर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत किया। शुक्रवार सुबह थाने पहुंचकर सीमा ने पुलिस को युवक व उसके परिजनों के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया और तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### बाइक सवार बदमाशों ने महिला की तोड़ी चैन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर थाना क्षेत्र के गाँव करनपुर घाट निवासी राम अपनी बहन मंजूदेवी पत्नी अंकित कुमार को साथ लेकर बाइक द्वारा मन्जू की ननन्द शारदा पत्नी सुनील कुमार को देखने जा रहे थे। शरादा का आपरेशन हुआ था। जैसे ही वह अलीगंज रोड गाँव ढमडेरा केपास पहुँचते ही पीछे से आ रहे लुटेरों ने मन्जू की चलती बाइक के पास आकर कानों से कुंडल झपट लिए। कुंडल एक धागे में बंधे होने के कारण दोनों एक साथ बच गए। घटना के बाद राम ने बहादुरी का साहस दिखाते हुए वहाँ से गुजर रहे एक बुलेरों चालक से मदद मांगी। जिसने लुटेरो का पीछा करना शुरू किया। गाँव ब्रहिमपुर थाना कायमगंज के पास बम्बा पुलिया के निकट लुटेरो की बाइक अनियन्त्रित होकर गिर गई और लुटेरे भागने लगे। एक लुटेरा वहां पर बने शौचालय में छुप गया। जिसे कुछ देर बाद पकड़ लिया गया। लुटेरों की क्षतिग्रस्त बाइक पुलिस ने कब्जे में ली। अन्य लुटोरों की तलाश कर रही।

### अलविदा जुमे की नमाज पर मांगी गई अमन-चैन की दुआ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर व क्षेत्र की मस्जिदों और ईदगाहों में शुक्रवार को जुमे की अलविदा नमाज पूरी अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस दौरान हजारों हाथ मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ के लिए उठे। नमाज को लेकर प्रशासन सुबह से ही अलर्ट मोड पर नजर आया। कोतवाली क्षेत्र की 16 मस्जिदों और 5 ईदगाहों में नमाज के मद्देनजर पुलिस लाइन से अतिरिक्त फोर्स मंगवाई गई थी।

# जिला पूर्ति विभाग ने छापेमारी कर पकड़े कई सिलेंडर, मुकदमा दर्ज



जब्त किये गये सिलेंडर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को पूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी बढ़पुर, पूर्ति निरीक्षक कमालगंज, मोहम्मदाबाद अभिषेक मिश्रा के साथ जिला पूर्ति अधिकारी के औचक निरीक्षण के दौरान स्टेशन रोड फतेहगढ, भोलेपुर स्थित दुकान श्याम गैस चूल्हा विक्रेता एवं खाटू श्याम लाज एण्ड होटल के नीचे अवस्थित दुकान के संचालक रिषभ की दुकान पर पहुंचकर छापेमारी की। जांच में दुकान पर कुल 6 घरेलू गैस सिलिण्डर, दो रिफिलर तथा एक 05 किलो0 का छोटा गैस सिलिण्डर मौके पर पाया गया।

श्याम गैस चूल्हा विक्रेता के प्रतिष्ठान पर उपस्थित राघव पिता का नाम अज्ञात एवं खाटू श्याम लाज एण्ड होटल के नीचे अवस्थित दुकान के संचालक रिषभ द्वारा घरेलू गैस सिलेण्डरों द्वारा अवैध रूप से घरेलू गैस सिलिण्डर से छोटे गैस सिलिण्डरों में गैस की रिफलिंग की जा रही है जो द्रवित पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण का विनियमन आदेश 2000 यथासंशोधित का स्पष्ट उल्लंघन है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। उक्त के आधार पर प्रेषित विस्तृत आख्या घर जिलाधिकारी की अनुमति आदेश दिनांक 13 मार्च के द्वारा श्याम गैस चूल्हा विक्रेता के प्रतिष्ठान पर उपस्थित राघव पिता का नाम अज्ञात एवं खाटू श्याम लाज एण्ड होटल के नीचे अवस्थित दुकान के संचालक रिषम के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 यथासंशोधित की धारा 3/7 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना कोतवाली फतेहगढ़ में दर्ज कराई गयी।

## पॉक्सो के आरोपी को तीन वर्ष का कारावास

- दस हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पास्को एक्ट के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने उपेन्द्र कुमार पुत्र रामलड़ैते निवासी भोजपुर कमालगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर तीन वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

विगत नौ वर्ष पूर्व थाना मेरापुर क्षेत्र के निवासी युवक विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश के समक्ष याचिका दायर की। जिसमें बताया कि प्रार्थी मेहनत मजदूरी करके अपना व अपने बच्चों का भरण पोषण करता था। मै अपने बच्चों के साथ राजस्थान ईट भट्टे पर काम करने गया था। वहां पर उपेन्द्र निवासी भोजपुर भट्टे पर काम करता था। हमारी नाबालिग पुत्री जिसकी उम्र 11 वर्ष की थी, भट्टे का काम खत्म करके अपने गांव वापस आ गए थे। 30 अप्रैल 2017 को समय करीब शाम सात बजे मेरी पुत्री घर के बाहर शौच क्रिया करने जा रही थी, तभी रास्ते में उपेन्द्र कुमार व उसके साथ दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसके साथ छेड़छाड़ करने लगे। पुत्री के शोर मचाने पर गांव के लोग आ गए। आरोपी मौके से भाग गया। पुलिस ने तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया, करवाही नहीं हुई। जिसके बाद पीड़ित ने न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की। न्यायालय के आदेश पुलिस ने मुकदमा दर्ज की। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने उपेन्द्र कुमार को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर तीन वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## कई ग्राम सभाओं में विभिन्न बीमारियों ने पसारे पैर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत क्षेत्र के गांव में खसरे की बीमारी ने पांव पसार लिये है। इस बात से स्वास्थ्य विभाग बेखबर है।

नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 16 के गांव जफर नगर में कई बीमारियों ने पैर पसार लिये है। इससे स्वास्थ्य स्वास्थ्य विभाग बेखबर है। ग्रामीणों के माथे पर चिंता की लकीरें छा गयी है। गांव में लगातार कई घरों में खसरा की बीमारी में पांव पसार लिए। जिसमें ग्रामीण फिरोज खान के दो बच्चों के खसरा जुबेर के पुत्र के खसरा सहित कई घरों में खसरे की बीमारी ने वापस आ लिए है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग कटाई आंखें बंद किए हैं। जिससे लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं, जब इस बाबत चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर लोकेश शर्मा से जानकारी करनी चाही तो उनका फोन स्वीचआफ बता रहा था।



शिकायतें सुनती महिला आयोग की सदस्य

## राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सुनी महिलाओं की समस्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ स्थित पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में राज्य महिला आयोग की सदस्या सुनीता सैनी द्वारा महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 07 महिलाओं द्वारा अपने-अपने समस्याओं का प्रार्थना पत्रों के माध्यम से सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को सदस्य ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। सदस्या द्वारा वि0 खंड राजेपुर के उजरा मउ आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया एवं जिला जेल का निरीक्षण किया व साफ-सफाई के निर्देश भी दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्रा, जिला बाल विकास परियोजना अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, महिला थाना अध्यक्ष, परियोजना निदेशक, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टाप सेंटर, दत्तक ग्रहण के कार्मिक एवं अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे

**नवाबगंज, समृद्धि यूज।**

पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चल गये। जिससे कई लोग घायल हो गये। कस्बा के चिकन वाली गली निवासी नाहर सिंह उर्फ पप्पू व आनंद कश्यप का काफी दिनों से कुछ विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर शुक्रवार को दोनों पक्षों में काफी मारपीट होने लगी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ मौके पहुंचे थाना प्रभारी राजीव कुमार ने दोनों पक्षों का झगड़ा शांत कराया। और दोनों को थाने आकर अपनी बात रखने की बात कही। जिसपर दोनों पक्ष थाने पहुंचे और वहां हाई वोल्टेज ड्रामा चालू हो गया और थाने में भी दोनों पक्षों में मारपीट का माहौल बन गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने में बिठा लिया। जिसे देख मौके पर एक पक्ष की महिलाओं ने जमकर उत्पात मचाया। काफी कड़ी मेहनत के बाद थाना पुलिस ने भीड़ को समझने का प्रयास किया, लेकिन महिलाएं व काफी संख्या में स्थानीय लोगों में थाने पर जोरदार हंगामा किया। जब भीड़ पुलिस की बात मानने को तैयार न होकर के शोर शराबा करने पर उतारू हो गए। पुलिस ने थोड़ी शक्ति दिखाते हुए लाउड स्पीकर से भीड़ जमाए लोगों को हड़काया और थाने से भीड़ हटाकर घर जाने को कहा। जिसपर भीड़ खिसकती दिखाई दी। पुलिस ने कारवाही करते हुए दोनों पक्षों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आनंद कश्यप, शिव लोक कश्यप, नाहर सिंह उर्फपप्पू, विनीत, विशाल को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## भगवत शरण में जाने से जीव का उद्धार हो जाता है:श्रीराम स्वरुपाचार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गुरुगांव देवी मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीराम कथा में चतुर्थ दिवस पर सीता राम विवाह महोत्सव का आयोजन हुआ। रामकथा में पीठाधीश्वर श्रीराम स्वरुपाचार्य ने अपने मुखार बिंदु से कहा कि जीवन में अपमान हो जाने पर भगवत शरण में जाने से जीव का उद्धार हो जाता है। जिस प्रकार गौतम मुनि की पत्नी अहिल्या को भगवान ने तार दिया। मिथिला में अंहकार रुपी धनुष को तोड़कर श्रीराम ने भक्ति स्वरुपा सीता जी का वरण किया। प्रत्येक मनुष्य को जीवन में सरलता, सौम्यता, शीलनता से भगवत भजन करते हुए जीवन यापन करना चाहिए। कभी भी अंहकार नहीं करना चाहिए। नशा मुक्त होने पर भारत देश का विश्व में एवं विशेष स्थान बनेगा तथा हमारा देश स्वच्छ बनेगा। नशे के कारण घर-घर में कलेश हो रहे है, तथा नई-नई बीमारियां उत्पन्न हो रही है। सबको नशा का त्याग करना चाहिए। इस मौके पर बड़ी संख्या भक्तगण मौजूद रहे।



कथा का श्रवण कराते श्रीराम स्वरुपाचार्य व मौजूद भक्तगण

# जिलाधिकारी ने गैस वितरकों के साथ की बैठक, दिये आवश्यक दिशा निर्देश



बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रसोई गैस की वर्तमान स्थिति को सुव्यवस्थित करने के लिए जिलाधिकारी व संबंधित गैस वितरकों के साथ बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। वहां पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रातः काल 9 बजे से सायंकाल 6 बजे तक गैस एजेंसी मालिक स्वयं अपने काउंटर पर बैठे और ग्राहकों का उचित निर्देशन करें। उन्हें बताएं कि गैस की कोई कमी नहीं है। उन्हें पानी पिला दे, उनकी 100 परसेंट ई केवाईसी करे गैस का संपूर्ण वितरण बुकिंग के द्वारा ही किया जाएगा। ऐसा उन्हें बताएं नौकरों के भरोसे ना छोड़े बैकलॉग क्लियर करें वितरण क्रमिक रूप से ही करें 25 दिन से पहले बुकिंग स्वीकार न करें फोन पर उपलब्ध रहे, ताकि ग्राहक भ्रमित ना हो फोन पर उनकी अनुपस्थिति से माहौल बिगड़ सकता है। ग्राहकों का विश्वास इस प्रकार टूटता है। व्यवस्था बिगड़ती है, कालाबाजारी ना होने दें हाकरों को नियंत्रित रखें। डायवर्सन की कोई अनुमति स्वीकार्य नहीं है। अफवाहों पर ध्यान ना दें ना विश्वास करें ना फैलाएं किसी भी अफवाह को सोशल मीडिया पर फॉरवर्ड ना करें आवश्यकता पड़ने पर सक्षम प्राधिकारी को सूचित करें यदि आवश्यक हो तो पुलिस का सहयोग प्राप्त करें, आपूर्ति जारी है गैस की कोई कमी नहीं है। निश्चिंत रहें सुझाव या शिकायत हो तो सक्षम प्राधिकारी को दिए जा सकते हैं, कोई भी अप्रिय स्थिति हो तो प्रशासन का सहयोग करें व सहयोग प्राप्त करें।

## बाबा नीम करोली धाम के विकास के संबंध में डीएम ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कलेक्ट्रेट सभागार में बाबा नीम करोली धाम के विकास के संबंध में विचार विमर्श करने हेतु अपरान्ह 12 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रस्ताव दिया गया कि जिन दुकानों की वजह से वहां का सुंदरीकरण प्रभावित हो रहा है। उन दुकानों को दूसरी जगह पर शिफ्ट कर देना चाहिए और उस स्थान का उद्यानीकरण होना चाहिए। प्रकाश व्यवस्था को बेहतर और सुंदर तरीके से स्थापित किया जाना चाहिए, तालाबों का भी उच्ची करण होना चाहिए। तालाब को शु अवस्थित किया जाएगा। वरांडा को भी व्यवस्थित किया जाएगा, खंभे बनाए जाएंगे, गुफा के पीछे परकोटे बनाए जाएंगे गौशाला के आगे स्थित स्थान का विकास किया जाएगा। वहां भी परकोटे बनेंगे पौधों के आसपास पानी के रोकने के लिए सुंदर स्थान बनाया जाएगा। पौधों को व्यवस्थित किया जाएगा। उनकी कटिंग की जाएगी, लोक निर्माण विभाग पार्किंग बनाएगा। उससे अतिक्रमण समाप्त होगा। मंगलवार व शनिवार के दिन वहां पर लगभग 40000 लोग आते हैं। वहां पर सुविधा केंद्र भी बनाए जाने का प्रस्ताव दिया गया, चिकित्सालय बनाने व तालाब का सुंदरीकरण का प्रस्ताव दिया गया है। 5 एकड़ का जल कुंड भी बनाया जाएगा और उसका विकास किया जाएगा। मंदिर के अंदर की सुविधाओं को भी बेहतर बनाया जाएगा। वहां की सड़क अतिक्रमण के कारण सिकुड़ रही हैं। इस अतिक्रमण को समाप्त किया जाएगा। जिन नालियों का पानी तालाब में गिरता है उन पर एसटीपी बनाई जा सकती है गेटवे बनाया जाएगा। राजमार्ग के निकट संकिसा रोड पर सरोवर के चारों और सड़क बनाई जाएगी। उसके दोनों और पौधे लगाए जाएंगे। इससे पर्यटन बढ़ेगा मां व बच्चों के लिए चाइल्ड केयर प्वाइंट बनेगा। बस व टेंपो पार्किंग बनेगी, ताकि बस और टेंपो व्यवस्थित रूप से खड़े हो सके और आकस्मिक सेवा केंद्र बनेगा। भीड़ प्रबंधन होगा तालाब में नहाने की मनाही होगी। टॉयलेट बनाए जाएंगे कुछ दुकानों का निर्माण अनुचित तरीके से किया गया है। उन्हें हटाना उचित रहेगा, सभी दुकानदारों की आपसी सहमति से ही उन्हें हटाया जाएगा और उनहे शिफ्ट किया जाएगा। बड़ा हाल बनाया जाएगा, मंदिर की बाउंड्री बनेगी, ताकि चीजे व्यवस्थित हो फर्स्ट एड रूम बनेगा, पर्यटन विभाग का क्या-क्या सहयोग नीम करोली धाम के विकास के लिए प्राप्त हो सकता है। उसे चिन्हित करके बताना होगा ये निर्देश जिलाधिकारी ने दिए आर्किटेक्ट फर्म आगरा संधारण की निकिता गुप्ता ने पर्यटन विभाग के सहयोग से जो वे नीमकारी धाम के विकास के लिए कर सकती हैं। अपने विचार व्यक्त किए रजनीश अग्रवाल ने अग्रवाल एंड एसोसिएट लखनऊ द्वारा पीडब्ल्यूडी के सहयोग से जो भी विकास कर सकते हैं उसके लिए अपनी प्रस्तावना दी, बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीआईओएस की अनुमति के बाद ही प्रबंधक कर सकेंगे शिक्षकों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही

- शासन ने शिक्षा सेवा चयन आयोग की धारा-3 को शिक्षकों के हित में किया प्रभावी

**फर्रुखाबाद समृद्धि न्यूज।** अशासकीय सहायता प्राप्त (ऐडड) माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंधक अब शिक्षकों के खिलाफ सीधे तौर पर दण्डात्मक कार्यवाही नहीं कर पायेंगे। शासन ने नये शिक्षक सेवा आयोग में शामिल धारा तीन को प्रभावी करते हुए नये निर्देश जारी किये गये है। जिसके तहत अब जिला विद्यालय निरीक्षक की संस्तुति के बाद ही प्रबंधक शिक्षकों के खिलाफ कोई दण्डात्मक कार्यवाही कर सकेंगे।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, शासन ने शिक्षकों के खिलाफ मनमानी पूर्ण कदम उठाने पर माध्यमिक विद्यालयों के प्रबंधकों पर अंकुश लगाया है। प्रबंधक ऐसे फैसले लेते थे जो शिक्षकों के हित में नहीं होते थे। यहां तक की प्रबंधक लोग शिक्षकों को निलंबित करने में भी पीछे नहीं रहते थे। शिक्षक अपने प्रति प्रबंधकों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही को लेकर उच्च न्यायालय तक जाने को मजबूर होते थे। जिससे उनकी धनराशि एवं समय दोनों खर्च होते थे। साथ ही शिक्षकों को मानसिक उत्पीड़न का भी शिकार होना पड़ता था। शासन ने नए शिक्षा सेवा चयन आयोग की धारा तीन शिक्षकों के हित में प्रभावी करते हुए नये दिशा निर्देश जारी किये गये है। जिसके तहत अब जिला विद्यालय निरीक्षक की संस्तुति के पश्चात ही प्रबंधक शिक्षकों के खिलाफ कोई दण्डात्मक कार्यवाही कर सकेंगे। अब शिक्षकों पर सेवा समाप्ति आदि बड़ी दंडात्मक कार्यवाही संबंधी फैसलों से पूर्व डीआईओएस की अनुमति लेना प्रबंधकों को लेना अनिवार्य है।

# अलविदा की नमाज में युद्ध समाप्ति व अमन चैन की मांगी दुआ

**▸ शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स रहा तैनात, हुआ फ्लैग मार्च**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुकद्दस रमजान के जाने का गम, लबों पर मुल्क की बेहतरी की दुआ। रमजान के आखिरी जुमा अलविदा की नमाज पर हर मस्जिद में यही नजारा देखने को मिला। शहर की सभी मस्जिदों में रोजेदार अलविदा की नमाज के लिए पहुंचे। खुदा से माह-ए-रमजान फिर आने की इल्तिजा की। साथ ही मुल्क के अमन-चैन और तरक्की की दुआ भी की।

अलविदा जुमा पर देशभर में अमन-चैन और शांति की दुआ मांगी गई। शुक्रवार सुबह से ही अलविदा की नमाज की तैयारी शुरू हो गई। मस्जिद प्रबंधन भी नमाजियों की अधिक तादाद के मद्देनजर तैयारियों में जुटा रहा। बच्चे, बूढ़े और युवा सभी सुबह से ही मस्जिदों की ओर चल पड़े। शहर की जामा मस्जिद नेहरु रोड पर मौलाना मोज्जम अली ने नमाज अदा करायी। उन्होंने मुल्क में अमन, शांति की दुआ की। ईरान-अमेरिका व इजराइल में चल रहे युद्ध पर रोक लगाने की मांग की और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत को शहदत बताते हुए नमाज अदा की।

रमजान के मुकद्दस महीने के आखरी जुमे पर लोगों ने गुनाहों की मांफी मांगी और रमजान महीने के आखिरी जुमे की नमाज अदा की। महिलाओं ने घरों में अपनी इबादत पूरी की। नमाज से पहले जुमा का खुतबा पढ़ा गया। इस दौरान प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत को शहदत बताते हुए ईद की नमाज अदा की और और कुछ लोग काले कपड़े पहनकर नमाज अदा करने पहुंचे। जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन अलर्ट रहा। कोतवाली निरीक्षक के अलावा सीओ सिटी ने निरीक्षण कर पैदल मार्च किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने भी शहर की मस्जिदों के बाहर निरीक्षण किया। पूरे दिन फ्लैग मार्च होता रहा। रोजेदारों ने जामा मस्जिद पहुंचकर नमाज अदा की।


अलविदा की नमाज अदा करते रोजेदार


जामा मस्जिद के बाहर तैनात पुलिस

# प्राथमिक विद्यालय मदारपुर का एआरपी ने किया सपोर्टिव सुपरविजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में एआरपी ने सपोर्टिव सुपरविजन किया। बीआरसी कायमगंज से अंग्रेजी भाषा के एआरपी सुबोध कुमार अग्निहोत्री ने प्रातः 9:20 पर स्कूल पहुंच कर कक्षा 5 के बच्चों का सपोर्टिव सुपरविजन कर उन्हें वार्षिक परीक्षा की अग्रिम शुभकामनाएं दी। स्कूल में 48 विद्यार्थी उपस्थित मिले। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल बच्चों को वार्षिक परीक्षा कार्यक्रम नोट करा रहे थे, जबकि रसोइया आशा और उमा मीनू के अनुसार आलू, फूल, मटर, टमाटर, गाजर, हरी धनिया, मिर्च काटकर तहरी की तैयारी कर रही थी। इस अवसर पर अतिरिक्त कक्षा-कक्ष में संचालित बाल वाटिका केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री मेमवती बच्चों को पढ़ा रही थी। बच्चों को खेल खेल में विधिवत शिक्षा दे रही आंगनबाड़ी की खूब सराहना की। कक्षा तीन की कक्षाध्यापिका शिक्षा मित्र कमलेश राजपूत भी बच्चों को वार्षिक परीक्षा की पुनरावृत्ति करा रही थी। एआरपी ने मदारपुर के बाद उच्च प्राथमिक विद्यालय अल्लापुर का सपोर्टिव सुपरविजन किया।



बच्चों को पढ़ाते एआरपी

# विद्यालय प्रबंधन समितियों की ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी सम्पन्न


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व प्रधान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पीएम श्री विद्यालय राजेपुर में विद्यालय प्रबंध समितियों के अध्यक्षों एवं प्रधानाध्यापक व प्रधानों की ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख पल्लव सोमवंशी रहे। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी में सरकारी योजनाओं पर बल दिया। ब्लाक के ग्राम प्रधानों एवं अध्यक्षों व प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया, परन्तु प्रधानों की उपस्थिति देखकर खण्ड शिक्षाधिकारी ने नाराजगी जतायी। पीएम श्री विद्यालय की छात्राओं ने विद्यालय की शिक्षिका श्वेता रानी स्वचरित दो गीतों का प्रदर्शन किया। प्रधान संघ के अध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने कहा कि प्रधानों का कार्यकाल पांच वर्ष का होता है। प्रधानों की कोई योग्यता निर्धारित नहीं, जबकि अध्यापक शासन द्वारा निर्धारित अर्हतायें पूर्ण करने के बाद नियुक्त होता है। प्रधानाध्यापक ग्राम प्रधानों के साथ सौहार्द पूर्ण समन्वय स्थापित करें। अलीगढ़ प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष गुप्ता ने कहा कि अपनी अंतर आत्मा की आवाज सुने और सभी ईमानदारी से निष्ठा पूर्ण दायित्वों का निर्वाह्न करें। जिससे शैक्षिक व्यवस्था में सुधार हो। समाज में धूमिल हो रही प्रतिष्ठा पुनः प्राप्त करें। इस मौके परे संदीप गुप्ता, विनोद पाठक, सुनील चौहान, संतोष पाठक आदि ने विचार रखे। प्रधान प्रदीप गुप्ता व एसएमसी अध्यक्ष मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब द्वारा राहगीरों को वितरित किया गया भोजन


भोजन वितरित करते पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रोटरी क्लब द्वारा राहगीरों को भोजन वितरित किया गया। रोटरी क्लब द्वारा समाजिक कार्यों में वरीयता देते हुए शुक्रवार को लालगेट फब्बारे के पास पदाधिकारियों ने पहुंचकर भोजन वितरित किया। वैन में सब्जी, दाल, रोटी आदि की थाली लगाकर लोगों को भोजन खिलाया गया। अध्यक्ष डा0 वीके गुप्ता व सचिव दीपक खन्ना ने बताया कि रोटरी क्लब हमेशा असहाय व जरुरतमंदों की मदद करता है। पिछले कई वर्षों से यह सेवा कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को दोपहर में राहगीरों को भोजन खिलाया गया। इस मौके पर डा0 एसके सिंह, संजीव अग्रवाल, उदित अग्रवाल, लकी गुप्ता, आशुतोष टंडन, सुब्रत रस्तोगी, अभिषेक साध, हर्षित मेहरोत्रा, सतनाम सिंह, शरद रस्तोगी, प्रदीप माथुर आदि लोग मौजूद रहे।

## अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षकों का होली मिलन सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक कल्याण एसोसिएशन का होली मिलन समारोह जिला महामंत्री बृजेन्द्र कुमार श्रीमाली के आवास सेनापति पर सम्पन्न हुआ। सेवानिवृत्त माध्यमिक शिक्षकों ने होली मिलन समारोह में 61 से 68वर्ष तक शिक्षकों ने भाग लिया और गले लगकर एक दूसरे को बधाई दी गई। कमालगंज, कायमगंज, फर्रुखाबाद, मोहम्मदाबाद से पूर्व शिक्षक आये। संरक्षक ज्योतिस्वरुप ने होली त्यौहार के महत्व पर प्रकाश डाला और पुरानी पम्पराओं को स्मृति बनाये रखने की अपील की। जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार मिश्रा ने कहा कि हम सर्व समाज को बराबर मुख्य भूमिका में रखते है। इस मौके पर रामनरेश मराल, ब्रजभान कुमारी, रामनिवास अग्निहोत्री, गंगाराम मिश्र, शीलचन्द्र पाण्डेय, अजय वीर सिंह, जयकृष्ण रस्तोगी, रमेश पाल सिंह, रामवीर सिंह, सोनेलाल यादव, उमेश चन्द्र गंगवार, रमेश पाल सिंह, प्रमोद चन्द्र गंगवार, वीरेन्द्र बाबू गुप्ता, रामाधार पाण्डेय, गोविन्द सिंह यादव आदि मौजूद रहे। संचालन बृजेन्द्र कुमार श्रीमाली ने किया।


नमाज के बाद मौजूद लोग

## सुनहरी मस्जिद में अलविदा की नमाज हुई अदा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अलविदा जुमे पर सुनहरी मस्जिद में पेश नमाज मौलाना मोहम्मद अब्बास ने ईरान की सलामती के लिए दुआ करायी और कालीं पट्टी बांधकर ईद की नमाज पढ़ने का ऐलान किया। सभी रोजेदारों ने मुल्क की सलामती की दुआ की और ईरान, इजराइल, अमेरिका युद्ध बंद करने की मांग की। मौलाना ने कहा कि तमाम लोग युद्ध में बलिदान हुए है। युद्ध से विनाश होता है, ऐसे में युद्ध रोका जाये और अमन-चैन का रास्ता निकाला जाये। इस मौके पर आफताब हुसैन, सैय्यद अम्मार अली जैदी, मुंनवर हुसैन, मसरत अली जैदी, रहबर आब्दी, मोत्तर मुना, ताहिर भाई, फारुख भाई, शोएब जैदी, जावेद हुसैन, शारीफ हैदर आदि मौजूद रहे।

# सनातन धर्म को एकजुट करने पर दिया गया बल

**▸ जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत व प्रमुख महामंत्री बने कोमल पाण्डेय**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की संयुक्त बैठक रेलवे रोड स्थित एक पैलेस में सम्पन्न हुई। जनपद के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। साथ ही आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में गुजरात से आये प्रदेश प्रभारी राजू भारद्वाज व विशिष्ठ अतिथि प्रदेश महामंत्री बजरंगदल अरविन्द सेंगर ने भाग लिया। कार्यक्रम में जिला कमेटी की घोषणा की गई। कमेटी में जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत को बनाया गया और जिले का प्रमुख महामंत्री अंगद पांडे उर्फकोमल पांडे को नियुक्त किया गया।

प्रदेश प्रभारी राजू भारद्वाज ने कहा की वर्तमान जो देश की परिस्थितियों चल रही हैं, उन परिस्थितियों में सनातन धर्म को एकजुट करने की बहुत आवश्यकता है, क्योंकि चारों तरफसे सनातन के ऊपर ही आक्रमण किया जा रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में हिंदू समाज को भी बांटने के लिए तरह-तरह के षडयंत्र किया जा रहे हैं, इन संयंत्र से हम सबको सतर्क रहने की आवश्यकता है और डटकर इसकी विरोध करने की आवश्यकता है।

प्रदेश के महामंत्री अरविंद सेगर ने कहा राष्ट्रीय बजरंग दल पूरे प्रदेश में हिंदुत्व के लिए कार्य कर रहा है गौ रक्षा के लिए कार्य कर रहा है। प्रदेश में वर्तमान में राष्ट्रीय बजरंग दल के हजारों कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ हिंदुत्व और सनातन के लिए अपना घर परिवार सब छोड़कर लगे हैं और उसका परिणाम भी है की पूर्व में जो गौ हत्याएं होती थी वह बंद हो गई है। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष कोमल पांडे ने कहा कि जनपद में बहुत दिनों से संगठन को कमजोर करने के लिए कुछ लोगों के द्वारा जो प्रयास किया जा रहा था, वह आज खत्म हो गया है नई कार्यकारिणी पूरी दमदारी के साथ में जनपद में कार्य करेगी।

आचार्य अमरीश जी महाराज ने कहा कि आप सबका उत्साह देखकर महसूस होता है कि जनपद में राष्ट्रीय बजरंग दल एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद हिंदुत्व के लिए बहुत शानदार काम करेगी। अध्यक्षता राजू भारद्वाज ने की। इस मौके पर अरविंद सिंह सेंगर, उमेशा आनंद महाराज, आशीष मिश्रा भईयन, प्रमोद दीक्षित के अलावा जिला उपाध्यक्ष राजीव पाल, राममोहन मिश्रा, कुलदीप दीक्षित एवं मंत्री सूरज शर्मा व दीपक गुप्ता, सुधेश सिंह, प्रशांत मिश्रा, आनंद राजपूत, अनिल चौहान, गौरव कुमार, विष्णु मिश्रा, अविनेश राजपूत, कार्तिक शुक्ला, मोहित खन्ना, प्रफ्फुल मिश्रा, सत्यम वर्मा, अजय, रजत वर्मा, अनंतराम, नीरज प्रजापति, नरेन्द्र यादव, पंकज राठौर, अमल परिहार, रोहित शाक्य, आयुष सक्सेना, उमेश बाथम, राम मिश्रा, अंकुर पाठक, गौतम दुबे, उमेश बाथम आदि लोग मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद अतिथि

# श्रीमद् भागवत कथा में केशव की बाल लीला सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नेकपुर कला स्थित कृपालु नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य कृष्ण मुरारी महाराज ने कृष्ण भगवान की बाल लीला का वर्णन किया। शुक्रवार को नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में चल रही कथा में आचार्य कृष्ण मुरारी महाराज ने भगवान केशव की बाल लीला का वर्णन करते हुए कहा कि जिसका नामकरण गर्गाचार्य ने किया। इनके नाम अनेक अनूपा मै नृप सुमित अनुरुपा इस बार कृष्ण वर्ण में आये इसलिए कृष्ण रखा। अपने श्रेष्ठ के आगे श्री इसलिए श्रीकृष्ण चंद्र वंश में आये। इसलिए नाम के बाद चन्द्र रोहिणी पुत्र का नाम संस्करण बल में अधिक होने के कारण बलराम नाम रखा। जिस प्रकार लीला करेंगे उस प्रकार का नाम होगा। अधासुर वध व वकासुर वध, माखन चोरी लीला में गोवर्धन की लीला का वर्णन किया। जिस समय गोपियां माखन लेकर जा रही थी, उस समय श्रीकृष्ण अपने सखा के साथ उनकी मटकी फोड़ देते है और माखन खा लेते है। कई बार गोपियों ने यशोदा मईया से इसकी शिकायत की, पर उन्होंने अपनी बाल लीला नहीं छोड़ी। यशोदा मइया ने उन्होंने रस्सी से बांध दिया, उसके बाद भी उन्होंने मटकी से माखन चुरा लिया और फिर देखा कि वह स्वयं रस्सी से बंधे है। उनकी यह लीला देखकर वह स्वयं चकित रह गयी। कथा के परीक्षित रामकृपाल सिंह यादव रहे। व्यवस्था में सपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह फौजी, रक्षपाल सिंह, रमेश चन्द्र, वीरेन्द्र फौजी, विद्याराम प्रधान, श्यामेन्द्र श्रीवास्तव, सर्वेश यादव के अलावा महिलायें भी मौजूद रही।


कथा का श्रवण करते भक्तगण

## हिन्दूवादी नेताओं ने धर्मांतरण व लव जिहाद को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने पुत्री गायब कर धर्मांतरण व लव जिहाद के संबंध में मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। थाना मोहम्मदाबाद के ग्राम शंकरपुर माडल निवासी पीड़ित ने ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि मेरी पुत्री बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है, जो मोहम्मदाबाद स्थित एक महाविद्यालय में पढ़ने गयी थी। वह घर नहीं आयी। जिसकी गुमशुदी की रिपोर्ट 14 फरवरी को मोहम्मदाबाद थाने में दर्ज करायी। सूत्रों द्वारा पता चला है कि पुत्री को महफूज पुत्र सरफुद्दीन निवासी अवंतीवाई नगर मोहम्मदाबाद ने धमकाकर अपने साथ ले गया है। उसके व चाचा नीम करोरी निवासी है। महफूज का पिता सरफुद्दीन झोलाछाप चिकित्सक है। ननिहाल के गांव में सम्पर्क किया तो लोग गुमराह करते रहे। पूछने पर जाति सूचक गालियां दी और धमकाया और कहा कि उसका जल्द ही धर्मांतरण करूंगा। पीड़ित ने पुत्री को बरामद कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। इस मौके पर देवपाल सिंह राठौर, राहुल कुमार, अखिलेश मिश्रा, रोहन मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हिन्दूवादी नेता

# प्रशिक्षण महाअभियान को लेकर मण्डल अध्यक्षों के साथ बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी ने अपने दो दिवसीय प्रवास के अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के संदर्भ में विधानसभाओं के अंतर्गत आने वाले मंडलों की प्रशिक्षण टोली के कार्यकर्ताओं की तैयारी बैठक ली। उन्होंने चारों विधानसभाओं के सभी 18 मंडलों के अध्यक्षों एवं प्रशिक्षण टोली से संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक करके मंडलों में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण वर्ग को लेकर दिशा निर्देश दिए।

जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया की 29 मार्च से लेकर 12 अप्रैल तक सभी 18 मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होंगे। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी ने कहा मंडलों के प्रशिक्षण वर्ग में मंडल कमेटी में नवीन कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना मुख्य उद्देश्य होता है मंडल कार्य समिति में नवीन कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास के बारे में संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। पार्टी की विचारधारा और नीति के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने के लिए ऐसे शिविर व वर्ग आयोजित करती है। प्रत्येक मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग में एक-एक वक्त अलग-अलग सत्रों को संबोधित करेगा। इन सभी वक्ताओं का चयन पार्टी द्वारा किया जा चुका है।

आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव और पंचायत के चुनाव को लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं को अभी से कमर कसनी है इसके लिए संगठन को पूर्ण रूप से मजबूत करना है ताकि प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ता डटकर विरोधियों का सामना कर सके।

इस मौके पर हिमांशु गुप्ता, सुनील रावत, विमल कटियार, सत्यपाल सिंह, डॉ. भूदेव सिंह, संदीप शाक्य, अभिषेक बाजपेई, अनिल कुमार राजपूत, अतुल दीक्षित, अनुराग सिंह, अनुज राजपूत, विशाल शर्मा, राजेश वर्मा, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद भाजपा नेता

# विधायक ने जसमई में ओपन जिम का किया उद्घाटन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने अपनी विधायक निधि से ग्राम सभा जसमई के पंचायत भवन में लगाई गई, ओपन जिम का उद्घाटन किया। जिसकी निर्माण लागत 9 लाख 12 हज़ार रुपये है। ग्राम सभा में ओपन जिम के लगने से युवा वर्ग में काफी खुशी की लहर दौड़ गई। समस्त ग्राम वासियों ने आभार व्यक्त किया। विधायक द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खेलों भारत योजना से प्रेरणा लेकर ओपन जिम का संकल्प लिया है। अभी सदर विधानसभा की अन्य ग्राम सभाओं में भी निर्माण कार्य चल रहा है। विधायक ने ग्रामसभा जसमई में निर्माणाधीन बिजली घर की गुणवत्ता पर चर्चा की। कार्यक्रम में ग्राम सभा जसमई के वरिष्ठ जन, युवा वर्ग ने जोरदार स्वागत किया। ग्राम की प्रधान अभिलाषा दुबे, सचिव, प्राईमरी के प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षागण उपस्थित रहे।


उद्घाटन के दौरान जिम करते विधायक

# शिवदयाल चौरसिया के विचार ही पीडीए आंदोलन की नींव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोहिया पुरम आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शुक्रवार को जिला महासचिव इलियास मंसूरी की अध्यक्षता में समाजवादी विचारों के धनी पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय शिवदयाल चौरसिया की जयंती पर गोष्ठी आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

अध्यक्षता कर रहे जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि आज जब देश की सामाजिक और राजनीतिक स्थिति का ढांचा लगभग तबाह होने की स्थिति में आ गया है, तब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए आंदोलन खड़ा करके डॉ0 राम मनोहर लोहिया, बाबा साहब अंबेडकर, मान्यवर कांशीराम, शिवदयाल चौरसिया, बाबू जगदेव प्रसाद कुशवाहा इत्यादि तमाम महापुरुष जो समता और समानता की लड़ाई लड़ते-लड़ते इस दुनियां को अलविदा कह गए हैं उनके अधूरे मिशन को पूरा करने के लिए ही ये आंदोलन खड़ा किया है, इसकी बुनियाद ही इन महापुरुषों के विचार हैं। जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा शिवदयाल चौरसिया के विचार हम सबको समाज में सामाजिक समरसता के लिए प्रेरित करते हैं। आज भले ही शिवदयाल चौरसिया हमारे बीच में मौजूद न हो, लेकिन उनके विचार सदैव हम समाजवादियों के दिलों में जीवित रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान सदर विधानसभा के बूथ संख्या 13 शमशेर नगर के बीएल, महिमाचंद्र राजपूत जिनकी 8 बीघा जमीन सूदखोरों ने हड़प ली, उनके उत्पीड़न से त्रस्त होकर महिमाचंद्र राजपूत ने अपनी जान दे दी। उनकी आत्मा की शान्ति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के महानगर अध्यक्ष शिवम पटेल, रामपाल सिंह यादव, विनीत परमार, शिवशंकर शर्मा, रजत कठेरिया, विपिन कुमार पाल, गौरव शेखर, राजन शर्मा, सत्येंद्र प्रताप सिंह, हेमंत दुबे, अनुराग यादव, अर्चित शर्मा, सुमित कश्यप, राजा मिश्रा, अमन तिवारी, प्रशांत सिंह, सुधीर यादव आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।


शिवदयाल चौरिया की जयंती मनाते सपाई

## माता कैला देवी की वर्षगांठ पर पूजन व भण्डारा आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कालेश्वर नाथ मंदिर बजरिया सालिगराम में माता कैलादेवी की सत्रहवीं वर्षगांठ 14 मार्च शनिवार को मनायी जायेगी। हवन पूजन के साथ छप्पन भोग व भण्डारे का आयोजन होगा। यह जानकारी आयोजक सुभाष चन्द्र गुप्ता ने दी है।

# डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम की त्रैमासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में शुक्रवार को डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम की त्रैमासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी स्टॉप डायरिया कैंपेन (डायरिया रोको अभियान) को लेकर तैयार की जा रहीं योजनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सर्वेश यादव ने डायरिया नियंत्रण व रोकथाम के लिए इस वित्तीय वर्ष में किये गए कार्यों को सराहा। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पी.एस.आई. इंडिया) और केनव्यू के सहयोग से यह बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक (डीसीपीएम) रणविजय सिंह ने इस वित्तीय वर्ष के दौरान डायरिया से डर नही कार्यक्रम के तहत आयोजित की गयीं। समस्त गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इन गतिविधियों के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर डायरिया को लेकर आई जागरूकता के बारे में भी बताया। बैठक में विद्यालय स्तर पर आयोजित की गयीं जागरूकता गतिविधियों, 80 शासकीय भवनों में डिजिटल दीवार लेखन तथा 497 फ्रंट लाइन वर्कर के अभिमुखीकरण के सम्बन्ध में भी अवगत कराया गया। बैठक में अर्बन हेल्थ कोआर्डिनेटर राजीव पाठक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चिकित्सा अधीक्षक, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक, ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक, आरओ, आईओ, हेल्थ पार्टनर्स, पी.एस.आई. इंडिया से अमरीश कुमार पाण्डेय व अनुपम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।


बैठक लेते एसीएमओ

## खबरें एक नजर में

### नवांगतुक प्रधानाध्यापकों/प्रभारी प्रधानाध्यापकों का हुआ स्वागत



**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई नकहा की ओर से बीआरसी नकहा पर नवांगतुक प्रधानाध्यापकों एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा तथा संयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीतू सिंह ने किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी शत्रुघन सरोज सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों व विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। मंच संचालन नीतू सिंह ने करते हुए नकहा विकास क्षेत्र की शैक्षिक परंपराओं पर प्रकाश डाला और स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस दौरान नवांगतुक प्रभारी प्रधानाध्यापकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सभी शिक्षकों ने अपना परिचय देते हुए विकास क्षेत्र नकहा के विद्यालयों को शैक्षिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में अग्रणी बनाने का संकल्प व्यक्त किया। बताया गया कि विकास क्षेत्र नकहा में 150 से अधिक छात्र संख्या वाले प्राथमिक विद्यालयों तथा 100 से अधिक छात्र संख्या वाले उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रभारी प्रधानाध्यापकों ने कार्यभार ग्रहण किया है। इनमें सुदूर विकास क्षेत्रों रमियाबेहड़, धौरहरा, ईसानगर और पलिया से भी शिक्षक शामिल हैं, जिनमें रमियाबेहड़ क्षेत्र से आने वाले शिक्षकों की संख्या सर्वाधिक रही। ब्लॉक अध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा ने कहा कि शिक्षक संघ हर स्तर पर शिक्षकों के सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी शत्रुघन सरोज ने शिक्षकों से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और ब्लॉक नकहा को शैक्षिक क्षेत्र में अग्रणी बनाए रखने का आह्वान किया।

### ब्रज की होली के रंगों में सराबोर....

अग्रवाल महिला संघ के आयोजन में रंग-गुलाल, फूलों की होली और प्रतियोगिताओं की धूम



**लखीमपुर खीरी।** होली के पावन पर्व पर अग्रवाल महिला संघ की ओर से फन मॉल के पास स्थित आशीर्वाद गार्डन में ब्रज की होली कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्रज की पारंपरिक होली की मनमोहक झलक देखने को मिली। रंग-गुलाल, फूलों की होली और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में प्रतिभागियों के मनोरंजन के लिए कई रोचक गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें पंक्चुअलिटी गेम, तंबोला, ग्रुप गेम्स और लकी ड्रॉ जैसे आयोजन शामिल रहे। इसके साथ ही गुजिया प्रतियोगिता और कॉमेडी एक्ट प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिनमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के परिणामों में पंक्चुअलिटी गेम की विजेता वर्षा अग्रवाल रहीं, जबकि ग्रुप गेम में मीता गर्ग ने बाजी मारी। गुजिया प्रतियोगिता में लता अग्रवाल, कविता अग्रवाल और खुशी अग्रवाल विजेता रहीं। वहीं कॉमेडी एक्ट प्रतियोगिता में डॉली अग्रवाल और नावशा, लता, कविता व सुनीता अग्रवाल की प्रस्तुति को विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम के दौरान फूलों की होली, नृत्य-संगीत और स्वादिष्ट व्यंजनों का भी सभी ने भरपूर आनंद लिया। पूरे आयोजन में रंग, संगीत और उत्साह का माहौल छाया रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संघ की अध्यक्ष राशि अग्रवाल, सचिव ऋतु अग्रवाल और कोषाध्यक्ष मीतिका गर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंच संचालन निधि और श्वेता अग्रवाल ने प्रभावी ढंग से किया। आयोजकों ने कहा कि सभी सदस्यों की उत्साही भागीदारी से यह उत्सव और भी रंगीन व यादगार बन गया।

### सपा ने मनाई बाबू शिव दयाल सिंह चौरसिया की जयंती



**मिर्जापुर।** बाबू शिव दयाल सिंह चौरसिया सामाजिक समानता के पुरजोर हिमायती और सच्चे समाज सेवक थे। यह बातें सपा जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी सपा जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने बाबू जी के चित्र पर पुष्पाति कर उनके ब्यक्तित्व व ऋतित्व की चर्चा की। श्री चौधरी ने कहा कि 13 मार्च 1903 को लखनऊ के खरिका गांव में जन्मे बाबू शिवदयाल सिंह चौरसिया ने जीवन पर्यन्त सामाजिक न्याय व समानता के लिए सार्थक प्रयास किए। समाज के उत्थान के लिए बाब जी के योगदान को सर्व समाज सैकडों साल तक याद रखेगा। वह चौरसिया समाज के साथ-साथ पिछडों एवं दलितों के भी महानायक थे। श्री देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि इतिहास जानने वाले ही इतिहास रचते हैं। इसलिए समुचित सामाजिक विकास के लिए शिक्षा व दीक्षा बहुत जरूरी है। इस अवसर पर आदर्श यादव, मुन्नी यादव, सुरेन्दर पटेल, शैलेष पटेल, झल्लू यादव,कौशिक कौनिजिया,रामप्यारे गोंड, प्रिंस राव, जेपी यादव, रवि सोनकर, मेवालाल प्रजापति, दीनानाथ प्रजापति, सुरेश यादव, रामजी यादव, धनंजय सिंह, सतीश मिश्रा, सौरभ पटेल, पतालू यादव, सुबाष पटेल, विरेन्दर यादव, आदि मौजूद रहे।

### सात हजार रूपये चोरी होने पर पीड़ित ने दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के चितावनपुर गांव निवासी धीरज कुमार ने गुरुवार की देर शाम हलिया थाने में तहरीर देकर साथ हजार रूपये चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है । दी गई तहरीर में बताया है की बीते 9 मार्च को ससुराल हलिया थाना क्षेत्र के रामपुर नौडिहवा होली मिलने अपनी पत्नी के साथ आया था होली मिलनकर वापस जाते समय शाम को 4 बजे अपने पत्नी व भतीजे आरस बाबू के साथ रहे थे की की बरम बाबा के गेट के पास बच्चे को शौच लग गई हम लोग पति पत्नी शौच करने लगे इसी बीच मेरा पर्स जो हमने अपने मोटर साइकिल सुपर स्पेलेंडर पर रखा था। जिसमें कुल सात हजार रूपये चोरी हो गया जिस पर पुलिस में पैसा चोरी होने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की पैसा चोरी होने पर पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### अनियंत्रित बोलेरो की टक्कर से बाइक चालक घायल



**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के हलिया गांव निवासी बाइक चालक तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो की टक्कर से घायल हो गया मौके पर पहुंचे राहगीर की सूचना पर पहुंचे परिजन घायल बाइक चालक को निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए जहां पर घायल का उपचार किया गया । हलिया गांव निवासी टुई लाल कोल पुत्र भग्गू कोल गुरुवार को किसी कार्य से प्रयागराज के कोराव थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ोखर गया था शाम को घर वापस लौटते समय बाइक चालक जैसे ही कोराव थाना क्षेत्र के संसारपुर जंगल में पहुंचा उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही दौरान तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक चालक घायल हो गया मौके पर पहुंचे एक राहगीर ने घायल बाइक चालक को उठाते हुए परिजनों को सूचित किया सूचना पर पहुंचे परिजनों द्वारा घायल को निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए । जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार के द्वारा घायल का उपचार किया गया चिकित्सक द्वारा युवक की स्थिति सामान्य बताई गई वहीं टक्कर मारने के बाद अज्ञात बोलेरो चालक वाहन लेकर फरार हो गया ।

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**जहानाबाद, पीलीभीत।** क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक ग्रामीण ने अपनी 20 वर्षीय पुत्री के बहला-फुसलाकर ले जाने की तहरीर थाना जहानाबाद में दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश और बरामदगी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। ग्रामीण ने रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ 11 मार्च को होली मिलने रिश्तेदारी में गए हुए थे। इस दौरान उनकी 20 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। तभी थाना माधोटांडा क्षेत्र के एक गांव के निवासी उसके साले का पुत्र रचित ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। घर लौटने पर जब पिता ने बेटी की तलाश की तो कहीं कोई सुराग नहीं मिला। काफी खोजबीन के बाद भी कोई जानकारी न मिलने पर उन्होंने थाने पहुंचकर पूरी घटना की लिखित तहरीर दी।थाना जहानाबाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी रचित के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम ने युवती की बरामदगी के लिए विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है या कोई अन्य वजह है।पुलिस ने परिवार से अपील की है कि वे शांत रहें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। युवती की सुरक्षित बरामदगी सुनिश्चित करने के लिए सघन प्रयास किए जा रहे हैं। मामले की जांच जारी है और जल्द ही कोई ठोस कार्रवाई होने की उम्मीद है।परिजन सदमे में हैं और बेटी की जल्द वापसी की दुआएं मांग रहे हैं।

# नगर पालिका की निष्पक्ष कार्रवाई: इंदिरा पार्क से हटे सभी होर्डिंग

- भाजपा जिला अध्यक्ष की होर्डिंग हटते ही सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

इंदिरा पार्क के चारों ओर लगे राजनीतिक दलों और निजी संस्थानों के सभी होर्डिंग्स को नगर पालिका गोला ने एक समान कार्रवाई करते हुए हटवा दिया। हालांकि भाजपा जिला अध्यक्ष के सम्मान में लगा होर्डिंग हटते ही सोशल मीडिया पर इसे लेकर विरोध और बहस का दौर शुरू हो गया। सदर अशोक चौराहा स्थित इंदिरा पार्क के चारों ओर पिछले कुछ दिनों से बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और निजी संस्थानों के बड़े-बड़े होर्डिंग्स और बैनर लगा दिए गए थे। सार्वजनिक स्थल के चारों ओर इस तरह अव्यवस्थित तरीके से लगाए गए होर्डिंग्स को लेकर शहर में चर्चा का माहौल बना हुआ था। इसी क्रम में नगर पालिका प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए पार्क के चारों ओर लगे सभी होर्डिंग्स को हटवा दिया।

नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर पार्क के चारों ओर लगे लगभग सभी बैनर और होर्डिंग्स को एक समान तरीके से हटवा दिया। इस कार्रवाई में किसी एक व्यक्ति या संगठन को लक्ष्य नहीं बनाया गया, बल्कि वहां लगे सभी होर्डिंग्स को हटाया गया। इनमें विभिन्न राजनीतिक दलों के बैनर, निजी संस्थाओं के होर्डिंग्स और हाल ही में लखीमपुर खीरी के भाजपा जिला अध्यक्ष बनाए गए अरविंद गुप्ता के सम्मान में लगाया गया होर्डिंग भी शामिल था।



नगर पालिका की इस कार्रवाई के बाद पार्क का क्षेत्र पहले की तुलना में काफी साफ और व्यवस्थित नजर आने लगा है। हालांकि भाजपा जिला अध्यक्ष के सम्मान में लगे होर्डिंग के हटते ही सोशल मीडिया पर इसको लेकर बहस छिड़ गई। कुछ लोगों ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए नगर पालिका की कार्रवाई पर सवाल उठाने शुरू कर दिए, जबकि कई लोगों ने इसे प्रशासन की निष्पक्ष कार्रवाई बताते हुए समर्थन भी किया।

नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई पूरी तरह नियमों के तहत और सार्वजनिक स्थल की गरिमा को ध्यान में रखते हुए की गई है। पार्क के चारों ओर जो भी होर्डिंग्स लगाए गए थे, उन्हें एक समान तरीके से हटाया गया है और इसमें किसी भी व्यक्ति या दल के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' ने बताया कि इंदिरा पार्क के आसपास बड़ी संख्या में होर्डिंग्स लगा दिए गए थे, जिससे पार्क का स्वरूप प्रभावित हो रहा था। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी के कुछ पदाधिकारीयो द्वारा होल्डिंग्स लगे होने के कारण पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की प्रतिमा के ओझल हो जाने को लेकर शिकायत मिलने के बाद नगर पालिका प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वहां लगे सभी होर्डिंग्स को हटवा दिया। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई नगर पालिका की नवागत अधिशासी अधिकारी आईएएस मनीषा धारवे के नेतृत्व में की गई है। नगर पालिका प्रशासन नगर को व्यवस्थित बनाने और सार्वजनिक स्थलों की गरिमा बनाए रखने के लिए लगातार अभियान चला रहा है और आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रहेगी। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि अधिशासी अधिकारी मनीषा धारवे द्वारा नगर में कई अन्य बड़े कार्यों की भी योजना बनाई जा रही है। इनमें विश्वकर्मा चौराहा पर अतिक्रमण हटाने जैसी कार्रवाई भी प्रस्तावित है, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके और शहर में बढ़ रही अव्यवस्था को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित और अतिक्रमण मुक्त बनाना है। इसी दिशा में आने वाले समय में भी इस तरह के अभियान चलाए जाएंगे, जिससे सार्वजनिक स्थलों पर अव्यवस्थित तरीके से लगाए गए होर्डिंग्स, बैनर और अन्य अतिक्रमणों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। नगर पालिका की इस कार्रवाई के बाद जहां एक ओर पार्क का क्षेत्र साफ-सुथरा नजर आने लगा है, वहीं दूसरी ओर भाजपा जिला अध्यक्ष के सम्मान में लगे होर्डिंग के हटने को लेकर सोशल मीडिया पर शुरू हुई बहस अभी भी शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में दो छात्र-छात्राओं का चयन

- सेंट जॉन स्कूल के छात्र वंश सिंह व एसजीएनडी पब्लिक स्कूल की छात्रा रीवा श्रीवास्तव को मिला मौका
- मॉडल निर्माण के लिए मिलेंगे 10-10 हजार रुपये

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की प्रतिष्ठित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना सत्र 2025-26 के अंतर्गत जनपद खीरी के दो होनहार विद्यार्थियों का चयन उनके नवाचार आधारित विचारों के लिए हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में सेंट जॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पंजाबी कॉलोनी गोला के छात्र वंश सिंह तथा श्री गुरु नानक देव पब्लिक स्कूल, बांसी अलीगंज की छात्रा रीवा श्रीवास्तव शामिल हैं। दोनों विद्यार्थियों के चयन से विद्यालयों में खुशी का माहौल है। चयन के बाद दोनों विद्यार्थियों को अपने नवाचार को मॉडल के रूप में विकसित करने के लिए भारत सरकार की ओर से 10-10 हजार रुपये की प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की जाएगी।



श्री गुरु नानक देव पब्लिक स्कूल, बांसी अलीगंज की कक्षा 10 की छात्रा रीवा श्रीवास्तव, जो कि रवि प्रकाश श्रीवास्तव की पुत्री हैं, का भी चयन उनके नवाचार आधारित विचार के लिए हुआ है। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम सक्सेना ने छात्रा की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि रीवा की सफलता विद्यालय के लिए गर्व की बात है। वहीं विद्यालय के मैनेजर देवेंद्र सिंह ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे होनहार विद्यार्थियों की उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।



सेंट जॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पंजाबी कॉलोनी गोला के कक्षा 9 के छात्र वंश सिंह, जो कि अनिल कुमार के पुत्र हैं, ने अपने अभिनव और रचनात्मक विचार के माध्यम से इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर अनूप टिर्की ने छात्र की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वंश की सफलता विद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को विज्ञान, नवाचार और रचनात्मक गतिविधियों के लिए लगातार प्रेरित किया जाता है, जिससे बच्चों की प्रतिभा निखरकर सामने आती है।

# कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर युवती ने की आत्महत्या

- शादी तय होने के बाद हुई घटना

**मितौली खीरी।** थाना मितौली क्षेत्र के ग्राम कस्ता रतहरा में एक युवती ने घर के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्राम कस्ता रतहरा निवासी रामसागर रेदास की पुत्री ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह जब घर के लोग रोज की तरह उठकर अपने-अपने काम में लग गए तो काफी देर तक युवती के कमरे से कोई हलचल नहीं हुई। इस पर उसकी मां कमरे में देखने पहुंची तो युवती को फंदे से लटका देख चीख पड़ी। आवाज सुनकर अन्य परिजन और आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना थाना मितौली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। बताया जा रहा है कि युवती की शादी तय हो चुकी थी और कुछ दिन पहले ही उसकी गोद भराई (रोक्का) की रस्म भी संपन्न हुई थी। ऐसे में अचानक हुई इस घटना से परिवार और गांव में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# गैस संकट के बीच इंडक्शन चूल्हों की बढ़ी मांग, लखीमपुर खीरी में लोग तलाश रहे विकल्प

- सीओ गोला रमेश कुमार तिवारी व कोतवाली प्रभारी विनोद सिंह ने एजेंसियों का दौरा कर लिया आपूर्ति व्यवस्था का जायजा
- एजेंसी प्रबंधकों को उपभोक्ताओं के साथ समन्वय बनाकर गैस वितरण सुचारू रखने के निर्देश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में इन दिनों रसोई गैस की किल्लत आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है। गैस एजेंसियों पर सुबह से ही लंबी कतारें लग रही हैं और कई उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार के बाद भी सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि कई जगहों पर भीड़ और अफरातफरी का माहौल भी देखने को मिल रहा है। गैस की अनियमित आपूर्ति से परेशान लोग अब रसोई चलाने के लिए वैकल्पिक साधनों की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं।

गैस संकट का सीधा असर जिले के इलेक्ट्रॉनिक बाजारों में दिखाई दे रहा है। पिछले तीन-चार दिनों में इंडक्शन चूल्हों की बिक्री में अचानक तेज उछाल आया है। शहर से लेकर कस्बों तक इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर इंडक्शन खरीदने वालों की भीड़ बढ़ने लगी है। कई लोग इसे गैस का अस्थायी विकल्प तो कुछ लोग स्थायी बैकअप के रूप में खरीद रहे हैं। जिले के गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र में भी हालात कुछ ऐसे ही बने हुए हैं। यहां गैस एजेंसियों पर बढ़ती भीड़ और उपभोक्ताओं की परेशानी को देखते हुए शुक्रवार दोपहर प्रशासनिक अधिकारी भी सक्रिय नजर आए। सीओ गोला रमेश कुमार तिवारी और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह ने क्षेत्र की विभिन्न गैस एजेंसियों का दौरा कर गैस आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने एजेंसी प्रबंधकों से वितरण व्यवस्था की जानकारी ली और उपभोक्ताओं के साथ समन्वय बनाकर गैस वितरण को सुचारु रखने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी कहा गया कि भीड़ को नियंत्रित रखते हुए उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी न होने दी जाए।

इधर, गैस की अनिश्चित आपूर्ति के चलते बाजार में इंडक्शन चूल्हों की मांग तेजी से बढ़ रही है।



गोला कस्बे में मोहम्मदी रोड स्थित 30 वर्ष से संचालित पवन म्यूजिक पैलेस के प्रोपराइटर पवन वर्मा ने बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से इंडक्शन चूल्हों की बिक्री में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। उनके अनुसार सुबह से शाम तक लगातार ग्राहक इंडक्शन खरीदने के लिए दुकान पर पहुंच रहे हैं और कई बार स्टॉक भी कम पड़ जाता है। पवन वर्मा का कहना है कि इंडक्शन खरीदने वालों में समाज के लगभग सभी वर्ग के लोग शामिल हैं। अमीर-गरीब, व्यापारी, वकील, डॉक्टर, बैंक मैनेजर से लेकर आम नौकरीपेशा लोग भी इंडक्शन खरीद रहे हैं। कई ग्राहक ऐसे भी हैं जो पहले कभी इंडक्शन का इस्तेमाल नहीं करते थे, लेकिन गैस की समस्या को देखते हुए अब इसे घर में बैकअप के रूप में रखना जरूरी समझ रहे हैं ताकि रसोई का काम बाधित न हो। ऐसी स्थिति में इंडक्शन की पूर्ति करना भी मुश्किल हो रहा है। व्यापारियों का मानना है कि यदि गैस सिलेंडर की समस्या जल्द नहीं सुलझी तो आने वाले दिनों में इंडक्शन चूल्हों की मांग और बढ़ सकती है। फिलहाल लखीमपुर खीरी में गैस संकट ने जहां उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है, वहीं इंडक्शन चूल्हा लोगों के लिए राहत का एक नया सहारा बनकर उभर रहा है। बाजार में इसकी बिक्री लगातार बढ़ती नजर आ रही है और लोग इसे गैस संकट से निपटने का आसान विकल्प मान रहे हैं।

# एलपीजी गैस सिलिंडर को लेकर सपा ने किया हल्ला बोल प्रदर्शन

- गैस को लेकर जनता परेशान: देवी प्रसाद चौधरी



**मिर्जापुर।** एलपीजी गैस सिलिंडर को लेकर जिले में हुई किल्लत पर शुक्रवार को सपा ने हल्ला बोल प्रदर्शन किया। सपा जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में नेताओं व पदाधिकारियों ने हाथों में गैस सिलिंडर को लेकर प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह को ज्ञापन सौंपकर किल्लत दूर करने की मांग की। ज्ञापन में जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि पूरे देश में एलपीजी गैस सिलिंडर की किल्लत है, जिसकी वजह से जिले की जनता बहुत परेशान है। गैस की किल्लत से जनता को सही समय पर बुकिंग के बाद भी गैस नहीं मिल पा रही है, जिसकी वजह से रसोई पर गहरा असर देखा जा रहा है। रमजान जैसा पवित्र महीना और शादी व भंडारे का भी समय चल रहा है। बहुत लोगों ने शादियों की तारीख तय कर ली है। उनके सामने गैस का बहुत बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इस अवसर पर आदर्श यादव, मुन्नी यादव, सुरेन्दर पटेल, सतीश मिश्रा, शैलेष पटेल, झल्लू यादव, कौशिक कौनिजिया, रामप्यारे गोंड आदि मौजूद रहे।

# हलिया क्षेत्र में गैस की भारी किल्लत, उपभोक्ता परेशान

- शादी-विवाह व तेरही जैसे कार्यक्रमों के बीच गैस सिलेंडर के लिए भटक रहे लोग

**हलिया, मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज़।**



खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के प्रभाव का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी दिखाई देने लगा है। हलिया और लालगंज क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस की भारी किल्लत से उपभोक्ता काफी परेशान हैं। हालात यह हैं कि लोग गैस सिलेंडर पाने के लिए एजेंसियों और बाजारों का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। लेकिन समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। बताया जा रहा है कि गैस की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण क्षेत्र में कई दिनों से सिलेंडरों की कमी बनी हुई है। सबसे ज्यादा परेशानी उन परिवारों को हो रही है जिनके यहां इस समय शादी-विवाह तेरही या अन्य मांगलिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। ऐसे परिवारों को भोजन बनाने के लिए अतिरिक्त गैस सिलेंडर की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन गैस की उपलब्धता न होने से वे काफी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। स्थानीय उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस संबंध में संबंध में भारत गैस एजेंसी हलिया के डिस्ट्रीब्यूटर प्रेम शंकर सिंह ने बताया कि गैस बुकिंग और ओ टी पी के आधार पर उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिया जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है। क्योंकि इस समय शादी-विवाह का मौसम चल रहा है और अधिकांश घरों में कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। जोनल मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी लालगंज महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि लोग अफवाहों के चक्कर में न पड़ें। जरुरत के अनुसार हर उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति की जाएगी। सिलेंडर वितरक मंटू सिंह कहा कि 150 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के लिए बुकिंग की गई है जैसे ही डिपो से डिलेबरी मिलती है उपभोक्ताओं को वितरित कर दिया जाएगा।

### सिलेंडर के लिए मचा हाहाकार

चूल्हे पर रसोई बनाने को मजबूर हुए उपभोक्ता, कई दुकानदारों की दुकानें बंद



**महराजगंज।** जनपद महराजगंज में इन दिनों गैस सिलेंडर की भारी किल्लत से आम उपभोक्ता परेशान हो उठे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि लोगों को सुबह से शाम तक गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारों में खड़े रहने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। गैस की कमी से नाराज़ उपभोक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और एजेंसियों पर अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। गैस सिलेंडर न मिलने की वजह से शहर से लेकर गांवों तक के लोग एक बार फिर पुराने दौर की तरह चूल्हा जलाकर भोजन बनाने को मजबूर हो गए हैं। लकड़ी और उपले से खाना बनाने की मजबूरी ने महिलाओं की परेशानियां और बढ़ा दी हैं। कई परिवारों का कहना है कि गैस खत्म होने के बाद उन्हें दो-तीन दिनों से चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर गैस की किल्लत का असर छोटे व्यापारियों और दुकानदारों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। होटल, ढाबा और चाय-नाश्ते की दुकानों सहित कई छोटे व्यवसाय गैस सिलेंडर के अभाव में बंद हो गए हैं। दुकानदारों का कहना है कि गैस न मिलने से उनका कारोबार ठप पड़ गया है और रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कई परिवारों का कहना है कि यदि जल्द ही गैस की नियमित आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस की आपूर्ति जल्द से जल्द सुचारू कराई जाए और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके। लोगों का कहना है कि यदि गैस की कमी इसी तरह बनी रही तो अन्न होते हुए भी लोग भूखे रहने को मजबूर हो।

# गैस किल्लत व कालाबाजारी के विरोध में सपा का जोरदार प्रदर्शन

- प्रदर्शन के दौरान सिलेंडर लेकर कलक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ता

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में रसोई गैस और व्यवसायिक गैस की लगातार बढ़ती किल्लत तथा कालाबाजारी के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का आक्रोश खुलकर सामने आया। जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय से कलक्ट्रेट तक गैस सिलेंडर लेकर जोरदार जुलूस निकाला और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को चेताते हुए राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। सपा जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव ने आरोप लगाया कि जिले में गैस आपूर्ति की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। आम उपभोक्ताओं को समय पर रसोई गैस नहीं मिल रही है, जिससे हजारों परिवारों के सामने खाना बनाने की समस्या खड़ी हो गई है और कई घरों में चूल्हे ठंडे पड़ने की नौबत आ गई है। उन्होंने कहा कि केवल घरेलू उपभोक्ता ही नहीं, बल्कि व्यवसायिक गैस की कमी के कारण जिले के कई ढाबों, होटलों और छोटी-बड़ी दुकानों का संचालन भी प्रभावित हो रहा है। इससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और आम जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सपा नेताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार गैस की कमी नहीं होने का दावा कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। जिले में उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है और कई जगहों पर कालाबाजारी की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही हैं। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि जिले में गैस आपूर्ति व्यवस्था को तुरंत सुचारू किया जाए, गैस की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद निर्धारित समय के भीतर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए और गैस एजेंसियों की मनमानी पर सख्ती से रोक लगाई जाए। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव, जिला उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव उर्फ लाला यादव, बिद्रेश कनौजिया, विजय यादव, श्रवण पटेल, सुमन ओझा, भाई रामलाल यादव, लल्ला गुप्ता, सतीश यादव, प्रदीप कृष्ण त्रिपाठी, नौशाद आलम, अर्जुन यादव, शत्रुधन कन्नौजिया, ओम प्रकाश यादव, समसूल हुदा खान, गुड्डू यादव, पूर्व विधायक श्रीपाद आजाद, मक्खू प्रसाद, अमरनाथ यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राहुल शर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।